राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्ष: 09 अंक: 93 पृष्ठ: 12 RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com **हरियाणा संस्करण** दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने गुरुवार को राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ ली।

## आदर्श विचार



"जो होने वाला हैं वो होकर ही रहता है, और जो नहीं होने वाला वह कभी नहीं होता।"
-भागवद गीता

## मन की बात



"संगति आप को ऊंचा उठा भी सकती है और यह आप की ऊंचाई से गिरा भी सकती है।"
-स्वामी विवेकानंद

## तीसरी आंख




### चंद्रशेखर को मिली गोली मारने की धमकी

टीम एक्शन इंडिया

**सहारनपुर:** उत्तर प्रदेश की नगीना सीट से लोकसभा चुनाव लड़ रहे भीम आर्मी प्रमुख एवं आजाद समाज पार्टी के संस्थापक चंद्रशेखर को गोली मारने की धमकी दी गई है। मामले की शिकायत लेकर आसपा जिला अध्यक्ष करणवीर सिंहशाहिद के दर्शन कार्यकर्ता एसपी से मिलने पुलिस लाइन पहुंचे।

# लालू के जंगलराज से निकला बिहार: मोदी

## = नौकरी के नाम पर गरीबों की जमीन ले लेते थे, रोड नहीं बनने देते थे: पीएम मोदी

**साधा निशाना**

8 यह घमंडिया गठबंधन की सरकार होती तो क्या आपके खाते में सीधे पैसे भेजने की योजना बनती क्या?

टीम एक्शन इंडिया

**पटना:** "आज बिहार के 85 लाख से ज्यादा किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि का लाभ मिल रहा है। जमुई में ही किसानों को इस योजना के तहत 850 करोड़ रुपये से अधिक उनके बैंक खाते में पहुंचे हैं। यह घमंडिया गठबंधन की सरकार होती तो क्या आपके खाते में सीधे पैसे भेजने की योजना बनती क्या? यह लोग आपके पैसे लूट लेते और आपसे हस्ताक्षर करवा लेते कि पैसा मिल गया है। एक-दूसरे को जेल में बंद करने की मांग करने वाले आपको डरा रहे हैं कि मोदी आया....! भ्रष्टाचारी कान खोलकर सुन लें, यह मोदी नहीं आया। 140 करोड़ देशवासियों का गुस्सा निकल कर आया है।" प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इन शब्दों के साथ राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव के बेटे तेजस्वी यादव को सीधा जवाब दिया। उन्होंने कहा कि उनके समय गरीबों को नौकरी देने के नाम पर जमीन लिखवा ली जाती थी। नीतीश जी भी रेल मंत्री थे, उनपर तो कभी ऐसा दाग नहीं लगा। जिनकी पहचान अपहरण उद्योग की रही, वह सड़क नहीं बनने देते थे। वह बिहार को लालटेन युग में रखना चाहते हैं, जबकि हम नीतीश कुमार के साथ रहकर बिहार में सड़क और हाइवे बना रहे हैं।

**जंगलराज से राम मंदिर तक की बात की:** प्रधानमंत्री मोदी ने बिहार में जंगलराज से लेकर राम मंदिर तक की बात की। उन्होंने कहा कि जंगलराज में बेटियां बाहर नहीं निकल पाती थीं। उठा ली जाती थीं। कुछ भी अच्छा नहीं होने दिया जाता था। अपहरण ही उद्योग था।



### संदेशखाली को लेकर ममता पर बरसे पीएम

टीम एक्शन इंडिया

**कोलकाता:** बंगाल के संदेशखाली में महिलाओं पर हुए अत्याचार को लेकर आज पीएम मोदी ने ममता सरकार पर हमला बोला है। बंगाल के कूच बिहार में अपनी पहली रैली को संबोधित करते हुए पीएम ने कहा कि बंगाल में बीजेपी ही माताओं-बहनों पर होने वाले अत्याचार को रोक सकती है।

**टीएमसी सरकार संदेशखाली के गुनहगारों के साथ:** पीएम ने आगे कहा कि बंगाल समेत पूरे देश ने देखा है कि कैसे टीएमसी सरकार ने संदेशखाली के गुनहगारों को बचाने के लिए पूरी ताकत लगा दी थी। उन्होंने कहा कि संदेशखाली की महिलाओं के साथ जो हुआ, वो टीएमसी के अत्याचार की पराकाष्ठा है।

**दुनिया बोल रही... मोदी कड़े और बड़े फैसले लेने वाला नेता:** रैली में पीएम ने कहा कि आजादी के बाद हमारे देश में सात दशक तक लोगों ने केंद्र सरकार में सिर्फ कांग्रेस का मॉडल देखा। अब पहली बार देश ने बीते 10 साल में पूर्ण बहुमत वाली बीजेपी सरकार का विकास मॉडल देखा है। आज दुनिया कहती है कि मोदी मजबूत नेता है, मोदी कड़े और बड़े फैसले लेने वाला नेता है।

**ममता को इस कारण दिया धन्यवाद:** पीएम ने इस बीच ममता बनर्जी पर कटाक्ष भी किया। पीएम ने कहा, मैं ममता दीदी को धन्यवाद देना चाहता हूं क्योंकि 2019 में जब मैं यहां आया तो उन्होंने मेरी रैली में बाधा उत्पन्न की। मैंने उनसे कहा था कि जनता मेरा बदला लेगी, लेकिन आज उन्होंने ऐसा कुछ करने की कोशिश नहीं की और मुझे आप लोगों से मिलने दिया।

### 10 साल में जो विकास हुआ वह बस ट्रेलर: मोदी

उत्तर बंगाल के कूचबिहार के रासमेलार मैदान में सभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने बांग्ला में कहा कि आमी बोली भ्रष्टाचार हाटाओ, ओरा बोले भ्रष्टाचारी बाचाओ (मैं कहता हूं भ्रष्टाचार हटाओ, वो कहते हैं भ्रष्टाचारी बचाओ)। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले 10 साल में जो विकास हुआ वह बस ट्रेलर है। अभी तो मुझे बहुत काम करना है। हिंदुस्तान के हर इलाके में विकास हुआ। हर परिवार तक उसका लाभ पहुंचा। पीएम ने कहा कि बंगाल के लोगों को मुफ्त राशन मिल रहा, क्योंकि मोदी ने इसकी गारंटी दी थी। यहां के 40 लाख लोगों को पक्का मकान मिला, क्योंकि यह मोदी की गारंटी थी। दस साल में जो विकास हुआ, उसकी लंबी लिस्ट है। मेरे विरोधी कहते हैं कि मोदी का कोई परिवार नहीं है। अरे, मोदी के लिए तो मेरा भारत मेरा परिवार है। आप मुझे बताइए कि आप मेरा परिवार हैं कि नहीं। मोदी ने बांग्ला में कहा कि आमार भारत आमार परिवार।

### 'अब बिहार में दंगे नहीं होते, इसलिए भटकना नहीं: सीएम

टीम एक्शन इंडिया



**पटना:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लोकसभा चुनाव 2024 का आगाज करने जमुई पहुंचे। इस मौके पर वहां मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और चिराग पासवान के साथ साथ कई बड़े बड़े चेहरे भी वहां मौजूद थे। इस मौके पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राष्ट्रीय जनता दल पर जमकर हमला किये। उन्होंने राजद सरकार के जमाने को भी याद कराया। इस दौरान उन्होंने कहा कि उस समय कितने दंगे होते थे, याद कीजिए। उन्होंने 2005 के पहले के बिहार की याद दिलाई और आह्वान किया कि 2024 के चुनाव में एनडीए को हर सीट पर जिताएं। सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि जननायक कपूर्री ठाकुर को आपने भारत रत्न दे दिया। इसके लिए हमलोग लगातार मांग कर रहे थे। मैं आपका स्वागत करता हूं। 2005 से पहले शाम में कोई घर से बाहर नहीं निकल पाता था। आज वह लोग बहुत बातें कर रहे हैं। 15 साल तक उनलोगों को मौका मिला लेकिन क्या किया। 2005 के बाद हमलोग आए तो शाम और रात में लड़का और लड़की घर से बाहर निकालते हैं। तेजस्वी पर निशाना साधते हुए कहा कि हमलोगों के काम को अपना काम बता रहा है। हम कुछ दिन के लिए साथ क्या गए सारे काम को अपना बताने लगा। अब हम हमेशा के लिए इधर (एनडीए) आ गए हैं। सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि हमलोगों ने कितना काम किया। 2005 से पहले हिन्दू-मुस्लिम का झगड़ा होता था। मुस्लिम समुदाय से अपील है कि भूलियेगा मत। हमलोग झगड़ा नहीं होने देंगे। फिर उनलोगों को वोट दीजिएगा तो झगड़ा शुरू करवा देगा।

### 'चिराग पासवान रामविलास के विचारों को पूरी गंभीरता से आगे बढ़ा रहे'

टीम एक्शन इंडिया

**जमुई/पटना:** जमुई के खैरा प्रखंड स्थित बल्लोपुर की धरा से गुरुवार को बिहार में चुनावी शंखनाद करने पहुंचे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने संबोधन के दौरान चिराग पासवान को छोटा भाई कहा। अपने संबोधन के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिवंगत पूर्व केंद्रीय मंत्री को याद किया और कहा कि पहला चुनाव है कि बिहार के बेटे गरीबों व दलितों के मसीहा रामविलास पासवान हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन संतोष है कि पुत्र और मेरे छोटे भाई चिराग पासवान रामविलास जी के विचारों को पूरी



गंभीरता से आगे बढ़ा रहे हैं। सभा में पहुंची भीड़ से मोदी ने कहा कि आपका एक-एक वोट रामविलास जी के संकल्प को मजबूती देगा।

चिराग पासवान ने भी एक्स अकाउंट पर प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया। उन्होंने लिखा, जमुई की पावन और ऐतिहासिक धरा पर देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विशाल जनसभा को संबोधित किया और ठऊ्र प्रत्याशी अरुण भारती को जिताने की अपील की। उन्होंने आगे लिखा- मैंने भी प्रधानमंत्री जी के साथ मंच साझा किया। ये हमारे लिए भावनात्मक पल था, क्योंकि पिछली बार साल 2019 में जब प्रधानमंत्री जी जमुई आए थे तो मेरे नेता और पिता श्रद्धेय रामविलास पासवान जी भी मौजूद थे।

## सीएम केजरीवाल का आप विधायकों को संदेश

**पत्र से संदेश**

8 मैं जेल में हूं इस वजह से मेरे किसी दिल्लीवासी को किसी तरह की तकलीफ नहीं होनी चाहिए: सुनीता

टीम एक्शन इंडिया

**नई दिल्ली:** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता ने उनका जेल से भेजा हुआ संदेश पढ़कर सुनाया। सुनीता ने जेल से भेजा गया पत्र पढ़ते हुए कहा कि आपके केजरीवाल ने जेल से सभी विधायकों के लिए संदेश भेजा। सुनीता ने बताया कि सीएम केजरीवाल ने कहा, मैं जेल



में हूं इस वजह से मेरे किसी दिल्लीवासी को किसी तरह की तकलीफ नहीं होनी चाहिए। सभी विधायक हर दिन अपनी विधानसभा में जाएं और इलाकों का दौरा करें। लोगों की समस्याओं का हल करें। मैं केवल सरकारी विभागों से जुड़ी समस्याओं का समाधान करने की बात नहीं कर रहा, हमें लोगों की बाकी समस्याएं भी दूर करनी हैं। दिल्ली की दो करोड़ जनता मेरा परिवार है। उन्होंने कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए।'उधर, जेल से बाहर आने के बाद आप सांसद संजय सिंह अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल से मुख्यमंत्री आवास पर मिलने पहुंचे। जहां उन्होंने मुलाकात की। आप सांसद की रिहाई पर खुशी जताते हुए सुनीता ने कहा है कि जल्द ही सीएम अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन को भी न्याय मिलेगा। राज्यसभा सांसद संजय सिंह तिहाड़ जेल से 181 दिन बाद बाहर आ गए। उन्हें बुधवार रात साढ़े आठ बजे रिहा किया गया। शाम को अदालत का आदेश जेल प्रशासन को प्राप्त हुआ और करीब एक घंटे की कागजी कार्रवाई के बाद उन्हें रिहा कर दिया गया।

### राष्ट्रपति ने लॉन्च की पहली स्वदेशी कारटीसेल थेरेपी

टीम एक्शन इंडिया

**नई दिल्ली:** कैंसर वैश्विक स्तर पर तेजी से बढ़ती गंभीर बीमारी है, जिसका जोखिम साल-दर साल बढ़ता देखा जा रहा है। पवई स्थित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) बॉम्बे में आयोजित एक कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को कैंसर के इलाज के लिए स्वदेशी रूप से विकसित सीएआर टी-सेल थेरेपी की शुरूआत की। आईआईटी बॉम्बे और टाटा मेमोरियल सेंटर द्वारा विकसित यह जीन-आधारित थेरेपी विभिन्न प्रकार के कैंसर को ठीक करने में मदद करेगी।

## गुलाम कश्मीर पर भारत का रुख किसी एक पक्ष का नहीं: एस. जयशंकर

टीम एक्शन इंडिया

**तिरुवनंतपुरम:** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भारत के रुख की पुष्टि करते हुए कहा कि पाकिस्तान के कब्जे वाला 'गुलाम कश्मीर' भारत का अभिन्न अंग है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने गुरुवार को कहा कि 'गुलाम कश्मीर' पर भारत का यह रुख किसी एक पक्ष का नहीं बल्कि पूरे देश का है। उन्होंने आगे कहा कि पाकिस्तान को लेकर मुख्य चिंता आतंकवाद को लेकर है, और अगर कुछ भी अनियंत्रित हुआ तो उसका कड़ा जवाब दिया



जाएगा। जयशंकर ने गुरुवार को तिरुवनंतपुरम में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, "गुलाम कश्मीर के मुद्दे पर एक राष्ट्रीय स्थिति है न कि पार्टी की स्थिति। भारत की संसद ने एकजुट रुख अपनाया है और देश के हर राजनीतिक दल ने उस रुख का समर्थन किया है। हम यह कभी स्वीकार नहीं करेंगे कि गुलाम कश्मीर इसका हिस्सा नहीं है। भारत का यह एकजुट रुख है, यह हमारा रुख है।" उन्होंने कहा, "पाकिस्तान के लिए केंद्रीय मुद्दा आतंकवाद है और आतंकवाद के मुद्दे पर हम एक पार्टी और सरकार के रूप में बहुत स्पष्ट हैं कि हम आतंकवाद को नजरअंदाज नहीं करेंगे और जब आतंकवाद होगा तो नजरें नहीं फेरेंगे।

## नई पीढ़ी की बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि प्राइम का हुआ सफल परीक्षण

टीम एक्शन इंडिया



**नई दिल्ली:** सामरिक बल कमान ने डीआरडीओ के साथ मिलकर कल (बुधवार) शाम लगभग 7:00 बजे ओडिशा के तट पर डॉ एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से नई पीढ़ी की बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि-प्राइम का सफल उड़ान परीक्षण किया।

रक्षा मंत्रालय ने इस परीक्षण की पुष्टि की। इस लॉन्च के मौके पर चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान, स्ट्रैटजिक फोर्सेज कमांड के प्रमुख और डीआरडीओ और भारतीय सेना के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सफल परीक्षण के लिए डीआरडीओ, एसएफसी और सशस्त्र बलों को बधाई दी है।

## कांग्रेस में इस्तीफों की लगी झड़ी, संजय निरुपम का इस्तीफा

टीम एक्शन इंडिया

**मुंबई:** पूर्व सांसद संजय निरुपम ने गुरुवार को पार्टी से निकाले जाने को लेकर कांग्रेस नेतृत्व पर कटाक्ष किया। उन्होंने दावा किया कि पार्टी ने ऐसा उनकी ओर से अपना इस्तीफा भेजने के बाद किया गया। पार्टी को कार्रवाई के लिए ए-4 साइज का पेपर बर्बाद करने की जरूरत नहीं थी। इससे पहले अनुशासनहीनता और पार्टी विरोधी बयानों की शिकायतों के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बुधवार देर शाम निरुपम को तत्काल प्रभाव से छह साल के



लिए पार्टी से निष्कासित करने का फैसला किया था। इसके बाद गुरुवार सुबह मुंबई कांग्रेस के पूर्व प्रमुख निरुपम ने एक्स पर कहा, 'ऐसा लगता है कि कल रात मेरा इस्तीफा पत्र मिलने के तुरंत बाद

**पार्टी पर तंज**

8 कांग्रेस से इस्तीफे के बाद निष्कासन, बेवजह ए-4 साइज पेपर बर्बाद किया: संजय निरूपम

उन्होंने मेरा निष्कासन जारी करने का फैसला किया। ऐसी तत्परता देखकर अच्छा लगा। इससे पहले खरगे को लिखे पत्र में निरुपम ने कहा था कि मैंने आखिरकार आपकी बहुप्रतीक्षित इच्छा को पूरा करने का फैसला किया है। मैं एलान करता हूं कि मैं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे रहा हूं।

**संजय निरुपम ने प्रेस कॉन्फ्रेस कर कांग्रेस को घेरा:** संजय निरुपम ने प्रेस कॉन्फ्रेस कर कांग्रेस आलाकमान पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि मैंने कल एक घोषणा की और लगभग 10:40 बजे मल्लिकार्जुन खरगे को अपना इस्तीफा भेज दिया। कांग्रेस पार्टी पूरी तरह से बिखरी हुई पार्टी है।

## 'अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न अंग था, है और रहेगा'

टीम एक्शन इंडिया

**नई दिल्ली:** अरुणाचल प्रदेश में 30 स्थानों का नाम बदलने के चीन के प्रयास को भारत सरकार सिरे से खारिज कर चुकी है। विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को कहा कि नाम बदलने के प्रयास से इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा है और रहेगा। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, "हमने इस मुद्दे पर बार-बार बात की है। हमने पिछले कुछ हफ्तों में कुछ बयान दिए हैं। हमने अपना बयान दोहराया है... कुछ नाम लेकर आप वास्तविकता को मत बदलो। वास्तविकता यही है, अरुणाचल प्रदेश भारत का एक अभिन्न, अविभाज्य हिस्सा है और यह वैसा ही रहेगा।"बता दें कि अरुणाचल प्रदेश पर अपना दावा पेश करने के साथ चीन ने भारतीय राज्य में विभिन्न स्थानों के 30 नए नामों की चौथी सूची जारी की थी। जिसके बाद भारत ने कहा कि यह राज्य देश का अभिन्न अंग है और काल्पनिक नाम रख देने से इस वास्तविकता में कोई बदलाव नहीं आएगा। 23 मार्च को विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अरुणाचल प्रदेश पर चीन के बार-बार के दावों को हास्यास्पद बताते हुए खारिज कर दिया था। विदेश मंत्री ने कहा था कि यह सीमावर्ती राज्य भारत का स्वाभाविक हिस्सा है। इसके अलावा



**चीन को जवाब**

8 विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को कहा कि नाम बदलने के प्रयास से इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता

चीन इस मुद्दे पर अमेरिका से भी उलझ चुका है। इसके बाद 2 अप्रैल को विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अरुणाचल प्रदेश के 30 स्थानों को चीन द्वारा नया नाम देने पर करारा जवाब दिया। उन्होंने कहा कि अरुणाचल प्रदेश भारतीय राज्य था, है और भविष्य में भी रहेगा। जयशंकर ने कहा कि नाम बदलने से कुछ हासिल नहीं होगा। अगर मैं आपके घर का नाम बदल दूं, तो क्या वह मेरा हो जाएगा?

उन्होंने आगे कहा था,"अगर आज मैं आपके घर का नाम बदल दूं तब क्या वह मेरा हो जाएगा क्या? अरुणाचल प्रदेश भारत का राज्य था, है और रहेगा।

**चुनावी बिसात**

### हमारे पास पैसे का नहीं, जनता, ईमानदारी, नैतिकता और हौंसले का बल

## बिकाऊ और खाऊ नहीं चलेंगे, अपने विधायकों को बिकने से बचाएं जयराम: मुख्यमंत्री

राजन पुरी

**कुटलैहड़।** हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने ऊना के कुटलैहड़ से चुनाव प्रचार की शुरूआत करते हुए कांग्रेस के छह बागियों पर सीधा हमला बोला। समूर कलां में जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि बिकाऊ और खाऊ नहीं चलेंगे। 25 विधायकों वाले जयराम ठाकुर सरकार बनाने की बात कर रहे हैं, वह अपने विधायकों को बिकने से बचाएं। वह किसी भी मंडी में बिक सकते हैं, उन्हें बचाकर रखना। कांग्रेस की पूर्ण बहुमत वाली सरकार पूरे 5 साल चलेगी। हमारे पास पैसे का



नहीं, ईमानदारी, नैतिकता और जनता के हौसले का बल है। कांग्रेस के छह बागी और तीन निर्दलीय 15-15 करोड़ रुपये में बिके हैं, इसका हमारे पास सुबूत है। पुलिस जांच में इसकी परतें खुलना शुरू हो गई हैं। होटलों का बिल किसना दिया, किसके पैसे से हेलीकॉप्टरों में घूमे, यह सब अब सामने आ रहा है। यह सब जेल की सलाखों के पीछे जाएंगे।ठाकुर सुखविंदर सिंह ने जनता से सीधा संवाद करते हुए कहा कि ये दलाल राजनीति में नहीं चाहिए। इन्हें वोट की चोट कर सबक सिखाएं, इनकी जमानत जब्त करा दें। कुटलैहड़ के पूर्व विधायक देवेंद्र भुट्टो उनके पास सिर्फ प्रधानमंत्री ग्रामीण सडक योजना के टेंडर के लिए अधीक्षण अभियंता और अधिशाषी अभियंता को फोन कराने के लिए आते थे, उन्होंने जनता की समस्याओं को कभी नहीं उठाया। वह जनता से जुड़े कामों को उन्हें पीए के पास दे जाते थे, मुझसे कभी इन्हीं कहा कि लोगों के काम कर दो, मैं खुद उनके दिए कागज पडकर जनता के काम करता रहा। अब लड़ाई सत्य और झूठ की है। झूठ बार-बार सत्य से टकराएगा, भुट्टो बार-बार आकर झूठ बोलेगा। उसे सबक सिखाना है। मुख्यमंत्री ने कहा, मैंने कुटलैहड़ से चुनावी शंखनाद किया है, हर पंचायत-हर व्यक्ति तक जाकर अपनी आवाज पहुंचाऊंगा।

**हला बोला**

8 15-15 करोड़ रुपये में बिका एक-एक बागी विधायक, देवेंद्र भुट्टो सिर्फ टेंडर के लिए कराते थे फोन

### वायुसेना के हेलीकॉप्टर की लद्दाख में आपात लैंडिंग, पायलट सुरक्षित

टीम एक्शन इंडिया

**जम्मू कश्मीर:** भारतीय वायु सेना के एक अपाचे हेलीकॉप्टर को लद्दाख में आपातकालीन लैंडिंग करनी पड़ी। इस दौरान उतार-चढ़ाव वाले इलाके और अधिक ऊंचाई के कारण हेलीकॉप्टर को नुकसान पहुंचा है। हालांकि इसमें सवार दोनों पायलट सुरक्षित हैं। वायुसेना ने गुरुवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि घटना बुधवार को हुई। वायु सेना ने घटना की कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी के आदेश दे दिए हैं। आईएएफ ने एक संक्षिप्त बयान में कहा, 'आईएएफ के अपाचे हेलीकॉप्टर ने 3 अप्रैल को लद्दाख में एक परिचालन प्रशिक्षण उड़ान के दौरान एहतियाती लैंडिंग की।

# हेमामालिनी पर सुरजेवाला के बयान से गरमाई सियासत

## भाजपा सरकार के मंत्रियों ने कांग्रेस को चौतरफा घेरा, कैथल में कार्यक्रम के दौरान सांसद हेमा मालिनी पर की थी अभद्र टिप्पणी

**घेरे में रणदीप**

**8 गुरुवार को प्रदेश सरकार के मंत्रियों ने एकजुटता के साथ रणदीप सुरजेवाला को घेरा**



**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** फिल्म अभिनेत्री एवं भाजपा की सांसद हेमा मालिनी को लेकर कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला के विवादित बयान से हरियाणा की राजनीति गरमा गई है। गुरुवार को प्रदेश सरकार के मंत्रियों ने एकजुटता के साथ सुरजेवाला को घेरा। वहीं, कांग्रेस ने सुरजेवाला के संबंध में अभी तक कोई बयान नहीं दिया है। सुरजेवाला के बयान पर भाजपा लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति संयोजक एवं राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के नेता देश की महिलाओं का बार-बार अपमान करते हैं। सुरजेवाला को अपने बयान पर तुरंत प्रभाव से माफी मांगनी चाहिए। बराला ने कहा कि कांग्रेस नेता सारी मयार्दाओं को तार-तार कर रहे हैं।

हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि सुरजेवाला ने देश की महिलाओं का अपमान किया है। इस तरह के बयानों के कारण ही कांग्रेस गर्त में चली गई है। हरियाणा के पूर्व गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने कहा कि सुरजेवाला का हेमा मालिनी के बारे में बयान देना कोई नई बात नहीं हैं। ये कांग्रेस का महिलाओं के प्रति दृष्टिकोण है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की प्रवक्ता सुप्रिया ने भी कंगना रनौत के बारे में भी ऐसी ही टिप्पणी की थी। विज ने कहा कि कांग्रेस का महिलाओं के प्रति क्या विचार व दृष्टिकोण है, के बारे में पूर्व प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव की पुस्तक दी इनसाइडर में दिया गया है। करनाल से भाजपा सांसद संजय भाटिया ने कहा कि कांग्रेस और इंडी गठबंधन के नेता महिलाओं के अपमान करने में कोई मौका नहीं छोड़ते। कांग्रेस व गठबंधन के संस्कारों व मानसिकता में ही महिला का अपमान रमा हुआ है। इसी का उदाहरण रणदीप सुरजेवाला ने मंच से दिया है। भाटिया ने कहा कि वह माताओं, बहनों से निवेदन करते हैं कि इन मातृशक्ति के विरोधियों को आने वाले लोकसभा चुनाव में अपनी मातृशक्ति की ताकत का अहसास कराते हुए अच्छे से सबक सिखाएं।

### महिला आयोग ने रणदीप सुरजेवाला को जारी किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**कैथल:** राज्यसभा सांसद व कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला द्वारा उत्तर प्रदेश के मथुरा से भाजपा सांसद हेमा मालिनी पर की गई टिप्पणी मामले में हरियाणा के महिला आयोग ने सुरजेवाला को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। आयोग ने गुरुवार को जारी नोटिस में सुरजेवाला को आगामी 9 अप्रैल को पंचकूला के सेक्टर-4 स्थित दफ्तर में पेश होकर अपना स्पष्टीकरण देने को कहा है। आयोग ने कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष उदयभान सिंह को भी पत्र लिख पूछा है कि पार्टी की ओर से इस मामले में क्या कार्रवाई की गई है। महिला आयोग ने स्वतः संज्ञान लेते हुए कहा कि रणदीप सुरजेवाला ने हेमा मालिनी (कलाकार) के लिए अभद्र भाषा व टिप्पणी की है, जोकि एक महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाला और अशोभनीय है। गुरुवार को अंबाला पहुंची महिला आयोग की चेयरपर्सन रेणु भाटिया ने कहा कि सुरजेवाला का बयान उनकी मानसिकता को दशार्ता है। आयोग की तरफ से नोटिस जारी करके जवाब तलब किया जाएगा। रेणु भाटिया बुधवार को परिवहन मंत्री असीम गोयल से मुलाकात करने के लिए उनके आवास पर अंबाला सिटी पहुंची थी। रेणु भाटिया ने कहा कि सुरजेवाला महिलाओं को कभी आगे नहीं बढ़ने देंगे। उन्हें अफसोस है कि कांग्रेस पार्टी ने अभी तक कोई एक्शन नहीं लिया।

परिवहन मंत्री असीम गोयल ने कहा कियही कांग्रेस की संस्कृति और संस्कार हैं। प्रियंका गांधी बताएं कि या तो हमने इनको लाइसेंस दे रखा है या फिर ऐसे नेताओं को घर बैठाने का काम करें, ताकि जनता के बीच अच्छा मैसेज जाए।

# बिना नक्शा पास करवाए निर्माण करने पर होटल व रेस्टोरेंट सील



**टीम एक्शन इंडिया**
**कैथल:** नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) की ओर से निर्धारित मानदंडों पर शहर के कई होटल, ढाबे और रेस्टोरेंट खरे नहीं उतर रहे हैं। एक साल से नगर परिषद के नोटिसों को नजर अंदाज करने पर नगर परिषद ने गुरुवार को दो रेस्टोरेंट को सील कर दिया। नगर परिषद ने चार होटल के बाहर नोटिस चस्पा कर अवैध निर्माण को 6 घंटे के भीतर हटाने को कहा है। गुरुवार को डीसी के आदेश के बाद नप द्वारा यह कार्रवाई अमल में लाई गई है। नगर परिषद ने गुरुवार को अंबाला रोड के रेस्टोरेंट बैल्स व जींद रोड के होटल पर्पल मून को सील कर दिया है। इसी के साथ पार्क रोड के रेस्टोरेंट शाम बीकानेर, पवन वाटिका, कमल होटल व मन्नत होटल के बाहर निर्माण को अवैध घोषित करते हुए उसे गिराने के लिए नोटिस लगाए गए हैं। नगर परिषद की चेयरपर्सन सुरभि गर्ग ने कहा है कि होटल व रेस्टोरेंट संचालकों को एनओसी लेने व नक्शा पास करवाने में पूरा सहयोग किया जाएगा। नगर परिषद के कार्यकारी कुलदीप मलिक के हस्ताक्षर युक्त नोटिस में कहा गया है कि हरियाणा नगर पालिका अधिनियम 1973 की धारा 235 के तहत अंतिम नोटिस दिया जा रहा है। आपने इस कार्यालय द्वारा पूर्व में जारी किए गए नोटिस करना है तो कोई जवाब दिया और ना ही व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर संतोष जनक प्रमाण प्रस्तुत किया। सूचना देने के बाद भी नोटिस का पालन नहीं किया गया। अंतः स्पष्ट है कि आप द्वारा किया गया निर्माण कार्य अवैध है। इसलिए आपके भवन के अवैध निर्माण को सील किए जाने बारे आदेश पारित किए गए है।

**6 होटलों के खिलाफ होगी एफआईआर दर्ज:** नगर परिषद के एक्सईएन रवि ओबराय ने बताया कि 35 होटल में रेस्टोरेंट संचालकों को एक साल से नोटिस दिए जा रहे थे। यह सभी होटल के लिए निर्धारित मानदंड पूरे नहीं कर रहे थे। इनमें से 18 होटल संचालकों में एनओसी ले ली थी। बाकी बचे 16 होटल संचालकों ने नोटिसों को नजरअंदाज कर दिया था।

## न्यूज फ्लैश

### फरीदाबाद में हुड़दंगियों ने पुलिसकर्मियों को जूतों से पीटा, तीन गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**फरीदाबाद:** स्विमिंग पूल में हुडदंग करने की सूचना पर पहुंचे पुलिसकर्मियों को पीटने के मामल में पुलिस अब तक तीन लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। इस घटना का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। बताया गया कि थाना खेड़ी पुल इलाके में 21-22 मार्च की रात एक स्विमिंग पूल में शराब पीकर युवकों के हंगामा करने की सूचना पर पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे थे। पुलिसकर्मियों के हुड़दंग करने से मना करने पर युवकों ने उन्हें पीट दिया। घटना के 12 दिन बाद अब इसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। वीडियो में डायल 112 की एक टीम हंगामा कर रहे शराबी युवकों को रोकने के लिए गई थी। युवकों से सवाल-जवाब करने पर वे पुलिसकर्मियों से ही भिड़ गए। वीडियो में दिख रहा है कि पुलिस के दो जवान हुड़दंग कर रहे युवकों से बातचीत कर रहे हैं, तभी युवक धक्कामुक्की करने लगे। युवक शराब के नशे में बताए जा रहे हैं। युवक पुलिसकर्मियों पर थप्पड़-मुक्के बरसाते दिखे। वीडियो में युवक पुलिसकर्मियों को जूते से मारते भी दिख रहे हैं। पुलिस के प्रवक्ता सूबे सिंह ने पुलिसकर्मियों से हुई मारपीट की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि वायरल वीडियो के मामले में केस दर्ज कर तीन युवकों को गिरफ्तार कर जेल भेज जा चुका है। इस घटना में पुलिसकर्मियों को भी चोटें आई थीं। इस केस से जुड़े अन्य आरोपितों को तलाश कर रही है।

### गुरुग्राम में अंतरराष्ट्रीय किडनी ट्रांसप्लांट के गिरोह का हुआ पदार्फाश

**टीम एक्शन इंडिया**
**गुरुग्राम:** गुरुग्राम में गुरुवार को अंतराष्ट्रीय स्तर के किडनी ट्रांसप्लांट गिरोह का भंडाफोड़ हुआ है। सीएम फ्लाइंग स्क्वायड व स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त कार्रवाई में पता चला कि मरीज व डोनर का बिना कोई ब्लड ग्रुप मिलाए ही किडनी ट्रांसप्लांट कर दी जाती थी। इस गिरोह के तार राजस्थान की राजधानी जयपुर स्थित फोर्टिस अस्पताल से जुड़े हैं। गुरुवार को इस कार्रवाई में छापेमारी टीमों ने कई साक्ष्य जुटाए। अवैध रूप से किडनी ट्रांसप्लांट की सीएम फ्लाइंग को गुप्त सूचना मिली थी। स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ मिलकर सीएम फ्लाइंग ने सेक्टर-39 स्थित बाबिल नाम के होटल में छापेमारी की। छापेमारी में पता चला कि बांग्लादेश से किडनी डोनर को जयपुर ले जाया जाता था। वहां पर अवैध रूप से किडनी ट्रांसप्लांट कराई जाती थी। गेस्ट हाउस में किडनी ट्रांसप्लांट करा चके व ट्रांसप्लांट कराने वाले चार डोनर व मरीज भी पकड़े गए। जयपुर के फोर्टिस अस्पताल में किडनी ट्रांसप्लांट के लिए मरीजों से 10-12 लाख रुपये वसूले जाते थे। जो व्यक्ति किडनी डोनेट करता था, उसे मात्र 2 लाख रुपये ही दिए जाते थे। इस अंतरराष्ट्रीय गिरोह का मुख्य आरोपी संचालक मोहम्मद अंसारी फरार है। आरोपियों से सीएम फ्लाइंग व गुरुग्राम स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मौके से पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ में पता चला कि मोहम्मद अंसारी नामक का युवक सभी लोगों को गुरुग्राम के इस होटल में लेकर आया था। मरीजों को किडनी ट्रांसप्लांट करने के लिए जयपुर के फोर्टिस अस्पताल ले जाया जाना था। दो मरीजों को वहां से किडनी ट्रांसप्लांट करवाकर वापस लाया गया था। खास बात यह है कि किडनी ट्रांसप्लांट का यह खेल बिना मरीज व डोनर का ब्लड ग्रुप मिलाए ही खेला जा रहा था। जो कि मरीज की जान के लिए घातक है। आरोपी मरीज व डोनर के कागजों में हेराफेरी कर देते थे। जयपुर के फोर्टिस अस्पताल के कर्मचारियों की मिलीभगत का भी अंदेशा जताया जा रहा है। इसके लिए पुलिस टीम अस्पताल जाकर जांच-पड़ताल करेगी। गुरुग्राम के सिविल सर्जन डा. विरेंद्र यादव ने इस मामले की पुष्टि करते हुए मीडिया से जानकारी सांझा की। उन्होंने कहा कि मौके पर मरीजों को पकड़ा गया है और उनकी मेडिकल रिपोर्ट देखी गई। इस दौरान खुलासा हुआ कि बिना कोई ब्लड ग्रुप मैच किए ही मरीजों की किडनी ट्रांसप्लांट की गई थी।

### एक महिला 654 ग्राम गांजा पत्ती सहित गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**यमुनानगर:** सदर थाना यमुनानगर पुलिस ने एक महिला को 654 ग्राम गांजा फूल पत्ती के साथ गिरफ्तार किया। महिला के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर गुरुवार को कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना प्रभारी केवल सिंह ने बताया कि उनकी टीम को गुप्त सूचना मिली कि शादीपुर के पास एक महिला नशीले पदार्थ बेच रही है। इस सूचना के आधार पर महिला पुलिसकर्मी की टीम का गठन किया गया। टीम ने तुरंत मौके पर जाकर महिला को हिरासत में लिया।

# ..तो किसानों को नहीं आने दी फसल बेचने में परेशानी'

**टीम एक्शन इंडिया**
**जींद:** पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा द्वारा जेजेपी को वोट काटू बताए जाने के बयान पर पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने गुरुवार को कहा कि कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व चुनाव लडने से डर रहा है। जिस तरह के बयान लीडरों के आ रहे हैं उनके मन में और किसी का डर नहीं अगर डर है तो सिर्फ जननायक जनता पार्टी का है। कांग्रेस को खुद पर विश्वास नहीं है, आने वाले चुनाव दर्शा देंगे कि कांग्रेस की क्या हालात हैं। सुदकैन कलां गांव में पत्रकारों से बातचीत करते हुए सरसों की खरीद में पोर्टल सिस्टम से हो रही किसानों को परेशानी पर दुष्यंत चौटाला ने कहा कि चार साल हमारा यही प्रयास रहा है फसलों को किस



प्रकार से खरीदा जाए। हम सत्ता का हिस्से थे तो किसानों को किसी तरह की परेशानी फसल बेचने में नहीं आने दी गई। पिछले 15 दिनों में सरकार में जो फैसले हुए हैं उनके बारे में मैं कुछ नहीं कह सकता। समाचार पत्रों के माध्यम से जानकारी प्राप्त हुई है कि सरकार सरसों खरीद में विफल रही है।

जेजेपी किसान प्रकोष्ठ मंडियों में जाकर निरीक्षण करेगी जो किसानों को परेशानी आ रही है, उनकी आवाज उठाने का काम करेंगे। बीजेपी के 400 पार के नारे पर पूर्व डिप्टी सीएम ने कहा कि इंदिरा गांधी 1977 में एक नारा लेकर आई थी इंदिरा इज इंडिया, इंडिया इज इंदिरा और उन्हीं को लोगों ने हरा दिया। जहां तक 400 की बात है मुझे नहीं लगता कि एनडीए 200 या 225 पार पाएगा। जेजेपी उम्मीदवारों की लिस्ट जारी करने पर चौटाला ने कहा नवरात्रों में जेजेपी की पीएसी की मीटिंग करके सभी उम्मीदवारों लिस्ट फाइनल कर दी जाएगी। किन मुद्दों को लेकर जनता के बीच जाने के सवाल पर पूर्व डिप्टी सीएम ने कहा कि आज का सबसे बड़ा मुद्दा है संसद में हरियाणा की आवाज पहुंचाना। इस मौके पर प्रो. जगदीश सिहाग, जोरा सिंह डूमरखा सहित अन्य पदाधिकारी, कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# रोहतकः पीजीआई के आपातकालीन विभाग की ओटी में लगी आग

**काबू पाया**

**8 पुलिस व दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्त के बाद आग पर काबू पाया**

**टीम एक्शन इंडिया**
रोहतकः पीजीआईएमएस के आपातकालीन विभाग की ओटी में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई, जिससे वहां पर कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर पुलिस व दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्त के बाद आग पर काबू पाया। बताया जा रहा है कि शार्ट सर्किट होने के कारण ओटी में आग लगी है। पुलिस भी मामले की जांच पड़ताल करने में जुटी है। गुरुवार सुबह करीब छह बजे पीजीआई के आपातकालीन विभाग की ओटी से कर्मचारियों ने धुआं उठता हुए देखा। यह देखकर कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। कर्मचारियों ने इसकी सूचना तुरंत पीजीआई प्रबंधन व दमकल विभाग को दी। सूचना मिलने पर दमकल विभाग की गाड़ी मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत करने के बाद आग पर काबू पाया गया। हालांकि जिस वक्त ओटी में आग लगी, उस वक्त वहां कोई नहीं था, जिसके चलते बड़ा हादसा होने से

# सरस्वती शुगर मिल किसानों से पूरा गन्ना खरीदें: सुभाष गुर्जर

**टीम एक्शन इंडिया**
**यमुनानगर: देश की सबसे बड़ी** सरस्वती शुगर मिल में गन्ना खरीद बंद करने के नोटिस पर किसानों ने गुरुवार को एक बैठक की। बैठक में भाकियू (टिकैत) के जिला अध्यक्ष सुभाष गुर्जर ने कहा कि सरस्वती शुगर मिल को एक विशेष सर्वे करके सभी किसानों का गन्ना लेकर ही शुगर मिल को बंद करना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस इलाके में शुगर मिल ने हमेशा किसानों की मदद की है। अब ऐसी हालत में पूरा गन्ना लेने से पहले मिल प्रबंधन द्वारा मिल बंद करना अच्छा नहीं होगा। उन्होंने कहा कि अगर मिल को कहीं कोई आर्थिक पैकेज और सहायता की जरूरत है।

# शिक्षक सीखेंगे नई शिक्षण विधियां

## आठ से शुरू होगा चार दिवसीय प्रशिक्षण, बालगीत और खेल गतिविधियों से विद्यार्थियों को देंगे प्रशिक्षण

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** प्राथमिक पाठशालाओं में विद्यार्थियों को बालगीत और खेल गतिविधियों के जरिये अक्षर ज्ञान दिया जाएगा। निपुण हरियाणा मिशन के तहत प्राथमिक कक्षाओं में नई शिक्षण विधियों और शिक्षण सामग्री का प्रयोग बढ़ाने के लिए शिक्षकों को चार दिवसीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। गुरुवार को इसका कार्यक्रम जारी कर दिया गया। निपुण हरियाणा मिशन कार्यक्रम के तहत प्रदेश के सभी खंडों में मूलभूत सारक्षता और संख्यात्मक मिशन (फाउंडेशनल लिटरेसी एंड न्यूमेरेसी मिशन) को लेकर 8 अप्रैल से प्रशिक्षण शुरू होगा। हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना

**पहल**

**8 नई शिक्षण विधियों और शिक्षण सामग्री का प्रयोग बढ़ाने के लिए शिक्षकों को चार दिवसीय प्रशिक्षण देंगे**

परिषद की ओर से राज्य के सभी जिला शिक्षा अधिकारी, मौलिक शिक्षा अधिकारी, डाइट प्रधानाचार्य और जिला परियोजना समन्वयक को पत्र लिखकर निपुण हरियाणा मिशन के तहत कक्षा चौथी और पांचवीं तक निपुण कार्यक्रम के विस्तारीकरण के लिए चार दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। जिला शिक्षा अधिकारियों को लिखे गए पत्र में स्पष्ट हिदायत दी गई है कि प्रशिक्षण कार्यक्रम खंड स्तर पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय या फिर बीआरसी में आयोजित होगा। कार्यशाला के दौरान तमाम व्यवस्थाएं की जानी अनिवार्य है। यही नहीं प्रशिक्षण में उच्चाधिकारी आनलाइन के जरिये जुड़ेंगे। मुख्यालय की ओर से सख्त निर्देश दिए हैं कि प्रशिक्षण में शिक्षकों की उपस्थिति अनिवार्य है, आगमन और प्रस्थान के दौरान दोनों समय आनलाइन उपस्थिति होगी। मार्च 2024 में आयोजित प्रशिक्षण के दौरान जिन शिक्षकों ने हिस्सा नहीं लिया था।

# महिलाओं का अपमान करना राहुल गांधी व उनकी टीम की बन गई है फितरत: सुभाष बराला

**टीम एक्शन इंडिया**
रोहतकः लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक एवं राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने कहा कि अभद्र टिप्पणियां करके महिलाओं को अपमानित करना राहुल गांधी और उनकी पूरी टीम की फितरत बन गई है। बराला ने भाजपा नेत्री हेमा मालिनी पर कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला द्वारा की गई टिप्पणी को अशोभनीय बताते हुए कहा कि सुरजेवाला को तुरंत माफी मांगनी चाहिए। सुभाष बराला गुरुवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय मंगल कमल में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि पिछले दिनों भी कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सुप्रिया ने भी महिला होते हुए कंगना रनौत के लिए अभद्र टिप्पणी की थी। बराला ने कहा कि राहुल गांधी और उनकी पूरी टीम का महिलाओं के प्रति कितना सम्मान है यह उनकी टिप्पणियों से झलकता है। सुभाष बराला ने कहा कि कांग्रेस पार्टी में राहुल गांधी, रणदीप सुरजेवाला, दिग्विजय सिंह की बात करें तो इन लोगों ने अपनी अभद्र बातों से कई बार महिलाओं को अपमानित किया है। उन्होंने कहा कि देश की आधी आबादी कांग्रेस को भविष्य में आइना दिखाने का काम करेगी। महिलाओं पर बार-बार टिप्पणियां करना यह दशार्ता है कि कांग्रेस पार्टी में किस तरह से लोगों को ट्रेनिंग दी जाती है। बराला ने कहा कि सुरजेवाला की इन हरकतों को हरियाणा की जनता माफ नहीं करेगी। लोकसभा और उसके बाद विधानसभा के चुनाव में जनता कांग्रेस को घटिया टिप्पणी का जवाब देगी राहुल गांधी के बारे में बोलते हुए बराला ने कहा कि राहुल गांधी भी बार-बार महिलाओं का अपमान करते हैं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर अभद्र टिप्पणियां करते हैं। देश की जनता देख रही है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी और उनकी पूरी टीम को देश की जनता से, हेमामालिनी से और कंगना रनौत से माफी मांगनी चाहिए। सुभाष बराला ने कहा कि भाजपा 10 की 10 लोकसभा सीटें बड़े मार्जिन से जीत रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 10 सालों में अभूतपूर्व विकास के काम हुए हैं। गरीब कल्याण की नीतियों से गरीब लोगो के चेहरों पर खुशियां आई है। महिलाओं का जीवन सरल हुआ है।

# हाई कोर्ट ने एचएसजीपीसी की नई कमेटी पर लगाई रोक

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** पंजाब-हरियाणा हाई कोर्ट ने हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी (एचएसजीपीसी) की गठित नई कमेटी पर रोक लगा दी है। एचएसजीपीसी की नई कमेटी के बनाए जाने को हाई कोर्ट में चुनौती दी गई थी। जस्टिस विनोद भारद्वाज ने गुरुवार को इस याचिका पर सुनवाई करते हुए 28 मार्च को नई कमेटी पर रोक लगाते हुए हरियाणा सरकार सहित हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी को नोटिस जारी कर 28 अगस्त तक जवाब दाखिल करने के आदेश दे दिए हैं। याची विनर सिंह की ओर से एडवोकेट शिव कुमार ने हाई कोर्ट में

**जवाब तलब**

**8 सरकार सहित हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी को नोटिस जारी कर जवाब दाखिल करने के आदेश दे दिए**

दाखिल याचिका में बताया है कि 28 मार्च को कमेटी की बजट बैठक तय की गई थी, इस बैठक में सिर्फ बजट ही पास किया जाना था। बैठक में याचिकाकर्ता ने बजट पर बोलना शुरू ही किया तभी मौजूदा कमेटी को बदल कर नई कमेटी बनाने की मांग उठा दी गई।

# मुख्यमंत्री से मिला पूर्व विधायकों का प्रतिनिधिमंडल, सुरक्षा बढ़ाने की मांग

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष व पूर्व विधायक एसोसिएशन के अध्यक्ष नफे सिंह राठी की हत्या के बाद प्रदेश के पूर्व विधायक भी सुरक्षा की मांग को लेकर लामबंद हो गए हैं। पूर्व विधायकों ने गुरुवार को चंडीगढ़ में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी से मुलाकात की और उनसे सुरक्षा बढ़ाने की मांग की। पूर्व विधायक एसोसिएशन के प्रधान रामबीर सिंह की अगुवाई में पूर्व विधायकों का एक प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री सैनी से मिला। इससे पहले पूर्व विधायकों ने इनेलो प्रदेशाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक स्व. नफे सिंह राठी को श्रद्धांजलि दी। मुलाकात के बाद पूर्व विधायक एसोसिएशन के नवनियुक्त प्रधान रामबीर ने कहा कि मुख्यमंत्री के समक्ष मांग रखी गई है कि पूर्व विधायकों को फ्लैट के लिए पंचकूला में जमीन आवंटित करने और पूर्व विधायकों की सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाई जाए। इसके साथ ही पूर्व विधायकों ने चिकित्सा सुविधा में कैशलेस की सुविधा के लिए कैशलेस कार्ड देने और दूसरे राज्यों की तर्ज पर 15 हजार रुपये चिकित्सा भत्ता देने की भी मांग रखी गई है। पूर्व विधायक बलवान सिंह दौलतपुरिया ने कहा कि पूर्व विधायक नफे सिंह राठी की हत्या मामले को देखते हुए पूर्व विधायकों ने सुरक्षा की मांग मुख्यमंत्री के समक्ष रखी है। चुनाव के चलते उन्हें भीड़भाड़ के इलाके में जाना पड़ता।

**मांग**

**8 पूर्व विधायकों ने चंडीगढ़ में हरियाणा के मुख्यमंत्री से मुलाकात की और उनसे सुरक्षा बढ़ाने की मांग की**

# पलवल के तीन गांवों के बुजुर्ग पेंशन न मिलने से हो रहे परेशान

**टीम एक्शन इंडिया**
**पलवल: जिले के बाता** गांव में स्थित कॉपोर्रेशन बैंक में तीन गांवों रायदासका, बावडियाका व बाता के बुजुर्गों की पेंशन वितरित की जाती है, लेकिन बैंक से समय पर पेंशन न मिलने से बुजुर्गों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पेंशन के लिए बुजुर्ग महिला-पुरुषों को कई-कई दिन बैंक के चक्कर लगाने पड़ रहे है।

गुरुवार को बैंक अधिकारियों का कहना था कि कैश कम होने की वजह से पेंशन वितरण में दिक्कतें आ रही है। बाता गांव स्थित कॉपोर्रेशन बैंक में बुजुर्ग पेंशन लेने पहुंची रायदासका गांव निवासी बुजुर्ग केला देवी व पार्वती ने गुरूवार को जानकारी देते हुए बताया कि वे अपने गांव से धूप में दो दिन से धूप में पैदल चलकर पेंशन लेने बाता गांव आती है, लेकिन यहां बैंक में कैश न होने की बात कह दी जाती है, जिसके बाद उन्हें खाली हाथ ही घर वापस लौटना पड़ता है। बुजुर्ग करतारी देवी बताते हुए अपनी आंखों से आंसू नहीं रोक सकी, बताया कि उसके पति बीमार है, पैसे की कमी के चलते इलाज नहीं करवा पा रही है। बैंक के बाहर करीब दो घंटे से पेंशन मिलने का इंतजार कर रही हूं। बुजुर्ग शांति देवी ने कहा कि वह पैर से चल पाने में असमर्थ है, लेकिन कई दिन से पैंशन के लिए बैंक के चक्कर लगाने को मजबूर हू, लेकिन पैंशन नहीं मिल पा रही। वहीं, पेंशन लेने पहुंचे बाता गांव निवासी बुजुर्ग मेवाराम, रायदासका गांव निवासी हुकम सिंह व करण सिंह, बावडियाका गांव विनासी भूप सिंह ने बैंक कर्मियों पर उन्हें अजरंदाज करने का आरोप लगाते हुए विरोध जताया। कॉपोर्रेशन बैंक बाता के मैनेजर राजेंद्र गुप्ता से बात की तो उनका कहना था कि उनके पास दस लाख रुपए तक कि लिमिट है, इससे ज्यादा वो कैश नहीं बांट सकते।

बाता बैंक में कैश की कमी है, जिसके चलते उन्होंने 5 लाख रुपए बडोली शाखा से लाकर पेंशन बांटी है। पेंशन के साथ उन्हें बचत खातों की पेमेंट भी मैनेज करनी पड़ती है। जिसके कारण वे सभी बुजुर्गों को पेंशन देने में असमर्थ हैं।



**मदद की आस**

**8 कैश की कमी है, जिसके चलते उन्होंने 5 लाख रुपए बडोली शाखा से लाकर पेंशन बांटी है**

# माइंड एंड बॉडी मेडिसीन विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया

## मन की खुशी एक शक्तिशाली दवा है, मन की खुशी को खोना मतलब स्वयं को भूलना है-राजयोगिनी बीके सरोज दीदी




**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के ओपन एयर स्टेज पर गुरुवार को माइंड एंड बॉडी मेडिसीन विषय पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस दौरान ब्रह्माकुमारी मुख्यालय से जुड़े अंतरराष्ट्रीय वक्ता प्रोफेसर ईवी गिरीश मुख्यातिथि रहे और साथ में राजयोगिनी बीके सरोज दीदी विशेष तौर पर मौजूद रही। उन्होंने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। इस दौरान आयुर्वेद अध्ययन एवं अनुसंधान संस्थान के प्राचार्य डॉ. देवेंद्र खुराना, प्रो. डॉ. आशीष मेहता ने मुख्यातिथि प्रोफेसर ईवी गिरीश का अभिनंदन किया। प्रोफेसर ईवी गिरीश ने कहा कि मन की खुशी एक शक्तिशाली दवा है। मन की खुशी को खोना मतलब स्वयं को भूलना है। इसलिए आज व्यक्ति का जीवन अत्यधिक पेशेवर और लक्ष्य उन्मुख होने की वजह से, जिस उद्देश्य के लिए व्यक्ति का जन्म हुआ, उसे वह भूला बैठा है जिसकी वजह से वह तनाव में रहता है। अतः भागदौड भरे जीवन में मन की जरूर सूनें। उन्होंने कहा कि जीवन में कुछ करना चाहते हो, तो उस कार्य को ईमानदारी से करें। अपने मन के मालिक बनें, गुलाम नहीं। समय के अनुसार नहीं बदलेंगे तो समय आपको बदल देगा। समय बहुत तेजी से बदल रहा है इसलिए जीवन में बहानेबाजी न करे। परिस्थितियों आएंगी ही उनका हल हमें ढूंढना ही है। उन्होंने मिसाइल मैन अब्दुल कलाम का उदाहरण देते हुए कहा कि आज चहुँ ओर भारत को विश्व गुरु बनाने की बात हो रही है। अब्दूल कलाम जी ने कहा था भारत को विश्व की सुपर शक्ति बनाना है तो इसके लिए स्वस्थ और रचनात्मक बुद्धि की आवश्यकता है। भारत के पास बहुगुणा बौद्धिक क्षमता है। बस उसे उचित दिशा की आवश्यकता है। आयुर्वेद अध्ययन एवं अनुसंधान संस्थान के प्राचार्य डॉ. देवेंद्र खुराना ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि यहां संस्थान में सभी चिकित्सक बनने जा रहे हैं।

शरीर की चिकित्सा हम भलीभांती जानते हैं मगर मन को जानना भी बहुत जरूरी है। मनुष्य के सभी दुखों का कारण तृष्णा है। इस पर नियंत्रण से मनुष्य सुख की प्राप्ति कर सकता है। कार्यक्रम के अंत में डीन एकेडमिक अफेयर्स डॉ. जेके पंडा ने सभी का धन्यवाद प्रकट किया। इस अवसर पर सभी प्राध्यापक और विद्यार्थी मौजूद रहे।

# आ गया अब तो श्याम, मैं शलोरण में तुम्हारी......पर झूमें श्याम भक्त

**झूम उठे**

8 बरिवार सहित सभी भक्तों ने श्याम पूजन किया। संकीर्तन में श्रद्धालुओं ने पंक्तिबद्ध होकर भव्य श्याम दरबार के दर्शन किए



**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** श्री खाटू श्याम परिवार सेवा समिति (रजि.), कुरुक्षेत्र द्वारा रामचंद्र कॉलोनी में बुधवार देर सांय श्री श्याम संकीर्तन एवं भंडारा आयोजित किया गया। जानकारी देते हुए श्री श्याम मंदिर (कुरुक्षेत्र धाम) के मुख्य पुजारी आचार्य शंभु प्रसाद ने बताया कि आयोजक हैप्पी बुल्लेशाह परिवार सहित सभी भक्तों ने श्याम पूजन किया। संकीर्तन में श्रद्धालुओं ने पंक्तिबद्ध होकर भव्य श्याम दरबार के दर्शन किए। गौरी-गणेश पूजन से आरंभ हुए संकीर्तन में गायक लखबीर सिंह लक्खा ने श्याम भजनों की झड़ी लगाई जिनमें लगन तुम से लगा बैठे,जो होगा देखा जाएगा.....,लो आ गया अब तो श्याम, मैं शरण में तुम्हारी......, श्रद्धा बिन श्याम मिले नहीं ये जान ले प्यारे, है भाव का भूखा सांवरिया पहचान ले प्यारे...... और हम तो बाबा के भरोसे चलते है...... इत्यादि भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे। श्याम जी के जयकारों से सारा वातावरण गुंजायमान हुआ। समिति पदाधिकारियों ने श्याम भक्तों से निवेदन किया कि वे मंदिर विस्तार हेतु करवाए जा रहे निर्माण कार्य में सहयोग करें। संकीर्तन में श्याम भक्तों ने बारी-बारी से चंवर सेवा की।संकीर्तन के दौरान श्याम जी की गाथा में बताया गया कि यें हारे के सहारे हैं। इनके दरबार से आज तक कोई निराश नहीं आया।

## न्यूज फ्लैश

### ग्राम पंचायत नान्दल ने युवा पीढ़ी से अधिक से अधिक मतदान करने की अपील

**रोहतक।** जिला रोहतक की ग्राम पंचायत नांदल के सरपंच जयप्रकाश नांदल, समाज सेवी डा. मनजीत सिंह दहिया विद्यावाचस्पति लाखनमाजरा व सभी पंचायत सदस्यों ने लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान किए जाने की पहल शुरू कर दी है। आज गांव नांदल में प्रख्यात समाज सेवी एवं भारतीय अनुसूचित जाति पिछड़ा एकता मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. मनजीत सिंह दहिया विद्यावाचस्पति लाखनमाजरा की विशेष उपस्थित में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सरपंच जय प्रकाश नांदल ने ग्रामवासियों से अपील की है कि मतदाता 25 मई को बिना किसी डर और लालच के मतदान केन्द्रों पर जाकर अपना मतदान करें। उन्होंने कहा कि नागरिक लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए वोट अवश्य डालें। जागरुकता अभियान को संबोधित करते हुए प्रख्यात समाज सेवी डा. मनजीत सिंह दहिया विद्यावाचस्पति लाखनमाजरा ने सभी मतदाताओं से अपील की है कि मताधिकार हमारी सबसे बड़ी ताकत है हमें मजबूत राष्ट्र व मजबूत लोकतंत्र के लिए मतदान अवश्य करें। इस अवसर पर पंच हरदीप, राम सिंह, गीता, पूनम, रमेश, ऊषा, डा. सतबीर, सोनू, कवर, शोभाकुमारी ने भी मतदान के लिए लोगों को जागरुक किया। समारोह में राजकवार ठेकेदार, रामफल, पवन, कपिल, रिन्कू, लक्ष्य, विक्रान्त, सुखबीर, प्रवीन, अमित, मनोहर लाल चांदीवाल सहित सैकड़ों गणमान्य ग्रामीण भी मौजूद रहे।

### वी ने लॉन्च की 'क्लाउड प्ले' मोबाइल क्लाउड गेमिंग

**गुरुग्राम।** उपभोक्ताओं की बदलती जरूरतों को ध्यान में रखते हुए जाने-माने दूर संचार सेवा प्रदाता वी ने मोबाइल क्लाउड गेमिंग सर्विस- क्लाउड प्ले के लॉन्च के लिए केयर गेम के साथ साझेदारी की है जिसका मुख्यालय पेरिस में है। मोबाइल गेमिंग प्रपोजिशन को सशक्त बनाते हुए क्लाउड प्ले विभिन्न श्रेणियों जैसे एक्शन, एडवेंचर, अरकेड, रेसिंग, स्पोर्ट्स एवं स्टैटेजी में प्रीमियम एएए गेम्स की व्यापक रेंज पेश करता है। लॉन्च की गई कैटलॉग में मोबाइल गेम्स जैसे एस्फाल्ट 9, मॉडर्न कॉम्बेट 5, शैडो फाईट, स्टोर्म ब्लेड्स, रिपटाइड, बीच बग्गी रेसिंग, ग्रेविटी राइडर और क्लासिक जैसे कट द रोप, सबवे सर्फर्स और जेटपैक जॉयराईड शामिल हैं। आने वाले सप्ताहों में कई और गेम्स रिलीज किए जाएंगे। क्लाउड प्ले के लॉन्च पर बात करते हुए अवनीश खोसला, सीएमओ, वोडाफोन आइडिया ने कहा, वी में हमेशा से साझेदारियों के माध्यम से उपभोक्ताओं को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रयासरत रहे हैं। हम तेजी से विकसित होते गेमिंग सेक्टर की क्षमता को समझते हैं, मोबाइल फोन गेमिंग को कहीं भी, कभी भी हर किसी के लिए सुलभ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। केयरगेम के साथ साझेदारी में क्लाउड प्ले के साथ हम अपने यूजर्स का स्वागत करते हैं, जहां क्लाउड आपका खेल का मैदान होगा और आपके सामने असंख्य संभावनाएं होंगी। यह सिर्फ एक गेम नहीं है बल्कि एक ऐसी दुनिया की यात्रा है जहां कल्पना और टेक्नोलॉजी का मिलन होता है। तो अपने प्लेटाईम को बढ़ाने और गेमिंग का असाधारण अनुभव पाने के लिए तैयार हो जाएं। क्लाउड प्ले रु 100 प्रति माह पर उपलब्ध सब्सक्रिप्शन आधारित सर्विस है (प्रीपेड यूजर्स के लिए रु 104 का रीचार्ज)। उपभोक्ता सब्सक्रिप्शन पैक खरीदने से पहले इंटरोडक्टरी ऑफर के रूप में इस सर्विस का सैम्पल निःशुल्क इस्तेमाल कर सकते हैं।




### चुनाव के दौरान शराब की अवैध तस्करी पर रहेगी प्रशासन की पैनी नजर

**पानीपत:** हरियाणा आबकारी एवं कराधान विभाग आयुक्त अशोक कुमार मीणा (आईएएस )ने गुरुवार को प्रदेश के सभी उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से चुनाव तैयारी को लेकर मंथन किया व अवैध शराब की तस्करी को लेकर जरूरी इंतजाम करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को चेताया कि हमें जीरो टॉलरेंस के साथ काम करना है। इसमें किसी भी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अवैध रूप से लाई जा रही शराब को सील करने पर विशेष ध्यान देने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान नाके लगाकर पंजाब, हरियाणा, दिल्ली राजस्थान बॉर्डर पर विशेष ध्यान देना है। वाहटस्प ग्रुप बनाकर सूचना एक दूसरे के साथ सांझा करने के निर्देश भी दिये।

# प्रशिक्षण हो रोचक एवं सार्थकः विनोद कौशिक



**प्रेरित किया**

8 सभी ट्रेनर्स को आगामी प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया

**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्रः** जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक ने कहा कि प्रशिक्षण कार्यक्रम रोचक व सार्थक होने के साथ लक्ष्य केन्द्रित होना चाहिए। प्रशिक्षकों के साथ-साथ प्रशिक्षण ले रहे अध्यापकों की भी सक्रिय भागीदारी होनी चाहिए। गुरुवार को डाइट कुरुक्षेत्र में आयोजित कार्यशाला में डीईईओ कौशिक ने कहा कि इस वर्ष से निपुण हरियाणा मिशन के तहत चौथी व पांचवीं कक्षा में भी प्रारम्भ किया जा रहा है। विभागीय निर्देशानुसार 8 अप्रैल से जिलेभर में यह प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू होंगे तथा खण्ड स्तर पर सम्पन्न होंगे। हर प्राथमिक अध्यापक को यह प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने अध्यापकों से आग्रह किया कि वे प्रशिक्षण को गम्भीरता से लें जिससे निपुण कार्यक्रम सफलतापूर्वक क्रियान्वित किया जा सकेगा। मुख्यमंत्री सुशासन सहयोगी नंदन ने निपुण मिशन की सफलता के लिए शिक्षा विभाग द्वारा किये जा रहे प्रयासों की सराहना की।डाइट प्रिंसिपल संतोष शर्मा ने कार्यशाला की अध्यक्षता की। उन्होंने बताया कि मूलभूत साक्षरता एवं संख्यात्मकता अर्थात एफ.एल. एन .से संबंधित कार्यशाला में कक्षा चार और पांच में एफ.एल. एन. से संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला कुरुक्षेत्र के सभी की रिसोर्स पर्सन ने भाग लिया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य 8 अप्रैल से शुरू होने जा रहे खंड स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रमों को अधिक प्रभावी एवं सफल बनाना है। उन्होंने सभी ट्रेनर्स को आगामी प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया । कार्यशाला में सभी एफ एल एन खंड संयोजक, अपर्णा , विद्याधन , डॉ रघुवीर तनेजा , सोनिया अग्रवाल, जयदेव आर्य ,डॉ श्याम चरण श्री धर्मेंद्र,डॉ रामगोपाल ,डॉ संजीव कुमार एवं डॉ राजेंद्र कुमार उपस्थित रहे।

# जेवरात व बर्तन चोरी करने की वारदात में शामिल आरोपी गिरफ्तार



**पानीपतः** थाना सेक्टर-13/17 पुलिस ने सेक्टर-18 मकान से चांदी के जैवरात व बर्तन चोरी करने की वारदात में शामिल पांचवे आरोपी को बुधवार देर शाम यूपी के शामली से गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान अंजू उर्फ विशाल निवासी शामली यूपी ने रूप में हुई। आरोपी ने अपने हिस्से में आई चोरीशुदा चांदी बेचकर हासिल की नगदी में से कुछ पैसे खाने पीने में खर्च कर दिए। पुलिस ने आरोपी अंजू उर्फ विशाल के कब्जे से बचे 1 हजार रुपए बरामद कर पूछताछ के बाद वीरवार को आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश किया जहा से उसे न्यायिक हिरासत जेल भेजा गया। थाना सेक्टर 13/17 प्रभारी इंस्पेक्टर विलासाराम ने बताया कि सीआईए थ्री पुलिस टीम ने बीते वर्ष नवम्बर महीने में चोर गिरोह के आरोपी मोनू निवासी छाजपुर, रोहित निवासी शामली यूपी व एक नाबालिग आरोपी को गिरफ्तार किया था।

# विज्ञान विभाग में पंजाब दा चस्का कैफेटेरिया का आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया**

**कुरुक्षेत्रः** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के गृह विज्ञान विभाग में वार्षिक कैफेटेरिया पंजाब दा चस्का का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्यातिथि कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा व डॉ. ममता सचदेवा थे। इस कैफेटेरिया में पंजाब की संस्कृति को दशार्ते हुए मेहमानों के समक्ष पंजाबी थाली को परोसा गया। कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने छात्राओं के प्रयासों की सराहना की और भविष्य में भी इस प्रकार के आयोजन को करने के लिए प्रोत्साहित किया व आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रोत्साहित किया। विभागाध्यक्ष प्रो. तरविन्द्रजीत कौर ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को स्वरोजगार के लिए निपुण बनाना है ताकि भविष्य में वह आत्मनिर्भर बन सके।

# डॉ सुशील गुप्ता को मिल रहा भारी समर्थनः स्वीटी रंगा



**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** हल्का शाहाबाद के गांवों में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी डॉक्टर सुशील गुप्ता के साथ प्रोग्राम में कांग्रेस नेत्री स्वीटी रंगा नलवी साथ रही। स्वीटी रंगा नलवी ने कहा कि डॉक्टर सुशील गुप्ता कुरुक्षेत्र लोकसभा से भारी मतों से जीतेंगे । जनता भाजपा सरकार से दुखी है देश और प्रदेश में कांग्रेस पार्टी की सरकार बनेगी इसके लिए जनता मन बना चुकी है। कांग्रेस नेत्री रंगा नलवी ने गुप्ता को विश्वास दिलाया की हल्का शाहाबाद से अधिक से अधिक वोटो से जीतेगे। कांग्रेस नेत्री स्वीटी रंगा नलवी गांव में घर-घर जाकर गुप्ता के लिए वोटो की अपील कर रही है और जनता का पुरजोर समर्थन इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी डॉक्टर सुशील गुप्ता को मिल रहा है। उन्होंने हल्का शहबाद की जनता से अपील की है कि वह गठबंधन के प्रत्याशी सुशील गुप्ता के समर्थन में 25 मई तक मैदान में डटे रहें ।

# कुवि ने यूजी/पीजी वार्षिक परीक्षाओं में आवेदन की अंतिम तिथि

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के दिशा-निर्देशानुसार विद्यार्थियों के हितों को ध्यान में रखते हुए परीक्षा शाखा ने कुवि के यूजी/पीजी वार्षिक प्राइवेट परीक्षाओं में मई/जून 2024 में नए/कम्पार्टमेंट/इम्प्रेवमेंट/एडिशनल/पूर्व-छात्रों के लिए केयू आईयूएमएस पोर्टल पर ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि को बढ़ाया है। लोक सम्पर्क विभाग के उप-निदेशक डॉ. दीपक राय बब्बर ने बताया कि अब विद्यार्थी 10 अप्रैल तक बिना विलम्ब शुल्क के पोर्टल पर जाकर ऑनलाइन परीक्षा फार्म भर सकते हैं।

# किड्स प्लेनेट प्रेम पब्लिक स्कूल में नए सत्र का शुभारंभ किया




**प्रस्तुत**

8 विद्यार्थियों ने इस अवसर पर माटी का पुतला, मिटी धुंध जग चानन होया शब्द भी प्रस्तुत किए

**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्रः** किड्स प्लेनेट प्रेम पब्लिक स्कूल सेक्टर-3 कुरुक्षेत्र में नए सत्र के शुभारंभ में गुरु का आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए जपजी साहिब का पाठ तथा शब्द-कीर्तन करवाया गया। विद्यार्थियों ने इस अवसर पर माटी का पुतला, मिटी धुंध जग चानन होया शब्द भी प्रस्तुत किए। स्टाफ एवम बच्चे पांच प्यारो की अगुवाई में मुख्य आकर्षण का केंद्र बने। सतनाम वाहेगुरु जी का जाप भी करवाया गया। इस दौरान विद्यार्थियों की पढ़ाई में तरक्की बख्शने की अरदास की गई। इस मौके पर स्कूल के प्रबंधक परमिंदर सिंह बाठ जी ने रतगल गुरुद्वारा साहिब से आए हुए अतिथिगण को सारोपा देकर सम्मानित किया तथा विद्यार्थियों को शुभ कामनाएं दी और नए सत्र में और मेहनत करने की प्रेरणा दी। इस कार्यक्रम में स्कूल की एकेडमिक इंचार्ज मेघा भटला, पी आर ओ रुचिका, कोऑर्डिनेटर सुनीता अरोड़ा, ज्योति खनेजा, एच.आर पूजा मैम तथा अन्य शिक्षक, अभिभावक एवं टीचिंग तथा नॉन टीचिंग स्टाफ भी शामिल हुआ। एकेडमिक इंचार्ज मेघा भटला ने कहा कि स्कूल में नए सत्र शुरूआत जपजी साहिब के पाठ से की गई है, जिसमें बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना के साथ उन्हें अपने लक्ष्य हासिल करने के लिए प्रेरित किया गया।"अंत में विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों को कड़ाह प्रसाद की देग वरताई गई।

# समालखा का विकास नहीं हुआ इसके लिए पालिका चेयरमैन जिम्मेदारः श्याम बरेजा

**समालखा ( कुलदीप सिंह )**

**पूर्व पार्षद एवं भाजपा नेता श्याम सुंदर बरेजा** ने कहा कि करनाल लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी मनोहर लाल खट्टर इमानदार है। उन्होंने प्रदेश सरकार का मुखिया रहते हुए प्रदेश का चहुंमुखी विकास किया है परन्तु मैं मानता हूं कि समालखा में सीएम घोषणाओं पर भी काम नहीं हुआ लेकिन इसके लिए मनोहर लाल नहीं बल्कि हमारे जनप्रतिनिधि जिम्मेदार है।

पूर्व पार्षद श्याम बरेजा ने कहा कि समालखा में पंजाबी धर्मशाला का निर्माण आज तक अधूरा पड़ा है जबकि प्रदेश सरकार ने समय पर बजट भेज दिया था। नगर पालिका चेयरमैन अशोक कुच्छल व पालिका अधिकारियों की आपसी खींचतान के चलते शहर का विकास प्रभावित हुआ है। अशोक कुच्छल भाजपा का चेयरमैन होने के बावजूद शहर में विकास कार्य नहीं करवा पाया यह उसकी कार्यशैली का नतीजा है। अशोक कुच्छल सिर्फ मिडिया में बयान बाजी करते हैं। उन्होंने सरकार को कोई चिट्ठी लिखी हो तो दिखाएं। उन्होंने पंजाबी धर्मशाला का निर्माण न हो पाने का ठिकरा भी अधिकारियों के सिर फोड़ा। उन्होंने कहा कि समालखा में कांग्रेस का विधायक हैं भाजपा का जनप्रतिनिधि न होने की वजह से सीएम घोषणाओं की पैरवी ठीक से नहीं हो पायी।

# ऐतिहासिक व यादगार होगा महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती एवं अभिनंदन

**तैयारियां पूरी**

8 पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल शिरकत करेंगे। इस कार्यक्रम में प्रदेश भर से सैनी एवं सर्व समाज के लोग पहुंचेंगे



**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** सैनी समाज सभा की तरफ से थीम पार्क में महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती एवं अभिनंदन समारोह का ऐतिहासिक एवं यादगार कार्यक्रम 7 अप्रैल को सुबह 10 बजे आयोजित किया जाएगा। इस समारोह में मुख्यातिथि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी होंगे। इस कार्यक्रम में अति विशिष्ट अतिथि के रुप में पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल शिरकत करेंगे। इस कार्यक्रम में प्रदेश भर से सैनी एवं सर्व समाज के लोग पहुंचेंगे। इस समारोह की तैयारियां पूरी की जा रही है। यह कहना है हरियाणा के स्थानीय शहरी निकाय राज्यमंत्री श्री सुभाष सुधा का।राज्यमंत्री श्री सुभाष सुधा ने कहा कि प्रदेश सरकार ने अपने कार्यकाल के दौरान सभी समाजों को महान लोगों की जयंती समारोह को सरकारी तौर पर मनाने का निर्णय लिया था। इस निर्णय के तहत सभी समाजों के महापुरुषों की जयंती मनाई गई। इन सभी कार्यक्रमों में हजारों की संख्या में समाज के लोगों ने भाग लिया था। इन कार्यक्रमों के आयोजन के पीछे एक मकसद था कि लोग महान लोगों से प्रेरणा लेकर उनके दिखाए मार्गों पर चल सके। युवा पीढ़ी को भी अपनी प्राचीन संस्कृति धरोहर और महान लोगों के जीवन से आत्मसात करने का अवसर मिले। उन्होंने कहा कि अब सैनी समाज की तरफ से 7 अप्रैल को सुबह 10 बजे थीम पार्क में महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस जयंती समारोह कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी मुख्यातिथि होंगे और पूर्व मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल अति विशिष्ट अतिथि होंगे। इसके अलावा पूर्व सांसद सरदार गुरदयाल सिंह सैनी, कैथल से उद्योगपति बालकिशन सैनी, उद्योगपति रणबीर सिंह खंडवालिया विशिष्दद अतिथि के रुप में पहुंचेंगे।,उन्होंने कहा कि इस राज्यस्तरीय कार्यक्रम के लिए सभी लोगों को निमंत्रण दिया गया है। यह कार्यक्रम अपने आप में एक अदभुत और शानदार कार्यक्रम होगा। इस कार्यक्रम में पहुंचने के लिए सैनी समाज के साथ-साथ सर्व समाज के लोग उत्साहित है। इस कार्यक्रम के लिए सभी जोर शोर से तैयारियां कर रहे है। इस कार्यक्रम की तमाम व्यवस्थाएं सैनी समाज सभा के प्रधान व समारोह के संयोजक गुरनाम सिंह सैनी देख रहें है। इसके अलावा वरिष्ठद उपप्रधान सत्यवान सैनी सजुमा, उपप्रधान जोगिंद्र सिंह सैनी बारवा, महासचिव अवतार सिंह सैनी प्रतापगढ़, सह सचिव श्याम लाल सैनी कुरुक्षेत्र तथा समस्त कार्यकारिणी के सदस्य तैयारियों में जुटे हुए है।

# पूर्व मंत्री सावित्री जिंदल का हो रहा है जगह-जगह स्वागत व सम्मान



**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** धर्मनगरी कुरुक्षेत्र में अग्रवाल समाज के लोगों सहित अन्य लोगों द्वारा भी राज्य की पूर्व मंत्री एवं भारत की सबसे अमीर महिला सावित्री जिंदल के स्वागत व सम्मान का सिलसिला जारी है। उल्लेखनीय है कि लम्बे समय के बाद सावित्री जिंदल कुरुक्षेत्र पहुंची है तो लोगों में मिलने के लिए उत्साह है। इस मौके पर उन्होंने कुरुक्षेत्र के विकास व महत्व बारे विचार भी सांझा किए। इस अवसर पर कुरुक्षेत्र के थानेसर हल्का विधायक व हरियाणा सरकार के स्थानीय निकाय एवं आवास मंत्री सुभाष सुधा की धर्मपत्नी तथा थानेसर नगर परिषद की निवर्तमान अध्यक्षा उमा सुधा, पूर्व सांसद व कुरुक्षेत्र लोकसभा सीट से उम्मीदवार नवीन जिंदल की बहन, भारतीय कथक नर्तक राकेश शर्मा और उनकी पत्नी सहित नगर की विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## न्यूज फ्लैश

### विवाहिता को दो निरंकारियों ने बचाया

राजकुमार प्रिंस

**करनाल। जिले के कस्बा** असंध में व्हाट्सऐप स्टेटस पर 29 सेकेंड का वीडियो अपलोड कर संदिग्ध हालातों में लापता हुई राहड़ा गांव की महिला गुरुग्राम के निरंकारी भवन से मिली है। परिजनों के मुताबिक वीडियो अपलोड करने के बाद महिला ने बल्ला के पास नहर में छलांग लगा दी थी, लेकिन उसी वक्त फरिश्ते के रूप में आए दो लोगों ने महिला को नहर में छलांग लगाते हुए देख लिया। वह महिला को बचाने के लिए नहर में कूद पड़े। इसके बाद महिला को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। दोनों ही निरंकारी मिशन से जुड़े हुए हैं और महिला का परिवार भी निरंकारी है। महिला से उन्होंने नहर में छलांग लगाने का भी कारण पूछा था, जिसमें उसने अपने पति से परेशान होने की बात बताई थी। वह उस वक्त घर नहीं जाना चाहती थी, लिहाजा दोनों निरंकारियों ने गुरुग्राम के निरंकारी सत्संग भवन में छोड़ दिया था। सत्संग भवन में ही महिला को समझा-बुझाकर घर लौटने के लिए मनाया। महिला ने सिर्फ अपनी मां का नंबर ही याद था, नंबर डायल किया और उसकी मां ने फोन उठाया। उस वक्त उसकी मां महिला के ससुराल राहड़ा में ही थी। मां ने फोन उठाया और बेटी की आवाज सुनकर जान में जान आई। गुरुग्राम निरंकारी सत्संग भवन के लोगों ने घर वालों को आने के लिए कहा। इसके बाद घर वाले मौके पर पहुंचे और उसे रात को वापस ले आए। 2 अप्रैल को विवाहिता ने बल्ला नहर पर खड़े होकर 29 सेकेंड का वीडियो जारी किया था। जिसमें पहले छह सेकेंड तक वह रोती हुई नजर आ रही है और उसके बाद उसने कहा कि अब बर्दाश्त नहीं होता, ज्यादा टेंशन ना लें, बल्कि आपकी टेंशन खत्म होने लग री, हे प्यारी सी नदी अपने आप में समा ले मैंने। स्टेटस अपलोड होने के बाद मोबाइल स्विच ऑफ हो गया। घर परिवार के लोगों ने स्टेटस देखा तो खलबली मच गई। जब परिवार वाले नदी की तरफ गए तो वहां पर कोई नहीं मिला। अनहोनी के डर से पूरे परिवार की रूह कांप गई थी। परिजनों ने शिकायत में बताया था कि 27 वर्षीय विवाहिता असंध में कम्प्यूटर सेंटर पर जाती थी और आज भी वह घर से यह बोलकर निकली थी कि वह कंप्यूटर सेंटर पर जा रही है, लेकिन वह कंप्यूटर सेंटर पर नहीं पहुंची।

### सोमेट एजुकेशन फाउंडेशन ने इंडियन टैलेंट डेवलपमेंट इनीशिएटिव के विकास के लिए एक्कोर के साथ की साझेदारी

**नई दिल्ली:** हॉस्पिटैलिटी एजुकेशन में अग्रणी इंडियन स्कूल ऑफ हॉस्पिटैलिटी (आईएसएच) और सोमेट एजुकेशन ने इंडियन टैलेंट डेवलपमेंट इनीशिएटिव के अनावरण के लिए हॉस्पिटैलिटी के ग्लोबल लीडर एक्कोर के साथ साझेदारी की घोषणा की है। इस तीन साल की साझेदारी को बेंगलुरु में आयोजित 19वें होटल इन्वेस्टमेंट सम्मेलन एचआईसीएसए 2024 के दौरान आधिकारिक रूप दिया गया। इस पहल के तहत सोमेट एजुकेशन फाउंडेशन और एक्कोर वंचित समुदायों के 16 प्रतिभाशाली युवाओं को आईएसएच के इंटेंसिव क्युलिनरी आर्ट्स प्रोग्राम तथा इंटेंसिव पेस्ट्री एण्ड बेकरी प्रोग्राम में नामांकन के लिए स्पॉन्सर करेंगे। हर इनटेक में 5 से 6 छात्र शामिल होंगे, प्रोग्राम की शुरूआत अगस्त 2024 में होगी, जिसके बाद जनवरी 2025 और जनवरी 2026 में भी इनटेक होंगे। कुनाल वासुदेवा, सह-संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक, इंडियन स्कूल ऑफ हॉस्पिटैलिटी ने कहा की आईएसएच इन इन प्रतिभाशाली युवाओं को सर्वोच्च प्रशिक्षण एवं उत्कृष्ट लर्निंग प्रदान कर उन्हें हॉस्पिटेलिटी मैनेजर्स के रूप में विकसित करेगा, जो आगे चलकर हॉस्पिटैलिटी सेक्टर में नए बेंचमार्क स्थापित करते हुए इस सेक्टर के भविष्य को नया आयाम देंगे। आईएसएच ने जाने-माने शिक्षा संस्थानों जैसे विश्वस्तर पर मान्यता प्राप्त क्यूलीनरी स्कूल इकोले ड्यूकास, फ्रांस और लेस रोशेस, स्विट्जरलैण्ड की साझेदारी में हॉस्पिटेलिटी मैनेजमेन्ट और क्यूलीनरी आर्ट प्रोग्रामों के साथ विशेष प्रतिष्ठा हासिल की है। 10 देशों में सोमेट एडुकेशन के 20 परिसरों के ग्लोबल नेटवर्क के साथ आईएसएच छात्रों को हॉस्पिटेलिटी उद्योग के प्रभावी लीडर्स के रूप में सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। सोमेट एडुकेशन और एक्कोर स्थायी विकास को बढ़ावा देने, रोजगार की खामियों को दूर करने तथा वंचित समुदायों के युवाओं को सशक्त बनाकर उन्हें हॉस्पिटेलिटी सेक्टर में करियर बनाने में मदद करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# कोई भी राजनैतिक दल व आमजन आचार संहिता की उल्लंघना न करे: उत्तम सिंह

राजकुमार प्रिंस

**करनाल। उपायुक्त एवं** जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने लोकसभा आम चुनाव 2024 व करनाल विधानसभा के उपचुनाव के दृष्टिगत वीरवार को लघु सचिवालय के सभागार में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक ली और उन्हें जिला में स्थापित किए गए मतगणना केन्द्रों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।



उन्होंने बताया कि लोकसभा आम चुनाव के लिए करनाल विधानसभा क्षेत्र के मतो की गणना डीएवी सीनियर सैकेन्डरी स्कूल करनाल के हॉल नंबर 1, इन्द्री विधानसभा क्षेत्र के मतो की गणना एसडी सीनियर सैकेन्डरी स्कूल करनाल के लाईब्रेरी हॉल, घरौंडा व असंध विधानसभा क्षेत्र के मतों की गणना एसडी मॉडल सीनियर सैकेन्डरी स्कूल करनाल के विवेकानंद ब्लॉक तथा नीलोखेड़ी विधानसभा क्षेत्र की मतो की गणना एसडी मॉडल सीनियर सैकेन्डरी स्कूल करनाल के लाईब्रेरी हॉल में करवाई जाएगी। इसके अलावा करनाल विधानसभा के उपचुनाव के लिए डीएवी सीनियर सैकेन्डरी स्कूल करनाल के लाईब्रेरी को मत गणना केन्द्र बनाया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी राजनैतिक दल का प्रतिनिधि मतगणना केन्द्रों का निरीक्षण कर सकते हैं। उपायुक्त ने बैठक में सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से अनुरोध किया कि वे लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया को पारदर्शी, निष्पक्ष और शांतिपूर्वक ढंग से संपन्न करवाने के लिए आदर्श चुनाव आचार संहिता की पालना करें। ट्वीटर, इंस्ट्राग्राम और फेसबुक आदि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर ऐसी कोई सामग्री पोस्ट न करें, जिससे आदर्श चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन हो। इसके साथ-साथ सभी राजनैतिक दल व चुनाव के इच्छुक लोग दा हरियाणा डिफेंसमेंट ऑफ प्रॉपर्टी एक्ट की पालना करें। किसी भी प्राईवेट प्रोपर्टी पर बिना मालिक की इजाजत के प्रचार सामग्री चस्पा न करें। यदि कोई बिना इजाजत के प्रचार सामग्री चस्पा करता है तो वह दा प्रिवेंशन ऑफ डिफेंसमेंट एक्ट की उल्लंघना माना जाएगा तथा ऐसा करने वालों के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## हेमा मालिनी पर अभद्र टिप्पणी करने पर सुरजेवाला से मांगा जवाब



मनीष कुमार

**अम्बालाः महिला** आयोग की चेयरपर्सन रेणु भाटिया ने अंबाला पहुची यहा उन्होने पत्रकारों से बातचीत करते हुए। उन्होंनें कहा की रणदीप सुरजेवाला द्वारा फिल्म अभिनेत्री और मथुरा से भाजपा लोकसभा उम्मीदवार हेमा मालिनी को लेकर दिए गए बयान पर टिप्पणी करते हुए कहा की सुरजेवाला के इस बयान ने उनकी मानसिक को दशार्या है। जल्द भी महिला आयोग उन्हे नोटिस देकर पूछेगा की क्या महिलाओं से इस तरह की भाषा का प्रयोग किया जाता है । कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला द्वारा उत्तर प्रदेश के मथुरा से भाजपा सांसद हेमा मालिनी पर की गई अभद्र टिप्पणी मामले में हरियाणा के महिला आयोग ने संज्ञान लिया है। आयोग ने रणदीप सुरजेवाला को समन जारी करते हुए जवाब तलब किया है।

## पुलिस में नौकरी के नाम पर ठगे 33.50 लाख

राजकुमार प्रिंस

**करनाल। जिले के सालवन** गांव में पुलिस में नौकरी के नाम पर साढ़े 33 लाख रुपए की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। पीड़ित ने ऑनलाइन और ऑफलाइन तरीके से आरोपी को पेमेंट दी। पेमेंट लेने के बाद आरोपियों ने कॉल उठाना ही बंद कर दिया। पीडित आरोपियों से भी मिला और पैसे मांगे तो उसे जान से मारने की धमकी दी गई। इसके बाद उसने असंध पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने जांच करने के चार महीने बाद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। गांव सालवन निवासी जसबीर सिंह अपने बीटेक बेटे अरुण कुमार के लिए नौकरी की तलाश कर रहा था। उसे गांव के कुलदीप नामक व्यक्ति ने लडके को पुलिस में नौकरी लगवाने की बात कही और गन्नौर निवासी रामपाल और रवि से मिलवाया। रामपाल व रवि ने कुछ राजनीतिक लोगों के साथ फोटो दिखाई और बताया कि मेरी जान पहचान बहुत है। बेटे की नौकरी लगवा सकता हूं, लेकिन इसके लिए मोटी रकम लगेगी। पीड़ित ने बताया कि वह उसकी बातों में आ गया।



13 जुलाई 2021 को आरोपी सालवन गांव में आए और 13 हजार नकद व 1.87 हजार रुपए गूगल पे के माध्यम से ले गए। कभी मुनक पूल के पास आकर पैसे ले जाते तो कभी पैसे यमुनानगर में मंगवाते। 18 सितंबर 2023 तक 33.50 लाख रुपए आरोपी ले चुके थे। पैसे जाने के बावजूद भी जब आरोपियों ने फोन उठाना बंद कर दिया तो उसे शक हुआ। उसने अपने स्तर पर जांच की तो पाया कि ये लोग भोले भाले लोगों को अपने जाल में फांसते हैं और पैसे हड़पते हैं।

## मोदी सरकार के खिलाफ जनता में दिख रहा आक्रोश: ओमवीर

कमाल हुसैन

**पानीपतः अखिल भारतीय** राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे , जननायक राहुल गांधी एव शीर्ष नेतृत्व के संदेश को जन जन तक पहुचाने के लिये कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव व उत्तराखण्ड प्रभारी सभी वर्गों में बहन कुमारी शैलजा के दिशा निदेर्शानुसार अपने जनसम्पर्क के माध्यम से घर घर कांग्रेस, हर घर कांग्रेस अभियान के तहत पानीपत ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के उझा गेट के पास स्थित साँई कॉलोनी में जनसभा आयोजित की गई । कार्यक्रम में हरियाणा प्रदेश कांग्रेस पत्र कमेटी के सदस्य व समाजसेवी ओमवीर सिंह पंवार का बतौर मुख्यातिथि पहुचने पर उपस्थित कॉलोनी के गणमान्य व्यक्तियों द्वारा स्वागत किया गया । कांग्रेस नेता ओमवीर सिंह पंवार ने उपस्थित कॉलोनिवासीयो को सम्बोधित करते



हुये कहा कि कहा कि भाजपा की मोदी सरकार की तानाशाही ब वकुनीतियों के खिलाफ आम जनता में भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है। जनता अब सब कुछ समझ चुकी है । उन्होंने कहा भाजपा केंद्र सरकार विपक्षी नेताओं को ईडी, सीबीआई, इनकम टैक्स जैसी संस्थाओं के माध्यम विपक्षी नेताओं के खिलाफ हथियार बना लिया है ईडी के निशाने पर केवल मात्र गैर भाजपाई नेताओ व मुख्यमंत्रीयो पर लिया जा रहा है जो ईडी के डर भाजपा में शामिल हो जाता है उसके सभी कांड माफ कर दिये जाते है । कांग्रेस नेता ने कहा बीजेपी के पास ऐसी वाशिंग मशीन है जिसमे कथित भ्रष्ट नेताओ को डालते ही खुद बीजेपी नेताओं में उन्हें पाक साफ बताने की होड़ लग जाती है ओमवीर सिंह पंवार ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुये कहा कि भाजपा सभी कारगुजारी से अब जनता छिपी नही है जहत सब समझ चुकी है इसलिये भाजपा का 200 पास पहुचना बहुत मुश्किल है पवार ने दावे के साथ कहा हरियाणा सभी सीटे जनता कांग्रेस मि झोली में डालेगी । उन्होंने कॉलोनीवासियों को कांग्रेस पार्टी की नीतियों से अवगत कराते हुये स्थानीय आमजन को पार्टी के साथ जोड़ते होते हुये ओमवीर सिंह पंवार ने उपस्थित कॉलोनीवासियों से अपील करते हुये कहा कि वक्त है बदलाव का इसलिये आने चुनाव में कांग्रेस पार्टी को सभी अपना भरपूर सर्मथन दे क्योकि कांग्रेस पार्टी की जी नीतियां है वह सभी वर्गों के लिये हितकारी है उपस्थित कॉलोनीवासियों आशीर्वाद मांगते हुये कहा कि अगर पार्टी ने विधानसभा चुनाव में ग्रामीण क्षेत्र से मुझे मौका दिया तो क्षेत्र की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ समाधान किया जाएगा ।

## एटीएम मशीनों से चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले चार आरोपी काबू

राजकुमार प्रिंस

**करनाल। सीआइए वन पुलिस टीम ने माल रोड** स्थित एक्सिस बैंक की एटीएम मशीनों से कैश चोरी करने वाले चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से एटीएम मशीनों से चुराए गए एक लाख रुपए और वारदात के समय प्रयोग की गई स्विफ्ट कार बरामद की गई है। उल्लेखनीय है कि फरवरी माह में माल रोड़ करनाल पर स्थित एक्सिस बैंक की एटीएम मशीनों से कैश चोरी होने की एक शिकायत प्राप्त हुई थी, जिसके संबंध में थाना सिविल लाइन में 18 फरवरी को भादंसं की धारा-457, 380, 473, 411, 427, 201 व 120बी के तहत मामला दर्ज किया गया था। इस मामले की जांच की जिम्मेवारी



सीआइए वन को सौंपी गई। इस मामले में पानीपत पुलिस द्वारा चार आरोपियों को गिरफ्तार करने बारे सूचना प्राप्त हुई। सुचना मिलते ही सीआइए वन की टीम ने बिना किसी देरी के आरोपियों की गिरफ्तारी लेने के लिए प्रोडक्शन वारंट लगाया और 30 मार्च को चारों आरोपियों धीरज पुत्र जयपाल, मोहित पुत्र जयपाल वासी ब्रहम नगर राजीव कालोनी, हांसी रोड़ करनाल, रवि पुत्र रोशन लाल वासी नजदीक जोगीदास कोठी

**शिकंजा**

**8 आरोपियों के कब्जे से एटीएम मशीनों से चुराए गए एक लाख रुपए और वारदात के समय प्रयोग की गई स्विफ्ट कार बरामद की**

बांसो गेट, करनाल हाल श्रीराम कालोनी शिवपुरी रोड, करनाल और तारीक अनवर पुत्र जुहारूदीन वासी गांव अन्द्रोल थाना हथीन, पलवल को प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया। पुलिस टीम द्वारा सभी आरोपियों को अदालत के समक्ष पेशकर पुलिस रिमांड पर लिया गया। सीआईए वन के प्रभारी उपनिरीक्षक अनिल कुमार ने बताया कि रिमांड के दौरान आरोपियों के कब्जे से एटीएम मशीनों से चुराए गए एक लाख रुपए और वारदात के समय प्रयोग की गई स्वीफ्ट कार बरामद की गई। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान सामने आया कि आरोपी धीरज, मोहित व रवि के खिलाफ पहले भी आपसी विवाद के तहत कई मामले दर्ज हैं और आरोपी तारीक के खिलाफ भी पलवल में एक मामला शस्त्र अधिनियम की धाराओं के तहत व 3 मामले चोरी की धाराओं के तहत दर्ज हैं। उन्होंने बताया कि आज रिमांड अवधि समाप्त होने के बाद चारों आरोपियों को अदालत के समक्ष पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## आतंकवाद के खिलाफ एक मंच पर आएं सभी पार्टियां : मनिंदरजीत सिंह बिट्टा



राजकुमार प्रिंस

**करनाल। अखिल भारतीय** आतंकवाद विरोधी मोर्चा के अध्यक्ष मनिंदरजीत सिंह बिट्टा ने आतंकवाद के खिलाफ राजनीतिक पार्टियों को एक मंच पर आने का आह्वान किया। साथ ही किसान आंदोलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ रची गई साजिश पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि गैंगस्टर हो, टेररिज्म हो या फिर खालिस्तान हो, सभी राजनीतिक पार्टियों को एक मंच पर एकत्रित होने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि किसान आंदोलन के दौरान शंभू बॉर्डर पर धरना प्रदर्शन चलता रहा। किसान पूरे देश में हैं, अकेले पंजाब में नहीं। इसके अलावा किसी और प्रदेश के किसानों ने धरना नहीं लगाया। धरना देने का सबको अधिकार है, लेकिन आंदोलन के अंदर (किसान की बात नहीं कर रहा) देश के प्रथम सेवक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बारे में यह कहा जाए कि पहले फिरोजपुर में आए थे, अब बचकर नहीं जाएंगे। इसकी जिम्मेदारी कौन लेगा, यह मेरा सवाल है? मनिंदरजीत सिंह बिट्टा ने कहा कि हमने दो-दो प्रधानमंत्रियों को खोया है। हमने राजीव गांधी को खोया है, हमने इंदिरा गांधी को खोया है, हमने पंजाब के चीफ मिनिस्टर को खोया है, हमने पंजाब में 36 हजार बेकसूरों का कत्लेआम होते देखा है और 19 हजार हिंदू भाइयों का खून पीते हुए देखा है।

## बहन की शादी में चले चाकू, घायल

राजकुमार प्रिंस

**करनाल। जिले के पिंगली** गांव के पिंटू और उसके दोस्त दीपक पर चाकुओं से हमला कर दिया गया। हमला 2 अप्रैल को उस वक्त हुआ, जब पिंटू की चचेरी बहन की शादी के फेरे चल रहे थे। इसी दौरान को पिंटू को कोई युवक बुलाकर बाहर ले जाता है और वहीं पर उसे पर चाकुओं से हमला कर दिया जाता है। दीपक भी अपने दोस्त पिंटू को छुड़ाने के लिए आता है तो उसको भी चाकुओं से गोद दिया जाता है और आरोपी मौके से फरार हो जाते है। दोनों को करनाल के एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां पर दीपक की हालत देखते हुए



डॉक्टरों ने उसे चंडीगढ़ रेफर कर दिया गया है, जबकि पिंटू आईसीयू में भर्ती है। आज पुलिस भी स्टेटमेंट लेने के लिए करनाल अस्पताल में पहुंची, लेकिन पिंटू ने कुछ भी स्टेटमेंट देने से इंकार कर दिया। ऐसे में स्पष्ट नहीं हुआ है कि हमला किस वजह से हुआ। परिजनों की माने तो आरोपी गांव के ही है। पिंटू के चाचा ने बताया कि मेरे भाई की लडकी की शादी थी। पिंटू वहीं पर काम कर रहा था। फेरे चल रहे थे, इसी दौरान पिंटू को एक युवक बाहर ले गया और हमला कर दिया।

## योग आपके आत्मविश्वास को बढ़ाता है : दिनेश गुलाटी

राजकुमार प्रिंस

**करनाल। मेरा मिशन** स्वस्थ भारत के अंतर्गत मिशन प्रमुख दिनेश गुलाटी के नेतृत्व में आज का विशेष सत्र एलआईसी पार्क से संचालित किया गया। आज के शानदार सत्र की शुरूआत योग शिक्षिका राधिका भाटिया और कोमल कंबोज द्वारा की गई। सूक्ष्म व्यायाम के साथ एरोबिक्स का अभ्यास करवाया। एरोबिक्स वजन कम करने और शरीर को लचीला बनाने के लिए बहुत फायदेमंद है। आसन सत्र के साथ सूर्य नमस्कार का अभ्यास करवाया गया। दिनेश गुलाटी ने



कहा कि शरीर को आंतरिक रूप से स्वस्थ रखने के लिए प्राणायाम और ध्यान अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। प्राणायाम करने से आंतरिक अंगों की मालिश होती है, जिससे आपकी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। नियमित योग करने से आपका पाचन तंत्र सक्रिय हो जाता है और अपच और गैस जैसी पेट संबंधी अन्य बीमारियां खत्म हो जाती हैं। योग दर्द और सहनशीलता के स्तर को बढ़ाता है और पुराने दर्द को कम करने की दिशा में भी काम करता है। उन्होंने कहा कि योग आपके आत्मविश्वास को बढ़ाता है। जो व्यक्ति नित्यप्रति योग करता है, वह योग करने के बाद ऊजार्वान महसूस करते हैं।

सांस लेना और ध्यान आपको व्यर्थ के विचारों से मुक्ति दिलाने में सक्षम बनाता है। प्रतिदिन के योगाभ्यास से आप देखेंगे कि शांति अब केवल आपके अभ्यास का हिस्सा नहीं रह गई है। यह आपके जीवन जीने का एक तरीका बन गई हैं।

## मोदी को ही तीसरी बार प्रधानमंत्री देखना चाहती है देश की जनता: जगमोहन

### जनसम्पर्क कर भाजपा के पक्ष में की मतदान की अपील

राजकुमार प्रिंस

**करनाल। कुरूक्षेत्र भाजपा** के प्रभारी एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य जगमोहन आनंद ने कहा कि पूरे देश में केंद्र की मोदी सरकार के 10 वर्ष के कार्यकाल को सराहा जा रहा है। लोगों ने मोदी को 2024 में तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का मन बना लिया है। जगमोहन आनंद वार्ड 4 के कर्ण विहार में पूर्व पार्षद प्रतिनिधि भूपेंद्र नौतना के निवास पर बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने देश में पुनरू तीसरी बार भाजपा की सरकार बनाने और करनाल विधानसभा से प्रत्याशी प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सैनी एवं करनाल लोकसभा से भाजपा



प्रत्याशी एवं पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल को भारी मतों से विजयी बनाने का आह्वान किया।उन्होंने कहा कि कहा कि जिस तरह से प्रदेश ने मनोहर लाल के नेतृत्व में तरक्की की है, ठीक उसी तरह से अब प्रदेश को मुख्यमंत्री नायब सैनी विकास के नए आयाम देंगे। मनोहर लाल ने अपने कार्यकाल में करनाल के साथ साथ पूरे प्रदेश का समान रूप से विकास किया है और उनके नेतृत्व में कोई भी कोना विकास से अछूता नहीं रहा है। अब मनोहर लाल को करनाल लोकसभा क्षेत्र की जनता रिकॉर्ड मतों से जिताकर लोकसभा में भेजेगी।पूर्व पार्षद प्रतिनिधि भूपेंद्र नौतना एवं वार्डवासियों ने आश्वासन दिया गया कि उनके वार्ड से सबसे ज्यादा लीड लोकसभा और विधानसभा

**दावा**

**8 अब मनोहर लाल को करनाल लोकसभा क्षेत्र की जनता रिकॉर्ड मतों से जिताकर लोकसभा में भेजेगी।**

उपचुनाव में दर्ज की जाएगी। इस अवसर पर सुरेश राणा, सतेंद्र नौतना, दिवाकर प्रसाद, योगेश कौशिक, गुरनाम, रामानंद, रामप्रीत प्रसाद, राम प्रताप, गुलशन कुमार, परमाल सिंह, गुरमेज, राजकुमार, जिले सिंह, बलवान सिंह, गुरनाम सिंह, बिशन दास सहित अन्य मौजूद थे।

## संडे मार्किट से मोटरसाइकिल चुराने वाला काबू

राजकुमार प्रिंस

**करनाल। जिला पुलिस** की एंटी आटो थेफ्ट स्टाफ टीम ने प्रत्येक रविवार को सैक्टर-12 के ग्राउंड में लगने वाली संडे मार्किट से दोपहिया वाहन चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले एक आरोपी को काबू किया है। आरोपी के कब्जे से चुराई गई पांच मोटरसाइकिलें बरामद की गई हैं। एंटी आटो थेफ्ट स्टाफ के इन्चार्ज उपनिरीक्षक रोहताश सिंह ने बताया कि 1 अप्रैल की शाम को पुलिस टीम ने सूचना के आधार पर आरोपी रितिक पुत्र बिजेन्द्र सिंह वासी दथेडा थाना झींझाना, यूपी, हाल गांव बड़सालू, जिला करनाल को गिरफ्तार किया। पूछताछ के आधार पर आरोपी से पांच



मोटरसाइकिलें बरामद की गई। आरोपी द्वारा ये सभी मोटरसाईकिल थाना लाईन क्षेत्र में सैक्टर-12, करनाल संडे मार्किट से चोरी की गई थी। इनके संबंध में पहले से ही शिकायतकताओं की शिकायत पर थाना सिविल लाइन में चोरी के तहत मामले दर्ज हैं। उन्होंनें बताया कि आरोपी वारदात को अंजाम देने के लिए ऐसी मोटरसाईकिलों को अपना निशाना बनाता था, जिनका लाक न लगा हो। वह उनका स्विच निकालकर उन्हें फ्री करके उड़ा ले जाता था और इसके अलावा वह डुप्लिकेट चाबी के माध्यम से भी मोटरसाइकिलों के लाक व स्विच खोलकर उन्हें लेकर फरार हो जाता था।

## संपादकीय

# भाजपा ने राजनीति को सेवा करने का सर्वोत्तम माध्यम बनाया

**देश के रा**जनीतिक इतिहास में छह अप्रैल का दिन खास अहमियत रखता है। "अंधेरा छटेगा, सूरज निकलेगा, कमल खिलेगा " भारतीय जनता पार्टी के पहले अध्यक्ष अटल बिहारी वाजपेयी ने आज ही के दिन, 1980 में यानी 44 साल पहले, पार्टी की स्थापना के समय ये शब्द कहे थे। शायद उन्होंने यह बात पार्टी के कार्यकताओं का मनोबल बढ़ाने के लिए कही होगी लेकिन उस समय पार्टी कार्यकताओं या फिर विपक्षी दलों में शायद ही किसी ने सोचा होगा कि आने वाले दिनों में अटल जी की बातें सही साबित होंगी। 1984 के लोकसभा चुनाव में केवल दो सीटें हासिल करने से लेकर 2019 के चुनाव में 303 सीटें जीतने वाली भाजपा ने अपने इस शानदार सफर में कई उतार-चढ़ाव भी देखे, बड़े झटके भी खाए और मायूसी भी महसूस की। धरातल पर बदलाव लाने के लिए राजनीति सबसे सशक्त माध्यम है। राजनीति के माध्यम से हम समाज के दबे-कुचले लोगों और उपेक्षित समुदायों को ऊपर उठाते हुए सामाजिक-आर्थिक विषमताओं को दूर करने का भरसक प्रयास कर सकते हैं। एक व्यापक बदलाव लाने का जो कार्य, बड़े से बड़े वेतन वाली प्रतिष्ठित नौकरी करके भी नहीं किया जा सकता है, उसे राजनीति के माध्यम से आसानी से किया जा सकता है। इसी सिद्धांत पर चलते हुए भाजपा ने आरंभ से ही राजनीति को सत्ता की बजाय सेवा का माध्यम माना है। आजादी के बाद के लंबे कालखंड तक भारतीय राजनीति में परिवार और व्यक्ति केंद्रित दलों ने राजनीति को कमाई का जरिया बनाया और सेवा भाव को नदी के जलधारा में प्रवाहित कर दिया। बीच-बीच में केंद्र की सत्ता पर आसीन गैरकांग्रेसी सरकारों ने लोक कल्याण के लिए कुछ करने की सोची तो उन्हें अस्थिर कर दिया गया। 2014 में नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र में पूर्ण बहुमत की एनडीए सरकार का गठन हुआ, तब से तस्वीर में बदलाव आया है। पिछले दस वर्षों में आम आदमी को इस बात का आभास हुआ है कि राजनीतिज्ञ अगर सेवा करने के भाव से राजनीति करें तो कितना बड़ा और व्यापक बदलाव देश और आम आदमी की जिंदगी में लाया जा सकता है। भाजपा की रीति-नीति और संकल्पों की डगर पर चलते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने यह साबित कर दिया कि राजनीति सेवा का सबसे सशक्त माध्यम है। परिवारवादी दल जो अपने परिवारजनों के विकास और उत्थान में सारी ऊर्जा खपाते हैं, वह राजनीति को सेवा का नहीं, बल्कि मेवा का माध्यम मानते हैं। उनकी डिक्शनरी में परिवार पहले और देश बाद में आता है।

तीन मार्च, 2024 को बिहार की राजधानी पटना के गांधी मैदान में जन विश्वास महारैली में इंडी अलांयस की रैली में बोलते हुए राष्ट्रीय जनता दल के प्रमुख लालू प्रसाद यादव ने प्रधानमंत्री मोदी के परिवारवाद वाली टिप्पणी का जवाब देते हुए कहा था कि उनकी कोई संतान नहीं है। वो पत्नी के साथ नहीं रहते। कैसे जानेंगे कि परिवार क्या होता है? लालू प्रसाद की आपत्तिजनक टिप्पणी के अगले दिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तेलंगाना के आदिलाबाद में जनसभा को संबोधित कर रहे थे तो उन्होंने विपक्ष की ओर से उनके परिवार को लेकर किए गए हमले का परोक्ष रूप से जवाब दिया। प्रधानमंत्री ने कहा, मैं इनके परिवारवाद पर सवाल उठाता हूं, तो इन लोगों ने अब बोलना शुरू कर दिया है कि मोदी का कोई परिवार नहीं है। मैं इनसे कहना चाहता हूं कि 140 करोड़ देशवासी मेरा परिवार हैं।

# संजय निरुपम और संजय अनुपम





राकेश अचल

"वे एक दुर्घटना कि शिकार हो गए ,अन्यथा संजय निरुपम को कांग्रेस ने जो मौका दिया वो शायद न मिलता। बहरहाल हम राजनीति में सत्ता कि लिए बल्दियत बदलने कि हमेशा से विरोधी रहे हैं । संजय निरुपम का कांग्रेस से बगावत करना भी हमें इसी तरह से अटपटा लग रहा है। आने वाले दिनों में दोनों संजयों का निर्णय देश की जनता करेगी। जनता को हमेशा याद रखना होगा की कोई भी संजय निरुपम हमेशा कि लिए नहीं होता लेकिन कोई भी संजय सिंह से अनुपम भी बन सकता है। एक संजय कि पार्टी से बाहर जाने के और एक संजय कि जेल से बाहर आने के असर के बारे में आज बात करने की जरूरत नहीं है । दोनों की मौजूदगी दिल्ली ,मुंबई और देश की राजनीति में रेखांकित अवश्य की जाएगी। इति श्री संजय पुराणे अंतिम अध्याय समाप्त"

**संजय होना** आसान बात नहीं है । संजय यानि सारथी। सारथी ऐसा जो आजीवन साथ निभाए । हम और आप अनेक संजयों को जानते हैं । महाभारत के संजय से लेकर फिल्मों के संजय तक को ,लेकिन आज मै बात कर रहा हूँ राजनीति के दो ऐसे संजय की जो निरुपम होते हुए भी निरुपम नहीं रहे और एक संजय से संजय अनुपम बनते दिखाई दे रहे हैं। दरअसल संजय होना बहुत कठिन काम है। सबसे पहले बात करते हैं संजय निरुपम की। संजय निरुपम पत्रकारिता से राजनीति में आये। जब मैं दिल्ली जनसत्ता के लिए अपनी सेवाएं देता था,तब वे मुंबई संस्करण से जुड़े थे। अपनी दिलचस्पी की वजह से वे राजनीति में आये और कांग्रेस से जुड़े। कांग्रेस ने उन्हें 1996 में सीधे राज्य सभा भेज दिया। संजय ने अपनी सेवाओं से कांग्रेस मेंअपनी जगह बनाई ,नतीजा ये हुआ की उन्हें 2000 में दोबारा राजयसभा के लिए भेज दिया गया । खुशनसीब थे संजय निरुपम। संजय ने 2009 के लोकसभा चुनाव में उन्?होंने मुंबई [उत्तर ] से भाजपा के प्रत?याशी राम नाइक को हराया और सांसद चुने गये। उनकी जीत का अंतर करीब ढाई लाख वोटों का रहा। संजय अपनी स्पष्टवादिता और मुखरता के चलते कांग्रेस के लिए खरा सिक्का साबित हुए । 2014 में जब देश में मोदी लहर चल रही थी तब संजय निरुपम भाजपा के उम्मीदवार गोपाल शेट्टी से हार गए। शेट्टी ने उन्?हें 2 लाख 17 हजार वोटों से हराया। कांग्रेस ने संजय को पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष भी बनाया लेकिन बाद में पार्टी की पराजय के बाद संजय ने अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया। कांग्रेस के इसी खरे सिक्के को अब कांग्रेस से छह साल के निष्काषित कर दिया गया है। पार्टी निर्णयों के खिलाफ खड़े हुए संजय निरुपम को निकलने के अलावा कांग्रेस के पास कोई और विकल्प था भी नही। कहते हैं कि उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (यूबीटी) द्वारा मुंबई की छह लोकसभा सीट में से मुंबई उत्तर-पश्चिम सीट समेत चार के लिए अपने उम्मीदवारों की घोषणा के बाद निरुपम ने कांग्रेस के प्रदेश नेतृत्व पर निशाना साधा था। निरुपम मुंबई उत्तर-पश्चिम सीट से चुनाव लड़ना चाहते थ। निरुपम का कहना था कि कांग्रेस नेतृत्व को शिवसेना (यूबीटी) के आगे दबाव में नहीं झुकना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा था कि मुंबई में एकतरफा उम्मीदवार उतारने के शिवसेना (यूबीटी) के फैसले को स्वीकार करना कांग्रेस को बर्बाद करने की अनुमति देने के समान है।

मुमकिन है की संजय निरुपम सही हों लेकिन जिस कांग्रेस ने उन्हें सब कुछ दिया उसके फैसले कि सामने भी उन्हें संजय निरुपम ही बने रहना चाहिए था,उन्होंने पार्टी नेतृत्व को चुनौती देकर गलती की। तय है की कांग्रेस कि स्टार प्रचारक रहे संजय को अब यदि राजनीति करना है तो वे भाजपा की शरण में जायेंगे । निर्दलीय लड़ने की उनकी हैसियत नहीं है। उनके समर्थक उन्हें शायद ही क्षमा करें। आइये अब बात करते हैं आम आदमी पार्टी कि संजय सिंह की। संजय सिंह खनिज इंजीनयर हैं। वे समाजसेवा करते हुए अन्ना आंदोलन के जरिये सार्वजनिक जीवन में आगे बढ़े और आम आदमी पार्टी कि साथ राजनीति में आये। वे आम आदमी पार्टी कि सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल कि विश्वसनीय सारथी हैं। संजय संजय सिंह ने आम आदमी पार्टी की तरफ से 2018 तक कोई चुनाव नहीं लड़ा, मगर पार्टी के लिए शुरू से ही काम कर रहे हैं। इसी का परिणाम था की आम आदमी पार्टी ने उन्हें दिल्ली से राज्यसभा भेजा, ताकि पार्टी के कार्यकताओं का मन बना रहे और पार्टी के लोगों को यह भी लगे कि वह उनका ध्यान रखते हैं।इसके अलावा संजय सिंह ने किसानों, मजदूरों, बेरोजगारों और जिन राज्यों में प्राकृतिक आपदाएं आती वहां सहायता करना, अस्पताल में एंबुलेंस उपलब्ध करवाना आदि कई प्रकार के कार्य पार्टी में रहते हुए किए, जिसके कारण स्वयं और पार्टी दोनों के कद को बड़ा किया। संजय सिंह को आम आदमी पार्टी ने 2018 में राज्य सभा में भेजा था । वहां वे अपनी पार्टी की ही नहीं बल्कि विपक्ष की एक मजबूत आवाज बने । सबसे पहले उन्हें अपनी मुखरता की सजा राज्य सभा से निलंबन कि रूप में मिली ,बाद में उन्हें ईडी ने कथित शराब घोटाले कि मामले में आरोपी बनाकर जेल भेज दिय। संजय छह माह से जेल में थे और हाल ही में सुप्रीम कोर्ट से सशर्त जमानत पर बाहर आये है। जेल से बाहर आते ही उन्होने सबसे पहले जेल में बंद पार्टी सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल कि घर जाकर उनकी पत्नी सुनीता से भेंट की और आशीर्वाद लिया। अब संजय सिंह अपनी पार्टी कि लिए अनुपम बन गए हैं।

संजय सिंह कि सामने विकल्प था कि वे सत्तारूढ़ पार्टी भाजपा कि समाने समर्पण कर गिरफ्तारी से बच सकते थे ,किन्तु उन्होंने ऐसा नहीं किय। वे पार्टी कि प्रति निष्ठावान रहते हुए जेल गए और छह माह बाद जेल से बाहर आये। संजय सिंह भी संजय निरुपम की तरह अपनी पार्टी कि तमाम फैसलों से असहमत होकर पार्टी से बाहर आने की जुगत कर सकते थे । इस समय उन्हें भी सत्तारूढ़ पार्टी में मुंहमांगी कीमत मिल सकती थी ,लेकिन जमीर भी कोई चीज होती है । जो मुंबई कि संजय कि पास नहीं निकली लेकिन दिल्ली कि संजय कि पास इफरात में निकली ।केजरीवाल से असहमत तमाम लोगों ने आम आदमी पार्टी छोड़ दी। कुमार विश्वास और आशुतोष जैसे तमाम लोग संजय सिंह नहीं बन पाए।

राजनीति में संजय होना मुश्किल है । कांग्रेस कि पास संजय निरुपम से पहले एक संजय और थे। वे संजय गांधी थे। आपातकाल में अपनी कथित ज्यादतियों की वजह से खलनायक बने लेकिन उनकी अपनी शैली थी।

वे एक दुर्घटना कि शिकार हो गए, अन्यथा संजय निरुपम को कांग्रेस ने जो मौका दिया वो शायद न मिलता। बहरहाल हम राजनीति में सत्ता कि लिए बल्दियत बदलने कि हमेशा से विरोधी रहे हैं । संजय निरुपम का कांग्रेस से बगावत करना भी हमें इसी तरह से अटपटा लग रहा है। आने वाले दिनों में दोनों संजयों का निर्णय देश की जनता करेगी। जनता को हमेशा याद रखना होगा की कोई भी संजय निरुपम हमेशा कि लिए नहीं होता लेकिन कोई भी संजय सिंह से अनुपम भी बन सकता है।

एक संजय कि पार्टी से बाहर जाने के और एक संजय कि जेल से बाहर आने के असर के बारे में आज बात करने की जरूरत नहीं है । दोनों की मौजूदगी दिल्ली ,मुंबई और देश की राजनीति में रेखांकित अवश्य की जाएगी। इति श्री संजय पुराणे अंतिम अध्याय समाप्त ।

## कविता

### घर तो बुजुर्गो के साये से बनता है

सपनो में आकाश सी ऊंचाई होनी चाहिए,
दिल में सागर सी गहराई होनी चाईये,

अगला दिन इतिहास बनेगा या भविष्य,
मन की आँखों में इतनी बिनाई होनी चाहिये

घर तो बुजुर्गों के साये से बनता है,
उनकी सदा इज्जत अफजाई होनी चाईये।

ईश्वर में विश्वास हो पक्का तो,
कुरान और गीता सी सच्चाई होनी चाहिए।

रिश्तेदारों से तो पडोसी अच्छे है,
दुःख सुख के रिश्तों में गरमाई होनी चाहिए।

गर्भ में तो राम,रावण रोपे जाते है,
कर्मों की उसमें परछाई होनी चाहिए।

मुद्दतों बाद मिला है आज पुराना दोस्त,
देर तलक खुशबुओं की खुशनुमाई होनी चाहिए,

जिसने वतन की खातिर खून बहाया,
वतन परस्ती की भरपाई होनी चाहिये

संजीव

## अच्छे स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहकर जीवन व्यतीत करें

डॉ. बीआर नलवाया

**आज** विश्व स्वास्थ्य दिवस पर हमें अपनी सेहत के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया जाता है। अच्छी सेहत और लंबी उम्र की चाहत सभी व्यक्तियों की होती है लेकिन बहुत ही कम लोग इसका राज जानते हैं। स्वस्थ रहने का पहला कदम है, स्वास्थ्य के प्रति जागरूक हो, स्वास्थ्य को समझें, स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही नहीं करें जो व्यक्ति स्वास्थ्य संबंधी नियमों का पालन करते हैं उन्हें फिर बीमार पड़ने की चिंता नहीं रहती व वे बीमार नहीं पड़ते। यदि बीमार हो भी गए तो जल्दी ही स्वतः ठीक हो जाते हैं। जीवन का सही सदुपयोग करने के लिए स्वस्थ रहना आवश्यक है।

लंबी उम्र का राज आपकी जीवनशैली में छुपा है। आप क्या खाते हैं, कितना शारीरिक व्यायाम करते हैं उससे आपकी लंबी उम्र तय हो सकती है। कहा जाता है कि यदि आप चुस्त और छरहरे बदन को रखना चाहते हैं तो आपको सुबह का नाश्ता एक शहंशाह की तरह करना चाहिए, दोपहर का भोजन एक राजकुमार की तरह करना चाहिए तथा रात का भोजन एक भिखारी की तरह करना चाहिए। शरीर के रोग विकारों पर विश्व में तेजी से अनुसंधान हो रहे हैं। बुरे विचार हमारे पेट में आंतों के रोगों को जन्म देते हैं, वही स्वस्थ विचार हमारे शरीर को शक्ति प्रदान करते हैं। स्वस्थ विचारों के साथ हम अपने स्वस्थ खानपान पर भी ध्यान दें तो तनाव दूर करने में काफी सहायता मिलती है।

बदलती दुनिया, मौसम, खानपान, लोगों के मिजाज, रहन-सहन और आजीविका की मजबूरियों के चलते अपनी अवहेलना स्वयं को ही मुश्किलों में डाल सकती है। हमारे रहन-सहन और खान-पान हर स्थान की जलवायु के मुताबिक ही होना चाहिए। रोगों को दूर करने के लिए हमे अपनी मिट्टी, पानी, हवा के अनुसार जीवन शैली अपनाना जरूरी है। इसके साथ ही दुनिया को हम दिखाएं कि कैसे मौसम में कैसे जिया जा सकता है इसलिए हमें खान-पान पर ध्यान देना जरूरी है।

आजकल पिज्जा,बर्गर आदि फास्ट फूड खाना, साथ ही कोल्ड ड्रिंक पीना युवा पीढ़ी की जीवनशैली का हिस्सा बन चुका है। इन चीजों के उपभोग से कब्ज और एसिडिटी की दिक्कतें शुरू हो जाती है इसके कारण युवा पीढ़ी को अनेक बीमारियां घेर लेती है।

स्वस्थ रहने के लिए विचार भी उत्तम होने चाहिए। विचारों का प्रभाव सीधे हमारे स्वास्थ्य पर पड़ता है। दूषित विचार मन को विकृत करते हैं जिसका स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। वैसे तो स्वास्थ्य के प्रति अनेक नियम उपयोगी है जिनमें निम्नानुसार आवश्यक होने के साथ अनिवार्य रूप से पालन करें तो स्वस्थ रहना कठिन कार्य नहीं है:-

1) भोजन हमेशा भूख लगने पर ही करना चाहिए। देर से पचने वाले गरिष्ठ पदार्थ और अधिक मिर्ची मसाले का सेवन हानिकारक है।
2) स्वास्थ्य को ठीक रखने के लिए भोजन में वे सारे तत्व होना चाहिए जो मनुष्य के शरीर के पोषण के लिए आवश्यक है।
3) भोजन के तुरंत बाद अधिक जल ना पीए। 1 घंटे बाद खूब जल पीए।

## विचार

# दृष्टि हीनता से बचने उपाय करें स्वयं बचें, लोगों को भी बचाएं

सुरेश सिंह बैस "शाश्वत"

**आंखे आ**दमी के लिए वह नियमाक है जो, न रहे तो सारा संसार अंधकार में डूब जाता है। आंखे हमारे लिए सबसे अधिक मुल्यवान और महत्वपूर्ण अंग है। जरा सी अज्ञानता की वजह से हम इस बहुमूल्य अंग को खो देते हैं! और फिर सामना करते हैं, जिंदगी भर के अंधेरे और अंधत्व का। अच्छी नेत्रदृष्टि के लिए विटामिन ए की जरूरत होती है। और यह हमें आसानी से पालक, चौलाई, सब्जियों, सीताफल, गाजर, टमाटर आदि में सर्व सुलभ है। अंचल में कुछ वर्षों से नेत्र संबंधी विकारों में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है। धूल भरे वातावरण व अज्ञानता की वजह से ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों के बच्चों में दृष्टिहीनता की शिकायतों में वृद्धि हुई है। आगामी दिनों में शीघ्र ही अंधत्व निवारण के लिए केंद्र सरकार विश्व बैंक की सहायता से देशभर में मोतिया बिंद से अंधे हुए 85 लाख लोगों की आंखों का आपरेशन कराएगी, केंद्रीय मंत्रीमंडल की आर्थिक मामलों की समिति ने विश्व बैंक की सहायता से देश भर में मोतिया बिंद से हो रहे अंधेपन के खिलाफ अभियान पंचवर्षीय योजना में इसके लिए 448 करोड़ रुपए का प्रावधान रखा गया है। जिसमें 2.26 करोड़ रुपया विश्व बैंक और 32 करोड़ रुपया जेनिस सिस्टम से आएगा। बताया गया है कि अगले तीन वर्षों में 85 लाख लोगों की आंखों में मोतिया बिंद के आपरेशन का लक्ष्य रखा गया है।

हमारे छत्तीसगढ़ अंचल में अंधत्व रोग होने के कई कारण हैं जैसे वहां फूलामाड़ा नामक बीमारी सामन्यतः ज्यादा होती है, चेचक के कारण ही यह रोग होता है। साथ ही विटामिन ए की कमी भी इस रोग के महत्वपूर्ण कारकों में से एक है। इसके अतिरिक्त धान कटाई के समय उड़ने वाले कचरे आंख को सबसे अधिक नुकसान पहुंचाते हैं। प्रदूषित वातावरण एलर्जी की शिकायत को जन्म देने वाला प्रमुख कारण है। फलतः आंख की बीमारी जन्म लेने लगती है। मोतिया बिंद का रोग बिना किसी लक्षण के अचानक ही प्रकट होता है। इससे पीड़ित व्यक्ति धीरे-धीरे अंधत्व का शिकार हो जाता है। नेत्र विषयक व्याधियों की जानकारी प्रारंभिक अवस्था में ज्ञात करने शालेय स्तर पर नेत्र परीक्षण की व्यवस्था होनी चाहिए, इस तरह के परीक्षण से कुछ दृष्टि दोष जो बचपन में सुधारे नहीं जा सकते, उनका समय रहते निदान किया जा सके, उदाहरण के तौर पर हायपर मेट्रोपिया रोग आठ वर्ष की उम्र में बच्चों को होते हैं। जो आगे चलकर आंखों के तिरछेपन के लिए उत्तरदायी होता है। इस तरह के रोग समय रहते उपचारित किए जाएं तो नेत्र व्याधियों से बचा जा सकता है। बच्चों में नेत्र व्याधियों के बढ़ने का महत्वपूर्ण कारण टी वी, विडियो अधिक समय तक देखते रहने की आदत भी है। वहीं गाजर, पपीता, बथुआ, पालक जो सहज सुलभ हैं , अधिकांश लोग अज्ञानता के कारण इनका समुचित मात्रा में प्रयोग नहीं करते और अंधत्व के कगार पर चले जाते हैं। एक जानकारी के अनुसार आज भारत में एक करोड़ पैतीस लाख लोग पूर्ण दृष्टिहीनता के शिकार हैं ।और इतने ही आंशिक रूप से अंधत्व से प्रभावित हैं। आंकड़े बताते हैं कि विश्व का हर तीसरा दृष्टिहीन व्यक्ति भारत का है। डायबिटीज एवं उच्च रक्तचाप के कारण अब एक नई बीमारी "रैटिवोवेथी"दिखाई पड़ती है, पर यदि सही समय पर नेत्र परीक्षण व शल्यक्रिया किया जाए तो व्यक्ति अपनी खोई हुई ज्योति पुनः प्राप्त कर सकता है। कुछ लोग नेत्रदान से कतराते हैं। जबकि वास्तविकता यह है कि. नेत्रदान ही ऐसा दान है जिसके माध्यम से व्यक्ति की आंखे मरणोपरांत भी दुनिया को देखती रहती हैं। वर्तमान में छोटे बच्चों में नेत्र संबंधी विकारों में चिंताजनक वृद्धि हुई है।विशेषकर कम उम्र के बच्चों के नेत्रों की पुतली में अल्स बन जाने एवं आंखों में एलर्जी की शिकायतें बढ़ी हैं। धूल, धुएं व अन्य प्रदूषण से आंखों की सुरक्षा के लिए चश्मे का उपयोग लाभदायक है। साथ ही सोने से पूर्व प्रतिदिन रात्रि में आंखों को स्वच्छ पानी से धोना चाहिए। नेत्र संबंधी किसी भी तकलीफ की उपेक्षा न कर तुरंत ही नेत्र विशेषज्ञ से संपर्क करना चाहिए। कांटैक्ट लैंस चश्मे का एक अच्छा विकल्प हैं, चिकित्सक के उचित परामर्श के बाद 'चश्माधारी सहजतापूर्वक कांटेक्ट लेंस लगवा सकते हैं। कांटैक्ट लेंस का चलन इसलिए भी ज्यादा है कि इससे दृष्टि ज्यादा स्पष्ट रहती है। साथ ही चेहरे की सुंदरता भी बनी रहती है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# सामाजिक जीवन में मीडिया की बदलती भूमिका

विजय गर्ग

**सोशल मीडिया** के उद्भव ने इतिहास की दिशा बदल दी। कई लोगों का मानना है कि इंटरनेट ने सूचना के लोकतंत्रीकरण में सहायता की है; इंटरनेट पर कोई भी कुछ भी पोस्ट कर सकता है और उसे सुना जा सकता है। इंटरनेट ने भौगोलिक सीमाओं और सामाजिक आर्थिक विभाजन जैसी कृत्रिम बाधाओं को तोड़ दिया है और एक वैश्विक समुदाय, निर्बाध बाजार और आम ग्राहक बनाने में सहायता की है। सामाजिक जीवन में मीडिया की भूमिका मीडिया हमारे सामाजिक जीवन को आकार देने और हम कैसे बातचीत करते हैं, इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। पहले, मीडिया का उपभोग मुख्य रूप से पारंपरिक टेलीविजन, रेडियो और प्रिंट प्लेटफार्मों के माध्यम से किया जाता था। हालाँकि, इंटरनेट और सोशल मीडिया के प्रसार के साथ, मीडिया परिदृश्य नाटकीय रूप से बदल गया है, और हमारे सामाजिक जीवन में मीडिया की भूमिका भी विकसित हुई है। प्रभाव का क्षेत्र मीडिया का सामाजिक प्रभाव चार मुख्य क्षेत्रों में देखा गया है - बातचीत के बदलते तरीके सामाजिक संपर्क में एक बड़ा बदलाव ऑनलाइन और डिजिटल संचार की ओर बदलाव है। इंटरनेट और सोशल मीडिया ने सूचनाओं, विचारों और अनुभवों को जोड़ने और साझा करने के नए तरीके प्रदान किए हैं। उदाहरण के लिए, फेसबुक, इंस्टाग्राम और ट्विटर जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म लोगों को प्रोफाइल बनाने, सामग्री साझा करने और दुनिया भर में दोस्तों और अजनबियों से जुड़ने की अनुमति देते हैं। इन प्लेटफार्मों ने व्यक्तियों और संगठनों को बड़े दर्शकों तक पहुंचने और उनसे जुड़ने के नए अवसर भी प्रदान किए हैं। इन प्लेटफार्मों पर स्वयं की गलत भावना पैदा करने का एक मुद्दा रहा है, जिसे बाद में यहां मिलने वाली मान्यता के माध्यम से मजबूत किया जाता है। किशोर आबादी, जो अभी भी विकास के एक महत्वपूर्ण और लचीले चरण में है, इन प्लेटफार्मों की ओर आकर्षित होती है क्योंकि वे अपने स्वयं के जटिल जीवन से पलायन प्रदान करते हैं। इससे उनकी पहचान और आत्म-अवधारणा पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ सकता है।

## पेंसिल और शार्पनर

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा

**बस्ते में एक** पुरानी पेंसिल थी। उसका शार्पनर (छिलनी) से चक्कर था। दोनों का प्यार कई दिनों तक बदस्तूर चलता रहा। प्यार भी ऐसा जो सातवें आसमान पर हो। उनके इश्क-ए-खुमार का पता इसी से चल जाता कि पेंसिल से नोटबुक में लिखो तो इश्क-ए-खुमार शार्पनर पर चढ़ता। वहीं पेंसिल टूटने को होती तो शार्पनर का रो-रोकर बुरा हाल होता। शुरू शुरू में इश्क इतना कि दोनों एक-दूसरे के बिना रह नहीं सकते थे। दिखने में पेंसिल और शार्पनर अलग-अलग थे, लेकिन इश्क की खुश्बू दोनों की एक सी थी। यही किस्सा आगे भी चलता रहा। कोई दूसरा शार्पनर पेंसिल को छू लेता तो शार्पनर का हाल काटो तो खून नहीं वाला हो जाता। दोनों तीन महीने तक कभी बस्ते में पर तो कभी मेज पर साथ-साथ नजर आते। दोनों का रिश्ता इतना गहरा चुका था कि एक-दूसरे के बिना भविष्य की कल्पना नहीं कर सकते थे। अब भला समय भी कोई चीज होती है। आज जो अच्छा लगता है कल वही खराब लग सकता है और जो कल तक खराब लगता है वही अब अच्छा लग सकता है। पेंसिल पुरानी पड़ चुकी थी। इश्क की छिलन में वह घिस चुकी थी। अब बच्चा उसका कम ही इस्तेमाल करता था। एक दिन घर में नई पेंसिल आई और शार्पनर का आकर्षण उसके प्रति बढ़ने लगा। धीरे-धीरे उसने पुराने इश्क के खुमार को पुरानी पड़ चुकी पेंसिल के हवाले करते हुए नई पेंसिल के संग जोड़ी बना ली। यह देख पुरानी पेंसिल बड़ी दुखी हुई। इससे पहले कि वह कुछ पूछे शार्पनर बोल पड़ा झ्र मैं जानता हूँ कि तुम यही जानना चाहती हो न कि मैं तुम्हें क्यों छोड़ रहा हूँ? तो सुनो झ्र जब एक दल कई साल पुराने अपने संगी दल को छोड़कर गठबंधन कर सकता है, कोई पुराना नेता मंत्री पद का लुत्फ उठाने के बाद नए दल में घुस सकता है, कोई दंपत्ति बाल-बच्चे होने के बावजूद किसी दूसरे पार्टनर के संग रह सकते हैं, तो मैं फिर भी शार्पनर हूँ। मैं जब चाहूँ तब, कहीं भी कभी भी किसी भी तरफ मुँह मार सकता हूँ। तुम बहुत किस्मत वाली हो कि हम दोनों की जोड़ी बहुत दिनों तक टिकी रही। वैसे भी घिसने वालों को टिकने की चाहत नहीं रखनी चाहिए। अलविदा मेरी प्रिया! मैं अब किसी और को चाहने लगा हूँ।

## न्यूज फ्लैश

### गांव जाहरी में बाबा को मिली जान से मारने की धमकी

**सोनीपत: सदर थाना क्षेत्र के गांव** जाहरी में बाबा को फोन पर जान से मारने की धमकी देने के आरोप का मामला सामने आया है। बाबा ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस कॉलर का पता लगाने के लिए साइबर सेल की मदद ले रही है। ताकि कोई सुराग पुलिस के हाथ लग सके। गांव जाहरी निवासी रामेश्वर उर्फ नारायण गिरी महाराज ने बताया कि उसके पास गत 31 मार्च को रात्रि के समय करीब 11.30 बजे किसी अनजान नंबर से कॉल आई। कॉलर उसे जान से मारने की धमकी देने लगा। कॉलर ने बाबा को गोली मारने की धमकी दी। कॉलर ने कहा कि घर से बाहर निकल, वह उसे अभी गोली मार देगा। उसके पास ज्यादा समय नहीं है। वह उसे जिंदा नहीं छोड़ेगा। कॉलर ने करीब 30 मिनट तक उससे बातचीत की। उसने कॉलर से पूछा कि वह उसे क्यो मारना चाहता है। इसका कॉलर ने कोई जवाब नहीं मिला। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी सेठी ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। साइबर सेल की मदद ली जा रही है। जल्द से जल्द कॉलर का पता कर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

### बेटे से कहासुनी की रंजिश में मां को पीटा

**सोनीपत: मोहाना थाना क्षेत्र** के गांव रतनगढ़ में बेटे से हुई कहासुनी की रंजिश में उसकी मां को पीटकर घायल करने के आरोप के आरोप का मामला सामने आया है। महिला ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपित की तलाश के प्रयास कर रही है। गांव रतनगढ़ निवासी सरोज ने बताया कि उसका बेटा आकाश गत 2 अप्रैल को दुकान पर सामान लेने के लिए गया था। वहीं फाग की किसी बात को लेकर विनय व विकास के साथ कहासुनी हो गई थी। इस संबंध में कोई कानूनी कार्यवाही नहीं की गई थी। जिसके अगले दिन सुबह वह दूध लेने के लिए जा रही थी। उसी दौरान विनय व उसकी भाभी ने उसके बेटे से रंजिश रखते हुए उसे पकड़ लिया। उस पर इंट व लातों से हमला कर घायल कर दिया। शोर मचाने पर आस पड़ोस के लोग इक्ट्ठा होने लगे। उन्हें बीच-बचाव करके उसे छुड़वाया।

### पुलिस टीम पर जानलेवा हमला करने की वारदात में शामिल दो आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत:** सिविल लाइन थाना पुलिस ने कस्सी व लाठी, डंडों से पुलिस टीम पर हमला करने की वारदात में शामिल दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित अजय व विजय निवासी ऋषि कॉलोनी का है। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। सीआईए-1 में तैनात तरूण ने गत 22 मार्च को बताया कि सूत्रों से सुचना प्राप्त हुई कि प्रतिदिन विजय उर्फ डाक्टर अपने खेतों मे बने कोठड़ा पर जो कामी रोड़ नजदीक शुगर मील के सामने है। जहां पर भारी मात्रा मे जुआ खेला जाता है। अगर वहां पर रेड की जाए तो काफी संख्या में जुआरियों को काबू किया जा सकता है।

सूचना के बाद टीम का गठन कर रेड की। पुलिस टीम मौके पर मौजुद व्यक्ति के नामपते पुछने लगी और जुआ के पैसो को इक्ट्ठा करने लगी तभी 2-3 महिलाओं ने आकर शोर मचा दिया और ललकारते हुए कहा की इनकी हिम्मत कैसे हुई यहा पर रैड करने की। यहां से कोई जिन्दा बच कर जा ना पाये इतना सुनते ही अँकित नाम के लड़के ने पास मे रखी कस्सी से मेरे, सिपाही सचीन व अरक अजमेर पर जान से मारने की नियत से सीधा वार किया जिसे मेरे कन्धे मे बाई तरफ, सिपाही सचीन के दाहिने हाथ मे तथा अजमेर के सिर मे गंभीर चोटे आई। पुलिस पार्टी पर हमला करके सभी आरोपित मौका से जुआ की रकम अपने साथ लेकर फरार हो गए। टीम को मौके से पचास हजार एक सौ पचास रुपये की राशि मिली। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया था। मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने पांच आरोपितों को पहले काबू कर लिया था। वारदात में शामिल दो अन्य आरोपितों को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

# चुनाव को निष्पक्ष व शांतिपूर्ण तरीके से करवाना हम सबका दायित्व- डीसी

**मनीष कुमार**

**अम्बाला: जिला** निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डा. शालीन ने कहा कि चुनाव की पवित्रता को हमें किसी भी रूप में भंग नहीं होने देना है। लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत जिन कर्मचारियों व अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है, वे पूरी निष्ठा व ईमानदारी के साथ उसे करना सुनिश्चित करें। चुनाव के दौरान किसी भी तरह की अवैध गतिविधियां जैसे अवैध शराब, जरूरत से ज्यादा कैश व प्रीसियस मेटल (जेवरात इत्यादि) सहन नहीं की जाएंगी। इस कार्य में किसी प्रकार की कौताही बर्दाशत नहीं की जाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी वीरवार को पंचायत भवन अम्बाला शहर के सभागार में स्टेटिकल सर्विलांस टीम, नाकों पर तैनात इंचार्ज, एसएचओज, ट्रांसपोर्टर व डिस्टलरी के



प्रतिनिधियों के साथ बैठक ले रहे थे। जला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डा0 शालीन ने कहा कि 16 मार्च से दोपहर 3 बजे के बाद जिला में आचार संहिता लागू हो गई है। इसके दृष्टिगत हरियाणा में छठे चरण में चुनाव होंगे। इससे पहले पांच चरणों में देश में चुनाव होने हैं। लोकसभा चुनाव के तहत जिला में अवैध शराब की तस्करी न हो, इसके लिये इंटरस्टेट 7 जगहों पर नाके लगाये गये हैं। उपायुक्त ने स्टेटिकल सर्विलांस टीम के साथ-साथ अन्य सम्बन्धित अधिकारियों को स्पष्ट किया कि चुनाव के दौरान किसी भी तरह की अवैध गतिविधियां सहन नहीं की जाएंगी। नाकों पर तैनात टीमें पूरी तत्परता के साथ कार्य करना सुनिश्चित करें। जिला में जो डिस्टलरी हैं, उनको रिकॉर्ड मेनटेन होना चाहिए। डयूटी मैजिस्ट्रेट इस रिकॉर्ड को चैक करना सुनिश्चित करें। इसके साथ-साथ एल-1, एल-13 का इन-आउट रिकॉर्ड भी सम्बन्धित डयूटी मैजिस्ट्रेट चैक करना सुनिश्चित करें। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि यदि कहीं पर अवैध शराब की संलिप्ता पाई जाती है और जिस वाहन से यह प्राप्त होगी, उसमें चालक के साथ-साथ ऑनर के खिलाफ एफआईआर में नाम दर्ज होगा और जिस भी डिस्टलरी की होगी, उस पर भी कार्रवाई सुनिश्चित होगी।

नाकों पर तैनात टीमों के साथ-साथ लोकल एसएचओज व चौकी इंचार्ज के अलावा एक्साइज इंस्पेक्टर अपने-अपने क्षेत्रों में ऐसी हर गतिविधियों पर नजर रखते हुए कार्य करें। मकसद चुनाव की पवित्रता को बनाए रखना है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने यह भी कहा कि यदि कहीं पर भी परमिट गल्त पाया जाता है तो सम्बन्धित ऑनर के खिलाफ भी कार्रवाई होगी।

## 6 अप्रैल 876 बूथ पर मनाया जाएगा बीजेपी का स्थापना दिवस



**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपत: भाजपा जिला** अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने कार्यालय में जिला के प्रमुख पदाधिकारियों के साथ बैठक कर भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस, बूथ सशक्तिकरण, भीमराव अंबेडकर जयंती एवं अन्य संगठनात्मक विषयों पर सार्थक चर्चा कर जिम्मेदारियां सौंपी ` जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने कहा कि आगामी 6 अप्रैल को प्रातः 9 बजे हरियाणा प्रदेश के सभी मतदान केन्द्रों पर भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस उत्सव के तौर पर मनाया जाएगो इसी कड़ी में पानीपत जिला के सभी 876 बूथ पर बूथ अध्यक्ष, पदाधिकारी, पन्ना प्रमुख और कार्यकर्ता इस दिवस को एक उत्सव के रूप में मनाएंगे` कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में स्थापना दिवस को विधिवत रूप से संपन्न करवाने के लिए जिम्मेदारियां भी सौंप दी गई हैं` उन्होंने कहा कि जिला में 9 लाख से अधिक मतदाता लोकसभा चुनाव में मतदान कर सकेंगे` उन्होने कहा कि सभी पदाधिकारियों और बूथ अध्यक्षों को निर्देश दिए गए हैं कि सभी बूथ अध्यक्ष अपने बूथ के सभी मतदाताओं से संपर्क कर पार्टी की विचारधारा के बारे में बताएं।

# लुधियाना की महिला ने आस्ट्रेलिया भेजने का दिया झांसा

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिले के गांव** बस्सी के तीन युवकों को एक महिला ने डॉलर में कमाई के सब्जबाग दिखाकर 90 लाख रुपए की चपत लगा दी। महिला लुधियाना में इमिग्रेशन कंसल्टेंसी चलाती है। महिला ने प्रत्येक युवक से ऑस्ट्रेलिया में वर्क वीजा के नाम पर 30 लाख में डील सेट की थी। आरोपी महिला ने युवकों को इस तरह से अपने जाल में फांसा कि युवक यह तक नहीं जांच पाए कि उन्हें जो वीजा थमाया गया है, वह फर्जी है। दो युवकों को तो कंबोडिया भेज दिया और वहीं पर उन्हें फंसा दिया। उनके पैसे भी छीन लिए गए, किसी तरह से युवक वहां से निकलकर आए, जबकि तीसरे युवक को वीजा के नाम पर टरकाते रहे। विदेश भेजने के नाम पर हुई धोखाधड़ी



की शिकायत उन्होंने पुलिस को कर दी। पुलिस ने आरोपी महिला व अन्य के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया और जांच शुरू कर दी।

गांव बस्सी निवासी हीरा लाल ने सितंबर 2022 में फेसबुक पर ग्रेस इमिग्रेशन की एक ऐड देखी थी, जिसकी मालिक रूबीना है, जिसका ऑफिस लुधियाना है। शिकायतकर्ता हीरा लाल ने बताया कि उसके रिश्तेदार रोहित व उसके दोस्तों को आस्ट्रेलिया जाना था, जिनका नाम नवदीप व रिंकू है। लिहाजा इन तीनों के लिए ग्रेस इमिग्रेशन की ऐड देखकर मालिक से बात की। फिर इसके मालिक ने मुझे लुधियाना बुलाया। हम सब लुधियाना पहुंच गए और रूबीना व गुरप्रीत से ऑस्ट्रेलिया के वीजा की बात की। जिन्होंने 30 लाख रुपए प्रति व्यक्ति की बात की और यह भी विश्वास दिलाया कि वे ऑस्ट्रेलिया में डायरेक्ट वर्क वीजा दिलवा देते हैं और वह भी लीगल तरीके से। तीनों बच्चों के 90 लाख रुपए लगेंगे। पीड़ित ने बताया कि हमने डील डन कर दी और उसके बाद पैसे भेजने की तैयारी शुरू कर दी। 6 अक्टूबर 2022 से 23 सितंबर तक तीनों युवकों के 27.70 लाख रुपए आरोपी महिला को दे दिए। शिकायतकर्ता ने बताया है कि 20 दिसंबर 2022 को रूबीना व गुरप्रीत सिंह, असंध में रोहित के घर आए और 50 लाख रुपए नकद ले गए। रिंकू के वीजा का पीडीएफ मुझे मेरे मोबाइल नंबर पर व्हाट्सऐप किया व 23 दिसंबर 2022 को रिंकू की टिकट डायरेक्ट ऑस्ट्रेलिया की करवाई, परंतु उस टिकट पर रिंकू को जाने से मना कर दिया। 13 जनवरी 2023 को रिंकू की कंबोडिया की टिकट रूबीना ने मुझे भेजी थी। 4 फरवरी 2023 को रिंकू की फ्लाइट थी। रूबीना व गुरप्रीत ने मुझे कहा कि कंबोडिया होते हुए रिंकू आस्ट्रेलिया पहुंच जाएगा। शिकायतकर्ता ने बताया कि 11 जनवरी 2023 को नवदीप की कंबोडिया की टिकट व वीजा रूबीना ने भेजी थी। 10 फरवरी 2023 को नवदीप की फ्लाइट थी। 1 जनवरी 2023 को आरोपियों ने हमें रोहित का वीजा दिया और कहा कि जल्द ही इसकी फ्लाइट की टिकट दे देंगे, परंतु बार-बार टाइम देने के बावजूद भी उन्होंने रोहित की कोई टिकट नहीं दी।

## नकली शराब की शिकायत के लिए नियंत्रक कक्ष किया गया स्थापितः उत्तम सिंह



**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। उपायुक्त एवं** जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने बताया कि आबकारी एवं कराधान विभाग हरियाणा की ओर से लोकसभा आम चुनाव व करनाल विधानसभा के उपचुनाव 2024 के दौरान शराब की अवैध आवाजाही के सम्बन्ध में शिकायतों के लिए नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है। उन्होंने बताया कि आमजन लोकसभा आम चुनाव व करनाल विधानसभा के उपचुनाव 2024 के दौरान आचार संहिता के संचालन के दौरान हरियाणा राज्य में शराब की अवैध आवाजाही, बिक्री एवं नकली शराब से सम्बन्धित शिकायतें देने व प्राप्त करने के लिए आबकारी एवं कराधान विभाग, हरियाणा द्वारा प्रधान कार्यालय, पंचकूला में स्थापित राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष में दे सकते हैं।

शिकायतें/सूचना नियंत्रण कक्ष के टेलीफोन नंबर 18001022012 (टोल फ्री) 0172-4112222 और ईमेल पर दर्ज की जा सकती है।

## जिला कारागार में दुष्कर्म के दोषी ने गमछे से फंदा लगाकर की जीवन लीला समाप्त

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: जिला कारागार के** बाथरूम में नाबालिग से दुष्कर्म करने के दोषी ने परना (गमछा) से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। उसे फंदे पर लटका देख मामले से कारागार प्रशासन को अवगत कराया गया। जिस पर पुलिस को सूचना दी गई। सूचना के बाद पहुंची। जहां एफएसएल की टीम को बुलाया। टीम ने मौके से नमूने एकत्रित किए। वहीं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया। अस्पताल में न्यायिक मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया। युवक के पास से सुसाइड नोट भी मिला बताया जा रहा है। जिसकी पुलिस जांच कर रही है। बृहस्पतिवार सुबह करीब सवा सात बजे जिला कारागार में बंद नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी गांव शेखपुरा निवासी अनूप उर्फ उत्तम ने बाथरूम में फंदा लगा लिया। जब अन्य बंदी बाथरूम में पहुंचे तो खिड़की में परना के सहारे फंदा पर लटका पाया। जिस पर उन्होंने कारागार प्रशासन को सूचित किया। कारागार प्रशासन ने शहर थाना की कोर्ट कॉम्पलेक्स चौकी पुलिस को घटना की जानकारी दी। मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में सभी औपचारिकता पूरी कर शव को नागरिक अस्पताल में भिजवा दिया है। जहां शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

## मादक पदार्थ तस्करी की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: सिविल लाइन थाना** पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करी की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित अमित निवासी धानक बस्ती सोनीपत का है। जांच अधिकारी उप निरीक्षक शिवमुनि ने बताया कि उनकी टीम गश्त के दौरान देवीलाल चौक पर मौजूद थी। सूचना मिली कि अमित मादक पदार्थ बेचने का काम करता है, और इस समय गन्दा नाला छोटी पुलिया के पास धानक बस्ती सोनीपत शुलभ शोचालय के पीछे अपने दाहिने हाथ में एक सफेद रंग की पालीथीन मे गांजा लिये हुए बेचने की फिराक मे खड़ा है। टीम ने आरोपित को तुरंत काबू कर लिया। उसके पास से 282 ग्राम मादक पदार्थ बरामद किया। आरोपित के खिलाफ सिविल लाइन थाने में मुकदमा दर्ज कर लिया है। आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

# गांव खुड्डा कलां में नवनियुक्त चैयरमेन का सम्मान समारोह आयोजित

**मनीष कुमार**

**अम्बाला: गांव खुडा** कलां में हरियाणा सरकार द्वारा नवनियुक्त चेयरमैन , हरियाणा राज्य कृषि एवम कोपरेटिव ग्रामीण बैंक अमरपाल राणा का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का अयोजन बृजपाल चौहान, पूर्व सरपंच, गांव खुडा कलां द्वारा किया गया। बृजपाल चौहान समाज सेवा के साथ साथ राजपूत समाज के सुख दुख में दिन रात सेवारत रहते है। 21 जनवरी को बृजपाल चौहान ने श्री राम यात्रा का आयोजन किया था जिसमे 25-30 गाँव के लोगो ने लगभग 5000 लोगो ने भाग लिया था। जिसकी प्रसंशा पूरे



क्षेत्र में हुई थी इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अमर पाल राणा और वशिष्ठ अतिथि मनदीप राणा, जिला अध्यक्ष, भारतीय जनता पार्टी और सुरेंद्र राणा, पूर्व चैयरमैन जिला परिषद अंबाला को आयोजक कताओं द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। मुख्य अतिथि अमर पाल राणा ने अपने संबोधन में लोगो को हरियाणवी संस्कृति से जुड़ने और उसे बचाने में और अपने बच्चो को अच्छी शिक्षा और आत्म निर्भर बनने के लिए प्रेरित किया।

# देवी-देवताओं पर अभद्र टिप्पणी करने वाला जेई गिरफ्तार

**मनीष कुमार**

**अम्बाला: अंबाला जिले में** बिजली निगम के खए द्वारा देवी-देवताओं के बारे में अभद्र टिप्पणी करने का मामला तूल पकड़ गया है। शहजादपुर माजरा की सरपंच, पूर्व सरपंच, ब्लॉक समिति शहजादपुर के पूर्व वाइस चेयरमैन समेत हिंदू संगठनों से जुड़े लोग शहजादपुर के त्रिवेणी चौक पर आत्मदाह करने पहुंचे। यहां, प्रदर्शनकारियों ने आरोपी जेई की गिरफ्तार के साथ उनके ऊपर दर्ज हुए मुकदमे को वापस लेने की मांग रखी। पुलिस प्रशासन ने प्रदर्शनकारियों को बताया कि आरोपी खए को गिरफ्तार कर लिया है, लेकिन पेंच आरोपी को बिजली निगम से बर्खास्त कराने तथा उनके ऊपर दर्ज मुकदमा कैंसिल करने पर फंसा रहा। मौके पर पहुंचे



रऊट यश जालुका ने प्रदर्शनकारियों को शांत कराया। जई ने कहा कि आरोपी खए को गिरफ्तार करने के साथ ही बिजली निगम को कार्रवाई के लिए लिखा जाएगा। रही बात मुकदमा कैंसिल करने की, वह पुलिस विभाग के उच्चाधिकारी अगले सप्ताह तक क्लियर करेंगे। इसके पश्चात हिंदू संगठन से जुड़े लोग शांत हुए और वापस लौटे। बता दें कि को शहजादपुर थाने की पुलिस ने नेशनल हाईवे जाम करने वाले शहजादपुर माजरा की सरपंच, पूर्व सरपंच, ब्लॉक समिति शहजादपुर के पूर्व वाइस चेयरमैन समेत 20 लोगों पर मुकदमा दर्ज कर दिया था। जिसके बाद पुलिस की कार्रवाई से भड़के हिंदू संगठनों के 11 लोगों ने आज गुरुवार को शहजादपुर की त्रिवेणी चौक पर सामूहिक आत्मदाह करने की चेतावनी दी थी। इन लोगों ने बुधवार देर रात भी पुलिस-प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की थी।

शहजादपुर में पुलिस की कार्रवाई के खिलाफ हिंदू संगठन विरोध जता रहे हैं। शहजादपुर में पुलिस की कार्रवाई के खिलाफ हिंदू संगठन विरोध जता रहे हैं। दरअसल, गांव घडौली निवासी बिजली निगम के खए तरसेम गोदिया ने अपने सोशल मीडिया पर हिंदू धर्म के बारे में आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। आरोपी खए की गिरफ्तारी न होने से खफा शहजादपुर माजरा की सरपंच नेहा ने कहा कि उसके पति अरुण और उनके पिता पूर्व सरपंच सतीश कुमार मंगलवार शाम 7 बजे अपने साथी प्रवीण शर्मा व नरपत राणा समेत 40/50 लोगों को लेकर शहजादपुर बस स्टैंड के पास पहुंचे थे। यहां प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए मंगलवार शाम 7 बजे से रात 11 बजे तक नेशनल हाईवे-72 (अंबाला-नाराणगढ़ मार्ग) और बुधवार को त्रिवेणी चौक पर जाम लगा दिया था। देर रात को भी जाम लगाते हुए आरोपी जेई के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। उनका कहना था कि तरसेम गोदिया ने हमारे देवी-देवताओं के बारे में अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया है। पुलिस ने 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया था, लेकिन अभी तक तरसेम गोदिया को गिरफ्तार नहीं कर पाई थी।

# नागरिक अस्पताल में ओपीडी के बाहर लग रही मरीजों की भीड़

**अस्पताल में दिखी मरीजों की लंबी लाइनों, दो-दो घटें के बाद मरीजों को मिली चिकित्सक की राय**

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: नागरिक अस्पताल** में ओपीडी रजिस्ट्रेशन व चिकित्सकों की ओपीडी के बाहर भारी भीड़ देखने को मिली। अस्पताल में आने वाले मरीजों की ओपीडी में करीब 1500 से ज्यादा दर्ज की गई। मौसम के बदलाव का असर आम जन में देखने को मिल रहा है। नागरिक अस्पताल में रजिस्ट्रेशन काउंटर व ओपीडी के बाहर मरीजों की ज्यादा भीड़ देखने को मिल रही है। अस्पताल में बृहस्पतिवार को मरीजों की भीड़ ज्यादा देखने को मिली। लाइनों में ज्यादातर बुखार से ग्रस्त मरीजों की संख्या है। अस्पताल में मरीजों को टेस्ट रिपोर्ट व सैंपल देने के लिए दो से तीन दिन तक अस्पताल के चक्कर काटने पड़ रहे है। अस्पताल प्रबंधन की तरफ से ओपीडी में मरीजों के लिए चिकित्सकों को हर संभव मरीजों की मदद करने के निर्देश दिए है। बता दें कि नागरिक अस्पताल में 200 बेड की सुविधा है। वहीं हर रोज ओपीडी रजिस्ट्रेशन की बात कर तो अस्पताल में 1200 के करीब ओपीडी रहती है। बृहस्पतिवार को नागरिक अस्पताल में ओपीडी रजिस्ट्रेशन की संख्या 1500 के पार पहुंच गई। रजिस्ट्रेशन काउंटर व ओपीडी में मरीजों की लंबी लाइनें लग गई। मरीज को उपचार के लिए दो से तीन घंटों तक का इंतजार करने पर मजबूर होना पड़ रहा है।

**बुजुर्गो व बच्चों की ओपीडी में हुई बढ़ोतरी-**

नागरिक अस्पताल में रजिस्ट्रेशन काउंटर के साथ-साथ ओपीडी में मरीज लाइनों में लगकर अपना इंतजार करते रहे। ओपीडी-7,8,9 सहित बच्चों की ओपीडी नंबर-5 में ज्यादा भीड़ देखने को मिल रही है। बच्चों की चिकित्सक डा.अलकृिता ने कहा ने बताया कि खांसी, जुकाम व बुखार से गस्त बच्चों की ओपीडी बढ़ी है। हाल के दिनों में बच्चों की ओपीडी 100 से लेकर 120 तक पहुंच रही है। उन्होंने बताया कि इस मौसम में बच्चों का ख्याल रखना बेहद जरूरी है। डा. शैलेंद्र राणा ने बताया कि एक ओपीडी में 350 के पार पहुंच गई। मौसम बदलाव में बीमार होना आम बात है। हाल के दिनों में दिन गर्म व देर-शाम ठंड लगती है। जिसके चलते लोग बुखार, खांसी, जुकाम के मरीजों की संख्या ज्यादा है। लोग मौसम बदलाव को हल्के में न ले। पेय पदार्थ में ठंडा, कोल्ड ड्रिंक बिलकुल इस्तेमाल न करें।

**टेस्ट रिपोर्ट व सैंपल के लिए दो-तीन दिन का इंतजार-**

अस्पताल में बढ़ रही मरीजों की भीड़ के चलते मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। चिकित्सक मरीज का टेस्ट लिखते है। ताकि बीमारी का सही उपचार रिपोर्ट के आधार पर किया जा सके। रजिस्ट्रेशन काउंटर पर लंबी लाइन में लगने के बाद चिकित्सक के बाहर ओपीडी की लाइन में लगना पड़ता है। उसके बाद अगर चिकित्सक ने टेस्ट लिख दिया तो लैब के बाहर लाइन में खड़ा होना पड़ता है, लेकिन लैब का समय 12 बजे तक ही सैंपल लेने का है। जिसके चलते मरीजों को अगले दिन सैंपल देने के लिए अस्पताल में आना पड़ता है। उसके अगले दिन उसे रिपोर्ट मिलती है। तब जाकर फिर से लाइनों में लगने के बाद उसे उपचार मिल पाता है। अस्पताल में हाल के दिनों में बुखार से ग्रस्त मरीजों की संख्या ज्यादा है। जिसमें बच्चें व बुजुर्गो सहित महिलाएं शामिल है।

# मतदाता जागरूकता को लेकर डीएवी स्कूल में आयोजित किया गया कार्यक्रम

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। मतदाता जागरूकता** अभियान के तहत स्थानीय डीएवी सीनियर सैकेंडरी स्कूल में स्वीप 2024 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में करनाल खंड के विभिन्न विद्यालयों के 700 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सीटीएम शुभम ने शिरकत की। कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों नें मानव श्रृंखला बनाकर भारत के मानचित्र को दशार्या। इसी कड़ी में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए मानव श्रृंखला के लिए स्वीप 2024 अंकित किया गया। सीटीएम शुभम ने अपने संबोधन में कहा कि



विद्यार्थियों की ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से ज्ञान व समझने की शक्ति को बढ़ावा मिलता है। इसी के साथ-साथ उन्हें नए-नए आईडिया सबके साथ साझा करने के भी अवसर प्राप्त होते है। उन्होंने आमजन से भी अपील करते हुए कहा कि हम सबको अपने मत का अधिकार है। आने वाले 2024 के लोकसभा आम चुनाव में भी हम सबको अपने मत का स्वतंत्र रूप से अवश्य उपयोग करना है। छात्राओं ने मेहंदी प्रतियोगिता सहित अन्य गतिविधियों में भी बढ़-चढकर भाग लिया।

# केजरीवाल से मिल सकेंगे भगवंत मान

## तिहाड़ जेल प्रशासन ने दी मुलाकात जंगला के तहत मिलने की इजाजत

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को तिहाड़ जेल प्रशासन ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से मिलने की इजाजत दे दी है। इससे पहले तिहाड़ जेल को पंजाब के मुख्यमंत्री कार्यालय ने चिट्ठी लिख मिलने की अनुमति मांगी थी। इस पर जेल प्रशासन ने उन्हें मुलाकात जंगला के तहत सामान्य मुलाकात की अनुमति दे दी है। बता दें कि केजरीवाल कथित शराब घोटाले में तिहाड़ जेल में हिरासत में रखे गए हैं।

**क्या होता है मुलाकात जंगला:** जेल प्रशासन ने पंजाब सीएम को मुलाकात की अनुमति देते हुए कहा कि वह एक सामान्य मुलाकाती की तरह केजरीवाल से मिल सकते हैं। इसमें उन्हें जिस नियम के तहत मिलने की अनुमित दी गई है इसे 'मुलाकात जंगला' बताया गया है। इसमें एक लोहे की जाली है जो जेल के अंदर एक कमरे में कैदी को आगंतुक से अलग करती है। एक आगंतुक और एक कैदी जाली के अलग-अलग किनारों पर बैठकर एक दूसरे से बात कर सकते हैं।

**मान कार्यालय ने लिखा था पत्र:** पंजाब सीएमओ ने तिहाड़ जेल प्रशासन को पत्र लिख केजरीवाल से मिलने का समय मांगा था, साथ ही जेल परिसर में उनकी मुलाकात के लिए आवश्यक व्यवस्था करने को कहा था। इस पर तिहाड़ महानिदेशक संजय बैनीवाल ने कहा है कि जल्द ही पंजाब सीएमओ को इसका जवाब भेज दिया जाएगा।

**केजरीवाल ने दिए हैं ये पांच नाम:** दिल्ली के मुख्यमंत्री को एक अप्रैल को न्यायिक हिरासत में तिहाड़ जेल भेजा गया था। तब उन्हें जेल में मिलने वालों के पांच नाम दिए हैं, जिनमें उनकी पत्नी, दो बच्चे, उनके निजी सचिव बिभव कुमार और आप के राज्यसभा सांसद संदीप पाठक शामिल हैं।





### अनुमति

8 तिहाड़ जेल को पंजाब के मुख्यमंत्री कार्यालय ने चिट्ठी लिख मिलने की अनुमति मांगी थी

**मुलाकातियों में मान का नाम जोड़ना होगा:** जेल अधिकारी ने बताया कि केजरीवाल को आगंतुकों की सूची में भगवंत मान का एक और नाम जोड़ना होगा।

जेल मैनुअल के मुताबिक एक कैदी 10 मुलाकातियों के नाम बता सकता है, उनमें से तीन एक साथ तीन लोग सप्ताह में दो बार मिल सकते हैं।

**रोजाना पांच मिनट फोन पर बात करने की है इजाजत**

जेल सूत्रों का कहना है कि केजरीवाल को हफ्ते में दो बार वीडियो कॉल और रोजाना पांच मिनट तक फोन से बात करने की इजाजत दी गई है। जेल प्रशासन कॉल रिकॉर्ड करेगा।

## तिहाड़ जेल में किताबें पढ़ रहे केजरीवाल

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल तिहाड़ जेल में अपना ज्यादातर समय ध्यान करने, किताबें पढ़ने और योग करने में बिता रहे हैं। जेल सूत्रों ने गुरुवार को यह जानकारी दी है। एशिया की सबसे बड़ी जेल में बंद होने वाले पहले मौजूदा मुख्यमंत्री केजरीवाल को तिहाड़ की जेल नंबर 2 के जनरल वार्ड नंबर तीन में स्थित 14 फुट लंबे आठ फीट चौड़े कमरे में रखा गया है। जेल के सूत्रों के अनुसार, केजरीवाल दिन में ज्यादातर समय किताबें पढ़ते हैं और योग करते हैं तथा हर दिन दो बार ध्यान लगाते हैं। एक आधिकारिक सूत्र ने कहा, 'वह हर दिन सुबह और शाम करीब डेढ़ घंटे योग करते हैं और ध्यान लगाते हैं।' उन्हें अक्सर अपने सेल में कुर्सी पर बैठकर किताबें पढ़ते और कुछ लिखते देखा जाता है। जेल के एक अधिकारी ने कहा कि केजरीवाल कैदियों के लिए लाइब्रेरी में उपलब्ध किताबें भी पढ़ सकते हैं। उन्होंने कहा, लेकिन अभी तक उन्होंने कोई अन्य किताब नहीं मांगी है। सूत्रों ने बताया कि मुख्यमंत्री को अपने कक्ष में 20 चैनलों वाला एक टीवी उपलब्ध कराया गया है, लेकिन वह इसे देखने के बहुत शौकीन नहीं हैं।

# सिविक सेंटर में तार टूटने से लिफ्ट गिरी



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली नगर निगम मुख्यालय सिविक सेंटर में लिफ्ट का तार टूटने से लिफ्ट गिर गई। हालांकि किसी को कोई चोंट नहीं आई है वो तो लिफ्ट गिरकर एक दूसरे फ्लोर पर स्वयं रुक गई। जिससे लिफ्ट में सवार दो लोगों को कोई चोंट नहीं आई।

**लिफ्ट में सवार थे दो लोग:** वर्ष 2011 में दिल्ली नगर निगम का मुख्यालय में शुरू हुआ था। उसके बाद यह पहली घटना लिफ्ट गिरने की आई हैं। सूत्र बताते हैं कि घटना बुधवार की है। ई-1 ब्लाक जिसमें 28 मंजिल हैं उसके ई-7 इलाके में पांच नंबर लिफ्ट गिर गई थी। लिफ्ट में दो लोग सवार थे। दिल्ली नगर निगम के मुख्यालय में मरम्मत और रखरखाव पर करीब तीन करोड़ रुपये सालाना खर्च होते हैं। इसकी देखरेख की जिम्मेदारी ए टू जेड कंपनी की है। यह कंपनी करीब दो वर्षों से निगम मुख्यालय का काम देख रही है। इससे पहले बीवीजी नाम की कंपनी के पास यह कार्य था।

**निगम कार्यालय पहुंचे कर्मियों में दहशत:** लिफ्ट गिरने की घटना से निगम कार्यालय में पहुंचे कर्मी दहशत में हैं। बृहस्पतिवार को कई लोगों ने लिफ्ट से न जाकर सीढ़ियों का उपयोग किया। हालांकि 10 से अधिक फ्लोर पर जिन कर्मचारियों का दफ्तर था वह तो लिफ्ट का उपयोग करते हुए नजर आए।

# भगत सिंह और अंबेडकर के बीच क्यों लगी थी सीएम की तस्वीर?

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली के सीएम केजरीवाल की पत्नी गुरुवार को वीडियो ब्रीफिंग की। इस दौरान उनके बैकग्राउंड में भगत सिंह और बीआर अंबेडकर की तस्वीर के साथ अरविंद केजरीवाल की फोटो लगी थी। इसके बाद बीजेपी ने इसकी आलोचना की और कहा कि केजरीवाल को भगत सिंह और अंबेडकर की बराबरी में नहीं लगाना चाहिए। वहीं इस पर आप की प्रतिक्रिया सामने आई है। आम आदमी पार्टी नेता और दिल्ली की मंत्री आतिशी ने कहा कि केजरीवाल आज बीजेपी की तानाशाही के खिलाफ चल रहे संघर्ष के प्रतीक हैं और उनकी तस्वीर इस बात का सबूत है।



**बीजेपी के खिलाफ संघर्ष स्वतंत्रता संग्राम की तरह: आतिशी**

आतिशी ने कहा, "केंद्र की बीजेपी सरकार ने झूठे आरोप में अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार किया है। अरविंद केजरीवाल आज भाजपा की तानाशाही के खिलाफ चल रहे संघर्ष के प्रतीक हैं और उनकी तस्वीर इस बात का सबूत है। यह हमें याद दिलाने के लिए है कि आज भाजपा के खिलाफ जो संघर्ष चल रहा है, वह किसी स्वतंत्रता संग्राम से कम नहीं है। एक समय था, जब देश की जनता अंग्रेजों के खिलाफ लड़ती थी। आज ऐसा समय है जब हमें भाजपा की तानाशाही के खिलाफ संघर्ष करना है और अरविंद केजरीवाल वही कर रहे हैं। बता दें, अरविंद केजरीवाल की तुलना भगत सिंह और बीआर अंबेडकर से करने पर आप की सोशल मीडिया पर जमकर आलोचना हो रही है। बीजेपी ने भी आप को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि जनता केजरीवाल की पार्टी के बहकावे में नहीं आएगी।

# कोविड-19 के दौरान डिग्री पूरी न कर सके छात्रों को एक और मौका

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** कोविड महामारी के दौरान डिग्री पूरी नहीं कर सके दिल्ली विश्वविद्यालय के छात्रों के लिए विशेष मौके की घोषणा की गई है। अब इसके लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। 17 अप्रैल नियमित, एनसीवेब और एसओएल के छात्र वेबसाइट पर आवेदन कर सकते हैं दिल्ली विश्वविद्यालय में छात्रों को डिग्री पूरी करने के लिए अधिकतम छह वर्ष का समय दिया जाता है। उनका जो पेपर छूट गया है, इतने वक्त में वे उसको पास कर डिग्री पूरी कर सकते हैं। कोविड महामारी के दौरान कई छात्र परीक्षा से वंचित रह गए थे। ऐसे छात्रों को विशेष मौके लगातार दिए गए।

# केजरीवाल के लिए आसान नहीं होगा जेल से 'सरकार' चलाना

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की आबकारी घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तारी और उसके बाद अब उनके जेल चले जाने से दिल्ली सरकार के कामकाज पर असर पड़ना स्वाभाविक है। आम आदमी पार्टी (आप) के नेता लगातार यह कहते रहे हैं कि मुख्यमंत्री जेल से सरकार चलाएंगे, लेकिन व्यावहारिक रूप से देखें तो जेल से सरकार चलाना आसान नहीं है। मुख्यमंत्री के लिए जेल मैन्युअल में बदलाव भी नहीं किया जा सकता। ऐसे में सरकार के कामकाज प्रभावित न हों, यह सुनिश्चित किए जाने की आवश्यकता होगी। सवाल यही उठता है कि जेल से सरकार चलाना कितना व्यावहारिक है? और क्या इससे सरकार के कामकाज पर असर नहीं पड़ेगा? मौजूदा परिस्थितियों में



दिल्ली के पास क्या हैं विकल्प? दिल्ली इन हालात से कैसे निपट सकती है? इसी की पड़ताल करना हमारा आज का मुद्दा है।

**केंद्र शासित प्रदेश में जेल से सरकार चलाना कितना आसान?** अगर किसी राज्य में ऐसी स्थिति उत्पन्न हो जाए कि मुख्यमंत्री को जेल जाना पड़ जाए तो वहां पर सरकार का कामकाज चल सकता है। सीएम इस्तीफा दिए बगैर अपना पोर्टफोलियो किसी अन्य विधायक या मंत्री को सौंप सकते हैं। वह उनकी तरफ से निर्णय ले सकता है, लेकिन दिल्ली चूंकि एक केंद्र शासित प्रदेश है, इसलिए यहां ऐसा कर पाना बहुत कठिन है। अदालत की विशेष अनुमति से ही जेल में रहते हुए सरकार चलाई जा सकती है। वह भी सीधे तौर पर जेल नियमावली के

### प्रभावित

8 मुख्यमंत्री के लिए जेल मैन्युअल में बदलाव भी नहीं किया जा सकता। कामकाज प्रभावित हो रहा

खिलाफ तथा पद एवं गोपनीयता की दृष्टि से उचित नहीं होगा। दिल्ली में फिलहाल जो स्थिति है, उससे सरकार के दैनिक कामकाज पर असर पड़ना तय है, पड़ भी रहा है। दो सप्ताह होने जा रहे हैं, कोई निर्णय नहीं लिया गया है। दरअसल, यहां की संवैधानिक व्यवस्था ही ऐसी है कि सीएम को निर्णय लेने के लिए कैबिनेट बुलानी पड़ती है एवं फिर उस निर्णय की फाइल स्वीकृति के लिए प्रशासनिक मुखिया यानी एलजी को भेजनी पड़ती है।

# स्पा सेंटरों में जारी रहेगा क्रॉस-जेंडर मसाज: हाईकोर्ट




**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** राष्ट्रीय राजधानी में स्पा या मसाज केंद्रों में क्रॉस-जेंडर मसाज पर प्रतिबंध लगाने की मांग संबंधी याचिका को दिल्ली हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत सिंह अरोड़ा की पीठ ने कहा कि एकल न्यायाधीश के समक्ष मामला विचाराधीन है, ऐसे में जनहित याचिका पर विचार नहीं किया जा सकता है।

**दिल्ली सरकार को निर्देश देने की मांग:** याचिकाकर्ता अनुज मल्होत्रा ने जनहित याचिका दायर करके दिल्ली सरकार को स्पा या मसाज केंद्रों की रिकॉर्डिंग नियमित आधार पर दिल्ली महिला आयोग के साथ साझा करने का निर्देश देने की भी मांग की गई थी। मल्होत्रा ने

### खारिज

8 क्रॉस-जेंडर मसाज पर प्रतिबंध लगाने की मांग संबंधी याचिका को हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया है

कहा कि स्पा/मसाज केंद्रों के संचालन के लिए तय किए गए दिशानिर्देश का उल्लंघन करते हुए बंद कमरों में इस तरह की मसाज दी जा रही थी और इसके कारण अवैध देह व्यापार का संचालन और प्रसार हुआ। क्रॉस-जेंडर मसाज (मालिश) का मतलब है कि किसी पुरुष की मालिश कोई महिला करे या किसी महिला की मालिश कोई पुरुष करे।

# स्कूली छात्रों, शिक्षकों और प्रधानाचार्यों के लिए लांच हुआ आईडीई बूटकैंप

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) के अध्यक्ष प्रोफेसर टीजी सीताराम ने गुरुवार को इनोवेशन, डिजाइन एंड आंत्रप्रिन्योरशिप (आईडीई) बूटकैंप लांच किया। इसके जरिये देश के 14 राज्यों के 18 केंद्रों पर पीएमश्री स्कूलों और गैर-पीएमश्री स्कूलों के छात्रों, शिक्षकों और प्रधानाचार्यों को प्रशिक्षित किया जाएगा। प्रोफेसर सीताराम ने कहा कि आईडीई बूटकैंप छात्रों में प्रारंभिक चरण में इनोवेशन स्किल विकसित करने में मदद करेगा। बूटकैंप के माध्यम से स्कूली छात्रों में जोखिम लेने की क्षमता विकसित होगी। इससे वे विफलता के डर को दूर करना सीख सकेंगे। इसके साथ ही छात्र अनुभवात्मक और इंटरैक्टिव लर्निंग की ताकत का इस्तेमाल कर सकेंगे। स्कूल नवाचार पहल से देश के ग्रॉस एनरोलमेंट रेशियो (जीईआर) को बढ़ाने में भी सहायता मिलेगी। उन्होंने भविष्य के उद्यमियों को तैयार करने के लिए स्कूल नवाचार परिषदों की स्थापना पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि आईडीई बूटकैंप स्कूली छात्रों के लिए इनोवेटर, पेटेंटधारक या कंपनी निमार्ता बनने का अवसर भी देता है। ऐसे छात्रों को एआईसीटीई के गिफ्टेड



स्टूडेंट्स के रूप में वर्गीकृत किया जा सकता है जिसमें छात्र एआईसीटीई सुपरन्यूमरी कोटा के तहत उच्च शिक्षा में प्रवेश के लिए पात्र होंगे। आईडीई बूटकैंप स्कूल इनोवेशन प्रतियोगिता का विस्तारित संस्करण है जो शिक्षा मंत्रालय के एआईसीटीई के स्कूल इनोवेशन काउंसिल ऑफ इनोवेशन सेल के हिस्से के रूप में आयोजित किया गया था। इसमें 6800 से

### अनुभवात्मक

8 इसके साथ ही छात्र अनुभवात्मक और इंटरैक्टिव लर्निंग की ताकत का इस्तेमाल कर सकेंगे

अधिक आइडिया प्रस्तुत किए गए थे। इस बूटकैंप में कुल 4145 प्रतिभागी शामिल हो रहे हैं जिनमें पीएमश्री स्कूलों के 854 प्रतिभागी (कुल प्रतिभागियों का लगभग 20 प्रतिशत) और गैर-पीएमश्री स्कूलों के 3291 प्रतिभागी हैं। बूटकैंप 18 नोडल केंद्रों पर दो चरणों में आयोजित होगा। पहला चरण 4 से 5 अप्रैल तक चलेगा जिसमें पीएमश्री स्कूलों (मध्य प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश) के 4 नोडल केंद्र और गैर-पीएमश्री स्कूलों के 5 केंद्र (बैंगलोर, चेन्नई, हैदराबाद, मुंबई और जम्मू-कश्मीर) शामिल हैं। दूसरा चरण 9 और 10 अप्रैल को होगा जिसमें मुख्य रूप से गुजरात, मध्य प्रदेश, ओडिशा, चंडीगढ़, केरल, असम, राजस्थान, पश्चिम बंगाल और उत्तर प्रदेश में 9 नोडल केंद्रों के गैर-पीएमश्री स्कूल शामिल होंगे। बूटकैंप में जम्मू-कश्मीर से 232 और असम से 152 प्रतिभागी शामिल हो रहे हैं।

# दिल्ली एम्स को मिली बड़ी कामयाबी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** देश की एक बड़ी आबादी एनीमिया से पीड़ित है और महिलाएं इससे ज्यादा प्रभावित हैं। इस वजह से गर्भावस्था में एनीमिया एक बड़ी स्वास्थ्य समस्या है। इस बीच राहत की बात यह सामने आई है कि सिंगल डोज आइवी (इंट्रावेनस) आयरन इंजेक्शन से ही मध्यम व गंभीर एनीमिया से पीड़ित गर्भवती महिलाओं का इलाज हो सकेगा। एम्स में इसके सफल ट्रायल के बाद इसे एनीमिया मुक्त भारत अभियान के तहत राष्ट्रीय कार्यक्रम में शामिल करने की तैयारी है। एम्स के डॉक्टरों को यह उम्मीद है कि



नैनो मॉलिक्यूल पर आधारित यह इंजेक्शन गर्भवती महिलाओं में एनीमिया को नियंत्रित करने में रामबाण साबित हो सकता है। एनीमिया मुक्त भारत अभियान में एम्स का कम्युनिटी मेडिसिन तकनीकी सपोर्ट उपलब्ध कराता है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वे पांच के अनुसार देश में 52.2 प्रतिशत गर्भवती महिलाएं एनीमिया से पीड़ित होती हैं। जिन्हें हीमोग्लोबिन की मात्रा 11 ग्राम प्रति डेसी लीटर से कम होता है।

**तीन प्रतिशत गर्भवती महिलाएं एनीमिया से पीड़ित:** करीब 10-20 प्रतिशत गर्भवती महिलाएं मध्यम स्तर के एनीमिया (हीमोग्लोबिन 9.9-7 ग्राम प्रति डेसी लीटर) से पीड़ित होती हैं। वहीं करीब तीन प्रतिशत गर्भवती महिलाएं गंभीर एनीमिया से पीड़ित होती हैं, जिनके ब्लड में हीमोग्लोबिन की मात्रा सात मिलीग्राम से कम होती है।

# 'बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ आरोप तय करने के मामले पर फैसला सुरक्षित'

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने गुरुवार को महिला पहलवानों के यौन शोषण मामले में भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष और भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ आरोप तय करने के मामले पर फैसला सुरक्षित रख लिया है। एडिशनल मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट प्रियंका राजपूत ने सभी पक्षों की दलीलें सुनने के बाद 18 अप्रैल को फैसला सुनाने का आदेश दिया। दिल्ली पुलिस की ओर से 27 फरवरी को कहा गया था कि अगर हम चाहते तो छह अलग-अलग एफआईआर दर्ज कर सकते थे लेकिन इससे ट्रायल में देरी होती। इसका विरोध करते हुए बृजभूषण भूषण शरण सिंह के वकील ने कहा था कि अगर आरोपों में निरंतरता नहीं है तो अलग-अलग आरोपों में एक एफआईआर दर्ज नहीं हो सकती। बृजभूषण शरण सिंह की ओर से इस मामले में आरोप मुक्त करने की मांग की गई थी। बृजभूषण की तरफ से कहा गया था कि अपराध की सूचना देने में काफी देरी की गई। उन्होंने कहा था कि शिकायतकर्ता के बयानों में काफी विरोधाभास है। बृजभूषण शरण सिंह की ओर से कहा गया कि विदेश में



हुई घटना का क्षेत्राधिकार इस अदालत के पास नहीं है। विदेश में हुई घटना इस कोर्ट के क्षेत्राधिकार में नहीं आती है। उन्होंने कहा था कि देश के बाहर हुए अपराध के ट्रायल का क्षेत्राधिकार इस अदालत के पास नहीं है, क्योंकि अपराध देश और उसके बाहर भी हुआ है। ऐसे में मुकदमा चलाने के लिए संबंधित अथॉरिटी से इजाजत लेनी होती है। दिल्ली पुलिस ने 6 जनवरी को सुनवाई के दौरान कहा था कि इस मामले का क्षेत्राधिकार इसी कोर्ट का बनता है। इसके पहले दिल्ली पुलिस ने बृजभूषण शरण सिंह पर आरोप लगाया था कि उसने महिला पहलवानों को धमकाते हुए मुंह बंद रखने को कहा था। दिल्ली पुलिस ने एक पुरुष पहलवान के बयान का हवाला देते हुए कहा था कि इस मामले के सह आरोपित विनोद तोमर के दफ्तर में केवल महिलाओं को ही प्रवेश करने की इजाजत थी।

# लोकसभा चुनावों में डीपफेक वीडियो और वॉयस क्लोनिंग करने वालों पर नकेल कसेगी पुलिस

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** चुनावी मौसम में राजनीतिक दलों की ओर से मतदाताओं को लुभाने के लिए एआई-जनित डीपफेक वीडियो और वॉयस क्लोनिंग का बड़े पैमाने पर दुरुपयोग की आशंका जताई गई है। इस तरह के संभावित खतरों से निपटने के लिए केंद्र सरकार ने दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल की इंटेलीजेंस फ्यूजन एंड स्ट्रैटेजिक ऑपरेशन (आईएफएसओ) को 24 घंटे अलर्ट रहने के निर्देश दिए हैं। देशभर में साइबर अपराध के बढ़ते मामलों को देखते हुए राज्यों के साथ समन्वय बनाकर कार्रवाई करने के लिए केंद्र सरकार कुछ समय पहले ही दिल्ली पुलिस की साइबर यूनिट आईएफएसओ को नोडल एजेंसी बना चुकी है। ऐसे में इस चुनाव में इंटरनेट मीडिया पर नजर रखने की इस यूनिट पर बड़ी जिम्मेदारी रहेगी। भारत निर्वाचन आयोग फर्जी खबरों और गलत सूचनाओं की पहचान और त्वरित प्रतिक्रिया के लिए पहले ही मानक संचालन प्रक्रिया जारी कर चुकी है।

**नकली वीडियो का पता लगाने के लिए तकनीक उपलब्ध नहीं:** साइबर अपराध इकाई के एक वरिष्ठ अधिकारी का कहना है कि डीपफेक वीडियो और वॉयस क्लोनिंग का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल किए जाने की आशंका के मद्देनजर उसका पता लगाने व त्वरित कार्रवाई करने की बड़ी जिम्मेदारी रहेगी, क्योंकि ऐसी कोई तकनीक उपलब्ध नहीं है जो कृत्रिम



बुद्धिमत्ता (एआई) का उपयोग करके बनाई गई मूल और नकली वीडियो सामग्री का पता लगा उसका अंतर समझ सके।

**कई देशों में डीपफेक का हुआ दुरुपयोग:** पुलिस अधिकारी का कहना है कि जब तक इस पर ध्यान जाता है, तब तक नुकसान हो चुका होता है क्योंकि इंटरनेट मीडिया पर यह फैल जाता है। कई देशों में चुनावों के दौरान डीपफेक वीडियो और वायस क्लोनिंग के दुरुपयोग के मामले देखे गए हैं।

**डीपफेक पर नजर रखने के लिए दक्षकर्मियों की टीम:** दिल्ली पुलिस की आईएफएसओ में

### पैनी नजर

8 एआई जनित गलत सूचना का प्रसार चुनावी प्रक्रिया संस्थानों में जनता के विश्वास को कम करता है

डीपफेक वीडियो और वॉयस क्लोनिंग पर नजर रखने के लिए 50 से अधिक तकनीक में दक्ष कर्मियों की टीम बनाई गई है जो 24 घंटे सभी इंटरनेट प्लेटफार्म पर नजर रख रहे हैं।

विगत विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा सांसद मनोज तिवारी का वायस क्लोनिंग दुष्प्रचार करने की कोशिश की गई थी, जिसकी तुरंत पहचान कर ली गई थी।

**राजनीतिक पार्टियां एआई का गलत इस्तेमाल न करें**

पुलिस अधिकारी का कहना है कि एआई जनित गलत सूचना का प्रसार चुनावी प्रक्रिया और लोकतांत्रिक संस्थानों में जनता के विश्वास को कम करता है। राजनीतिक पार्टियों को इस तरह का हथकंडा अपनाने से बचना चाहिए। साइबर विशेषज्ञ का कहना है कि सरकार को एआई तकनीक के मूल्यांकन और अनुमोदन के लिए पारदर्शी और निष्पक्ष दिशानिर्देश विकसित करने के लिए साइबर सुरक्षा विशेषज्ञों, तकनीकी कंपनियों व नागरिक समाज संगठनों सहित हितधारकों के साथ जुड़ना चाहिए।

# जनता को बताएं मोदी सरकार की उपलब्धियां : मनोहर

## पूर्व सीएम ने ली करनाल लोकसभा कलस्टर की बैठक

राजकुमार प्रिंस

**करनाल। पूर्व मुख्यमंत्री** एवं करनाल लोकसभा से प्रत्याशी मनोहर लाल ने गुरुवार को कर्ण कमल कार्यालय में करनाल लोकसभा कलस्टर की बैठक ली। मीटिंग में राज्यसभा सांसद कृष्ण पंवार, सांसद संजय भाटिया, विधायक हरविंद्र कल्याण, विधायक रामकुमार कश्यप, भाजपा जिला प्रधान योगेंद्र राणा व निवर्तमान मेयर रेणु बाला गुप्ता विशेष रूप से मौजूद रहे। मनोहर लाल ने कहा कि पदाधिकारी और कार्यकत्रा हर घर, हर व्यक्ति के पास जाकर वोट मांगें। लोगों को मोदी सरकार की उपलब्धियां गिनवाएं। जनता को बताएं कि किस प्रकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी




के नेतृत्व में देश का चहुंमुखी विकास हुआ है। महिला सशिक्तरण को लेकर सरकार ने क्या.क्या योजनाएं लागू की। युवाओं को रोजगार दिया गया। पीएम मोदी के नेतृत्व में देश की पहचान पूरे विश्व में बनी है।

उन्होंने कहा कि 10 साल के शासनकाल में पीएम मोदी ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्के मकान बनाकर गरीबों को दिए। आयुष्मान और चिरायु कार्ड देकर डबल इंजन की सरकार ने गरीब लोगों को बीमारी में होने वाले खर्च की टेंशन से मुक्त किया। शौचालय और हर घर नल से जल पहुंचाकर मोदी सरकार ने महिलाओं का जीवन सरल बनाने का काम इन 10 सालों में किया है। सरकार ने इतने जनकल्याणकारी काम किए हैं, जिन पर हमें गर्व है। सरकार के कार्यों को लेकर जनता से संपर्क में करने में तेजी लाएं। हर बूथ पर जाकर लोगों से 10 बार भी मिलना पड़े तो मिलकर उन्हें पार्टी हित में वोट डालने के लिए प्रेरित करें। इससे पहले कर्ण कमल कार्यालय में पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने लोगों से मुलाकात की। कई कर्मचारी भी अपनी समस्याओं और मांगों को लेकर मिलने पहुंचे। कई विभागों में भर्ती की प्रतीक्षा कर रहे युवाओं को जल्द भर्ती करने का आश्वासन दिया।

# राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खेवड़ा में प्रवेश उत्सव मनाया

टीम एक्शन इंडिया

**राईः राजकीय मॉडल संस्कृति** वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खेवड़ा में प्रवेश उत्सव मनाया गया। सेवानिर्वत मुख्याध्यापक यज्ञदत्त आर्य जी ने हवन यज्ञ किया। प्रवेश उत्सव में मुख्यातिथि सुश्री सोनिया अग्रवाल वाईस चेयरपर्सन महिला आयोग हरियाणा व विशिष्ट अतिथि योगेश चंद्र खंड शिक्षा अधिकारी राई, अशोक कौशिक सदस्य जिला कष्ट निवारण समिति रहे। मुख्यातिथि सोनिया अग्रवाल ने छात्राओं व महिला अध्यापकों को महिलाओं के अधिकारों के बारे में बताया कि महिलाएं अपने को कैसे बुराइयों का शिकार होने से बचा सकती हैं। उन्होंने बताया किसी भी आपत्ति में 112नम्बर पर कॉल करके सहयोग मात्र 3 से 5 मिनट में ले सकती हैं। उन्होंने बताया कि



बेटियों को गुड टच और बेड टच क्या होता है ये जानकारी अध्यापक लड़कियों को दें। विशिष्ट अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी योगेश चंद्र ने बताया कि इसी सत्र से विद्यालय में सी बी एस ई से पढ़ाई अंग्रेजी माध्यम से होगी। राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल कहीं से भी निजी स्कूलों से पीछे नहीं हैं। ग्रामीण विकास के लिए राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल मील का पत्थर साबित होंगे। विद्यालय के प्राचार्य सुरेंद्र कुमार मेहला ने अतिथियों का सम्मान करते हुए कहा कि हम आगे भी गांव के बच्चों के लिए दिन रात तैयार रहेंगे किसी भी बच्चे को किसी भी तरह की परेशानी नहीं आने दी जाएगी। विद्यालय को सफलता की ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए सदैव प्रयास करते रहेंगे।

## न्यूज फ्लैश

### लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जिला में शराब की अवैध रूप से बिक्री पर पूर्ण अंकुश लगाने के लिए उचित कदम उठाए गए

**सोनीपत। उपायुक्त एवं जिला** निर्वाचन अधिकारी डॉ० मनोज कुमार ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव-2024 के दौरान जिला में शराब की अवैध रूप से बिक्री, भण्डारण एवं अन्य राज्यों से सप्लाई पर पूर्ण अंकुश लगाने के लिए उचित कदम उठाए गए हैं। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए है कि जिला में चुनाव के दौरान कहीं भी शराब की अवैध बिक्री या भण्डारण नहीं होना चाहिए अगर इस कार्य में कोई व्यक्ति संलिप्त पाया जाता है तो उसके खिलाफ तुरंत कार्यवाही करें। इस कार्य में किसी भी प्रकार की ढिलाई सहन नहीं की जाएगी। उपायुक्त ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा बाहर से आने वाली अवैध शराब को रोकने के लिए अंतराज्रीय नाकों पर पुलिस अधिकारियों, एफएसटी तथा एसएसटी की टीमों का भी गठन किया गया है जो वाहनों की चैकिंग करेंगी। उन्होंने कहा कि जिला में अवैध शराब की ब्रिकी व भण्डारण पर नजर रखने के लिए उप-आबकारी एवं कराधान आयुक्त को बतौर नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसके अलावा लोक निर्माण विभाग(भवन तथा मार्ग) में कार्यरत सोनीपत सर्कल के अधीक्षक अभियंता विशाल शर्मा को विशेष चुनाव मजिस्ट्रेट कम नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है जो प्रतिदिन शराब की अवैध बिक्री व भंडारण पर अंकुश लगाने के लिए संबंधित सहायक रिटर्निंग अधिकारी, पुलिस विभाग, आबकारी एवं कराधान विभाग के अधिकारियों, एफएसटी व एसएसटी टीमों के साथ समन्वय स्थापित करें तथा स्वयं भी औचक निरीक्षण कर प्रतिदिन सायं रिपोर्ट उपायुक्त कार्यालय में प्रस्तुत करेंगे। इसके अलावा यह अधिकारी निर्वाचन आयोग के ईएसएमएस पोर्टल पर संबंधित टीमों व विभागों द्वारा सीज की गई वस्तुओं की रिपोर्ट का अवलोकन करने के उपरांत उनकी रिपोर्ट उपायुक्त कार्यालय में प्रस्तुत करेंगे।

### पॉप, ट्रैप और हिप-हॉप! तलवार के फि रोजी फीलिंग्स में आपकी प्लेलिस्ट का हिस्सा बनने का हर गुण मौजूद है!

**नई दिल्ली।** फि रोजी सिटी के 25 वर्षीय गौरव तलवार की धुनों पर झूमने की तैयारी कर लीजिए, क्योंकि यह रैपर/गायक/निमार्ता अपना नया जबरदस्त एल्बम फि रोजी फीलिंग्स लेकर आ रहा है। अपनी बहुमुखी कला के लिए प्रसिद्ध गौरव ने इस एल्बम में तीन अलग-अलग ट्रैक झ फैन, इन माई हेड, और नोटोरियस गर्ल, दिए हैं, जिनमें से प्रत्येक एक अद्वितीय अनुभव प्रदान करता है। इस एल्बम में बीट्स, मेलोडीज और भावनाओं का ऐसा मिश्रण है, जो दिल में उतर जाएगा, और आधुनिक स्टोरी टेलिंग का सार प्रदर्शित करेगा। एल्बम फि रोजी फीलिंग्स तलवार की विशिष्ट शैली में जुनून, पुरानी यादों और बेबाक भावनाओं की दुनिया में ले जाता है। जहाँ फैन की संक्रामक बीट्स में तलवार श्रोताओं को 80 के दशक के पॉप से प्रेरित पुरानी यादों की दुनिया में ले जाते हैं और एक ग्लैमरस शख्सियत के स्थाई आकर्षण में डूब जाते हैं, वहीं इन माई हेड, में कलाकार का आत्मविश्लेषण का सफर शुरू होता है, जो किसी खास के बारे में उनके अटल विचारों की खोज करता है। अंत में तलवार एक क्रांतिकारी गीत, नोटोरियस गर्ल के साथ सावधान रहते हुए एक ऐसी महिला की जीवंत तस्वीर पेश करते हैं, जो हर कदम पर सामाजिक नियमों को चुनौती देती है। यह साहसिक है, बेबाक है, और बेहतरीन है।



अपने एल्बम के बारे में तलवार ने कहा, फि रोजी फीलिंग्स प्यार, चाहत, अनुभव और संगीत की खोज की पराकाष्ठा है। हर ट्रैक मेरी भावना का एक हिस्सा है, जो जीवन और प्रेम के विभिन्न पहलू प्रदर्शित करता है। मुझे एक ही ईपी में संगीत की विभिन्न शैलियों को मिलाने में बहुत मजा आया। मैं यह सफर श्रोताओं से बाँटने के लिए उत्साहित हूँ। मुझे उम्मीद है कि वो मुझे और मेरी भावनाओं को समझेंगे, जो मैंने ईपी का हर ट्रैक बनाने में महसूस कीं। हर नोट में भावनाओं को भरकर तलवार बहुत सुगमता से फ्रीस्टाइल और पूरी तरह से संरचनाबद्ध गाने बनाने की असाधारण क्षमता रखते हैं। वो संगीत की विभिन्न शैलियों में प्रयोग करते हैं, जिसकी वजह से वो उद्योग में एक उभरता हुआ सितारा बन गए हैं।

# स्वामी अभेदानंद जी शारीरिक रूप से उतने सशक्त नहीं थे, जितने वह आध्यात्मिक रूप से सबल थेः मनोहर

## करनाल की जनता सदैव उन्हें एक शिक्षाविद के रूप में स्मरण करेगी : स्वामी रामदेव

राजकुमार प्रिंस

**करनाल। आज ब्रह्मलीन** स्वामी अभेदानंद जी की प्रेरणा सभा (श्रद्धांजलि सभा) सैक्टर-14 के कृष्णा मन्दिर में सम्पन्न हुई। इस अवसर पर विश्व योग गुरु स्वामी रामदेव जी और आयुर्वेदाचार्य बाल कृष्ण उपस्थित रहे। उन्होंने श्रद्धेय स्वामी अभेदानंद जी को श्रद्धांजलि अर्पित की। वे इस संस्थान के आध्यात्मिक, बौद्रिक एवं धार्मिक रूप से संरक्षक रहेंगे। उन्होंने कहा कि स्वामी जी के साथ उनका आत्मीय सम्बन्ध है व रहेगा। उन्होंने इस संस्था की साध्वी बहनों कुमारी समता भारती, कुमारी ज्योति भारती, कुमारी पायल भारती,




कुमारी अंजू भारती और कुमारी प्रोमिला भारती को भविष्य में हर प्रकार का सहयोग देने का आश्वासन दिया। प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर भी इस अवसर पर उपस्थित रहे। उन्होंने भी इस संस्थान को भविष्य में सहयोग देने का आश्वासन दिया और ईश्वर से इस संस्थान की निरन्तर प्रगति के लिए प्रार्थना की। मनोहर लाल ने बताया कि स्वामी अभेदानंद जी शारीरिक रूप से उतने सशक्त नहीं थे, जितने वह आध्यात्मिक रूप से सबल थे। उन्होंने शिक्षा को माध्यम बनाकर 40 हजार से अधिक विद्यार्थियों को शिक्षित एवं जागरूक बनाया।

स्वामी रामदेव जी ने कहा कि हम उन्हें एक कर्मयोगी सन्यासी और एक तपस्वी सन्यासी के रूप में जानते हैं। करनाल की जनता सदैव उन्हें एक शिक्षाविद के रूप में स्मरण करेगी। स्वामी जी ने एसबी मिशन सोसाइटी का निर्माण किया और उसके माध्यम से आज चार विद्यालय करनाल की जनता की सेवा कर रहे हैं, शिक्षा की सेवा कर रहे हैं। मां सरस्वती के अनन्य भक्त रहे पूज्य स्वामी जी महाराज ने पांच साध्वी बहनों को तैयार किया, जिनके माध्यम से आज 3 हजार विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। वह एक लेखक, कवि और गीतकार भी थे। स्वामी रामदेव ने कहा कि उनके गीतों को सुनकर, उनके प्रति हमारी आस्था बढ़ी। आज उनकी आध्यात्मिक चेतना और प्रेरणा के कारण एक संबंध ऐसा बना कि पतंजलि योगपीठ परिवार ने इन संस्था को आगे बढ़ाने का दायित्व लिया है। इस अवसर पर जैन संत श्री पीयूष मुनि जी महाराज, निवर्तमान मेयर रेनू बाला गुप्ता, बीईओ सीमा मदान, डीईओ सुदेश ठकराल, चेयरमैन हरियाणा योग आयोग डा.जयदीप आर्य, एसपी चौहान, ओमवीर राणा, पदमसेन गुप्ता, पूर्व पार्षद युद्धवीर मीतू सैनी, वीरेन्द्र चौहान, संजय बंसल, आरएस पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर रवि विर्क, पतंजलि योगपीठ के सन्यासीवृंद, पतंजलि योग समिति के राज्य प्रभारी ईश आर्य, चन्दपाल योगी, डॉ. अमित पुंज, हरियाणा योग आयोग की पूरी टीम, सभी सामाजिक और धार्मिक संस्थाओं के पदाधिकारी उपस्थित रहे। वीयूएमएम जैन की मुख्याध्यापिका तनूजा सचदेवा और अभेदशक्ति सदन स्कूल की मुख्याध्यापिका पूजा अरोडा ने भी स्वामी जी को श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

# 2 छात्रों का नवोदय विद्यालय में दाखिला होने पर किया सम्मानित



दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्रः राजकीय** प्राथमिक पाठशाला रामगढ के 2 विद्यार्थियों का नवोदय विद्यालय में कक्षा 6 में दाखिला होने पर ग्राम पंचायत रामगढ़ व एस एम सी सदस्यों द्वारा विद्यालय प्रभारी व स्टेट अवार्डी कुलदीप सिंह को शॉल ओढ़ाकर व विद्यार्थी नितिन कुमार व प्राची को सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर प्रबन्धन समिति प्रधान कुलवंत, सरपंच कुमारी अनु मिंटू व अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# चैत्र नवरात्रों को लेकर माता के भक्तों में उत्साह, बड़ी महाकाली मंदिर में हुई तैयारियां शुरू

टीम एक्शन इंडिया

**गन्नौरः नवरात्रि के नौ दिनों** का शुभ आगमन होने ही वाला है, इस बार चैत्र नवरात्र 9 अप्रैल से शुरू है और 17 अप्रैल को इनका समापन होगा। इन नौ दिनों में भक्तगण मां दुर्गा के नौ रुपों की पूजा करते हैं। ऐसे में भक्तगण मां को प्रसन्न करने के लिए अनेकों उपाए करते हैं, ऐसा करने से माता आपके सभी मनोकामनाएं पूरा करेंगी। चैत्र नवरात्र का पर्व धूमधाम के साथ मनाने क्षेत्र के देवी मंदिरो में व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही है। नवरात्र को लेकर श्रध्दालुओं में उत्साह देखने



को मिल रहा है। बड़ी महाकाली मन्दिर के मंहत मंशापुरी महाराज ने बताया कि नवरात्र पर्व के चलते सभी देवी मंदिरो में व्यापक स्तर पर तैयारियां प्रारंभ चल रही है। ज्योति कलश प्रज्जावलित करने के लिये विशेष तैयारी जारी है। मंदिर में नवरात्रों में दूर दराज से माता के भक्त मंदिर तक पहुंचकर मां का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं।

# ग्लोबल एक्सीलेंस अवार्ड समारोह में शिरकत करेंगी अभिनेत्री संगीता बिजलानी

राजकुमार प्रिंस

**करनाल। एंटी करप्शन** फाउंडेशन ऑफ इंडिया द्वारा ह्यूमन राइट्स इंटरनेशनल फेडरेशन, इंटरनेशनल करप्शन कंट्रोल ब्यूरो एंव ट्रैफिक रूल्स एंड रोड सेफ्टी फेडरेशन के सहयोग से ग्लोबल एक्सीलेंस अवार्ड समारोह व नैशनल कॉन्क्लेव का भव्य आयोजन 7 अप्रैल को मनका रिसोर्ट में किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर एक बैठक का आयोजन नैशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा की अध्यक्षता में हुआ। उन्होंने कहा कि फाउंडेशन द्वारा करप्शन फ्री इंडिया अभियान को समर्पित ग्लोबल एक्सीलेंस अवार्ड समारोह व नैशनल कॉन्क्लेव का भव्य आयोजन किया जा रहा है।

# घरों में हुए नुकसान की भरपाई के लिए मुआवजा दें प्रशासनः सुरेंद्र

टीम एक्शन इंडिया

**सोनीपतः विधायक सुरेंद्र पंवार** ने कोठ मोहल्ला में पहुंचकर कालोनिवासियों की समस्याएं सुनी। इस दौरान कालोनिवासियों ने बताया कि उनके घरों में दरार आ चुकी है, घर के कई हिस्से भी धंस चुके है। जिसकी वजह से उनका घरों में रहना खतरे से खाली नहीं है। विधायक सुरेंद्र पंवार ने प्रशासन से मांग की है कि घरों में आई दरार व धंसने की जांच की जाए व जिन घरों में नुकसान हुआ है उनकी जांच करवाकर सरकार व प्रशासन तुरंत प्रभाव से मुआवजा दें। विधायक सुरेंद्र पंवार को कालोनिवासियों ने बताया कि कोठ मोहल्ला में करीब 50 घरों में दरार आ चुकी है। कई मकानों की



दीवार भी धंस चुकी है। मकानों की नींव को खिसकता देख क्षेत्रवासी भयभीत है। लोगों का कहना है कि मकानों में आई दरार का पुख्ता कारण उन्हें भी पूर्ण रूप से पता नहीं है। कोई पेयजल लाइन लीकेज की वजह से दरार बता रहा है तो कोई भूकम्प को मकानों में आई दरार को कारण बता रहा है। विधायक सुरेंद्र पंवार ने मौके पर पहुंचकर सभी घरों का निरीक्षण किया। मौके पर नगर निगम के पेयजल विभाग के अधिकारियों को पेयजल लाइन की जांच करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही सरकार व प्रशासन से जांच व मुआवजे की मांग की है। लोगों ने बताया कि मेहनत मजदूरी करके उन्होंने मकान बनाए थे, लेकिन आज मकानों में जिस तरह दरार व धंस गए है, सभी कालोनिवासी हैरान है। कालोनिवासयों ने प्रशासन से मुआवजे की मांग की है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग डर की वजह से दूसरी जगह भी रहने लगे है। विधायक सुरेंद्र पंवार ने कालोनिवासियों को आश्वासन दिया है कि डीसी को पत्र लिखकर मुआवजे की मांग करेंगे, इसके साथ ही जांच भी करवाई जाएगी। इस दौरान पार्षद सुरेंद्र नैय्यर, देवकीनंदन, विजय, सुनील, जयभगवान, रमेश, सुशील सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# डेटॉल अपनी नई मुहिम के साथ भारत के बड़े सपनों का जश्न मना रहा है

टीम एक्शन इंडिया

**नोएडा।** कीटाणुओं से रक्षा करने वाला भारत के सबसे भरोसेमंद ब्रांड डेटॉल ने भारत की सफलता की कहानी का जश्न मनाते हुए एक नई मुहिम शुरू की है। उपभोक्ताओं को सुरक्षा प्रदान करने और उनके बढ़ते सपनों का सपोर्ट करने के वादे के साथ तीन फिल्में बढ़ती भारतीय महत्वाकांक्षाओं को दिखाती हैं। यह मुहिम बड़े 100 ग्राम डेटॉल बार साबुन (मल्टी-पैक) के लॉन्च को दशार्ती है, जो सभी के बीच स्वच्छता को बढ़ावा देने और भारतीय सपनों को हकीकत में बदलने के लिए ब्रांड की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है।



डेटॉल ने दशकों से उपभोक्ताओं को कीटाणुओं से बचाने का काम बखूबी किया है, जिससे वे निडर होकर अपने सपनों को पूरा करने और सभी बाधाओं से लड़ने में समर्थ हो पाते है। भारत में उपभोक्ताओं ने डेटॉल पर हमेशा भरोसा दिखाया है और इसे अपना भरपूर समर्थन दिया है, जिससे आज यह घर-घर में सुरक्षा और स्वच्छता का पर्याय बन गया है। मुहिम की फिल्में युवाओं की माताओं और शिक्षकों की आंखों के माध्यम से इन प्रतिभाशाली बच्चों के सपनों की बात करती हैं, जो लक्ष्य को पाने में उनकी सफलता की कल्पना करती हैं। डेटॉल के प्रवक्ता ने कहा, दशकों से, डेटॉल पूरे भारत में उपभोक्ताओं को बीमारी पैदा करने कीटाणुओं से सुरक्षा प्रदान करने की मुहिम में अग्रणी रहा है।

# जन्मदिन पर स्कूल में पौधारोपण करके दिया पर्यावरण रक्षा का संदेश

टीम एक्शन इंडिया

**गन्नौरः भारत विकास परिषद** हरियाणा मध्य प्रांत के उपाध्यक्ष संपर्क व ग्रीवेंस कमेटी के सदस्य योगेश कौशिक ने बच्चों के साथ पौधारोपण करके अपना जन्मदिन मनाया। कौशिक ने छात्रों के साथ दर्जन पौधे रोपित करने के बाद संबोधित करते हुए कहा कि जन्मदिन एक बहुत ही खुशी का मौका होता है पर यह खुशी चार गुना हो जाती है अगर हम अपने जन्मदिन को पर्यावरण संरक्षण से जोड़ देते है। इसी प्रकार जन्मदिन को पर्यावरण संरक्षण से जोड़ने का कार्य एक मुहिम के रूप में किया जाना चाहिए। जिसमे लोगों को पौधारोपण के लिए प्रेरित किया



जा सके। आप सभी को भी अपने जन्म दिवस पर फलदार और छायादार पौधे लगाने चाहिए, जिससे हमें ऑक्सीजन भरपूर मात्रा में मिल सके और फलदार पौधों से फल भी ग्रहण कर सके। आने वाले समय में ऐसे लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए समाज के प्रमुख लोगों को भी अपने जन्म दिवस पर अपनी वैवाहिक वर्षगांठ पर पौधारोपण करके उनकी देखरेख का संकल्प लेना चाहिए। खाली जन्मदिन पर पौधे लगाकर ही काम नहीं चलता उन पौधों को जीवित रखने के लिए भी समय-समय पर उन पौधों की देखभाल करनी चाहिए। इस अवसर पर भारत विकास परिषद के अध्यक्ष राजेंद्र कौशिक, सचिन, अंकित त्यागी एडवोकेट, नेहा त्यागी, मनीष जैन, निशि पाहुजा, गौरव शर्मा, निशा कौशिक आदि सदस्यों ने छात्रों को लड्डू बाटकर मीठा मुंह करवाया।

# सरस्वती वंदन व हवन से आरम्भ हुआ प्रयास इंटरनैशनल स्कूल का नया शैक्षणिक सत्र

टीम एक्शन इंडिया

**गन्नौरः प्रयास इंटरनैशनल** स्कूल का नया शैक्षणिक सत्र हवन व सरस्वती वंदन से आरम्भ हुआ। स्कूल के सभागार में सभी बच्चे व अध्यापक हवन में शामिल हुए। स्कूल एम डी अमित बत्रा ,रजिस्ट्रार डॉ मनोज, प्रिंसिपल सुरेंद्र छाबड़ा, वाईस प्रिंसिपल दीपमाला ने सभी बच्चों को आशीर्वाद दिया। नए सत्र को लेकर बच्चों में विशेष उत्साह रहा। प्रिंसिपल सुरेंद्र छाबड़ा ने बच्चों को नई शिक्षा व्यवस्था व स्कूल नियमावली से परिचित कराया। उन्होंने बताया कि इस वर्ष से प्रयास स्कूल में कक्षा 9 से ही



फिजिक्सवाला ग्रुप के विशेषज्ञ कोचिंग कक्षाएं लेंगे। स्कूल एम डी अमित बत्रा ने छात्रों को अनुशासन पूर्ण व्यवहार के लिये प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि नया सत्र आपके लिए शुभ हो।

उन्होंने विद्यार्थियों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि आप आज से ही मेहनत करें और अपने उज्ज्वल भविष्य की ओर अग्रसर हों।

# आवारा पशुओं के आतंक से लोग परेशान: हरीकिशन जिंदल





**मांग...**

8 प्रशासन आजादपुर मंडी से आवारा पशुओं को हटाये और इन पशुओं के मालिको पर कार्रवाई करें: जिन्दल

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: एशिया की** सबसे बड़ी आजादपुर मंडी में वैसे तो कई समस्याएं है, लेकिन आवारा पशुओं की समस्या मुख्य समस्या बनती जा रही है।

लोगों का कहना है कि प्रशासन को आवारा पशुओं के मलिको पर कार्रवाई करनी चाहिए और प्रशासन को आजादपुर मंडी से आवारा पशु को उठवाकर गऊशाला या किसी उचित स्थान पर भेजना चाहिए।

इस मद्दे पर कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष हरीकिशन जिंदल ने कहा कि आजादपुर मंडी में जहां एक ओर अतिक्रमण की समस्या है, जिससे बार-बार जाम लग जाता है, उसके अलावा आवारा पशुओं की समस्या मुख्य है। उन्होंने आगे बताया कि इन आवारा पशुओं की वजह से कई बार आजादपुर मंडी में आने वाले लोग चोटिल भी हो चुके है, लेकिन प्रशासन इन आवारा पशुओं के मलिको पर कार्रवाई करने में रूचि नहीं दिखाता है। पूर्व जिला अध्यक्ष हरीकिशन जिन्दल ने आगे बताया कि आवारा पशुओं के जो मलिक है, वह दूध निकालकर गाय को आजादपुर मंडी या रोड़ पर छोड़ देते है जिस कारण से रोड़ पर कई एक्सीडेंट भी हो चुके है। लेकिन प्रशासन इस पर ध्यान नहीं दे रहा है, जिस कारण से लोगों को परेशान होना पड़ता है। पूर्व जिला अध्यक्ष कांग्रेस हरीकिशन जिंदल ने प्रशासन से मांग करते हुए कि कहा कि प्रशासन आजादपुर मंडी से आवारा पशुओं को हटाये और आवारा पशुओं के मालिको पर भी नियमानुसार कार्रवाई करें, जिससे की जनता को राहत मिल सके।

## मोदी की गारंटी मतलब विकास की गारंटी: राज खुराना



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: मॉडल** टाउन विधानसभा क्षेत्र स्थित गुजरांवाला टाउन पार्ट में रहने वाले व पूर्व निगम पार्षद राज खुराना ने कहा कि देश के लिए गर्व और गौरव का विषय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र व प्रदेश की भाजपा सरकार तेजी से लोककल्याण कर रही है व जनहित के लिए संकल्पित है।

**विकास का दूसरा नाम ही है मोदी:** राज खुराना ने कहा कि राजनीति देश के गौरव नरेंद्र मोदी के हाथों में आते ही राजनीति त्याग और तपस्या बन गई जिनके पीएम बनने के बाद देश में विकास गंगा की भांति बह रहा है।

**देश की सेवा ही भाजपा का संकल्प:** राज खुराना ने कहा कि मोदी के पीएम बनने से देश का सम्मान बढ़ा है। भारत की विश्व में जय जयकार हो रही है। वहीं उन्होंने यह भी कहा कि राजनीति कांग्रेस के हाथों में जाकर भ्रष्टाचार बन गई थी।

## पंजाबी सभा कमेटी ने की कई पदों पर नियुक्तियां





**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: मॉडल** टाउन विधानसभा क्षेत्र के स्थित मॉडल टाउन पार्ट-दो में पंजाबी सभा नॉर्थ वेस्ट ने सदस्य, उपाध्यक्ष, एग्जीक्यूटिव मेंबरों के पदों पर नियुक्तियां की गई है। जिसमें की विनोद वधवा, संजय सहगल, विजय मेहता को सभा में उपाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया है। तो वहीं शिव शंकर नरूला को एग्जीक्यूटिव मेंबर बनाया गया है। कार्यक्रम के दौरान पंजाबी सभा नॉर्थ वेस्ट के अध्यक्ष राकेश साहनी, महासचिव निर्भय नरूला द्वारा नियुक्ति पत्र भी सौंपा गया। इस मौके पर विनोद वधवा ने कहा कि मुझे सभा में पदभार सौंपने के लिए मैं सभा के अध्यक्ष राकेश साहनी व सभा के महासचिव निर्भय नरूला का आभार व्यक्त करता हूं। तो वहीं विजय मेहता ने कहा कि जिस विश्वास से सभा ने मुझे जिम्मेदारी दी है मैं उसे हरहाल में निभाउंगा व जनसेवा के लिए हमेशा तैयार रहूंगां।

## देश में फिर लहरायेगा भाजपा का परचम: धर्मवीर यादव



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: भाजपा नेता** धर्मवीर यादव ने कहा कि दिल्ली की सातों सीटों पर भाजपा का परचम लहरायेगा, क्योंकि दिल्ली की जनता भाजपा के कार्यों से काफी ज्यादा खुश है। उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में विकास की विकास करके दिखाया है, आज देश के लोग भाजपा के कार्यों से काफी ज्यादा खुश है। उन्होंने आगे बताया कि हम जनसंपर्क के दौरान जहां पर भी जा रहे है, हमें जनता का अच्छा रिस्पोंस मिल रहा है और भारतीय जनता पार्टी के कार्यों व नीतियों से लोग काफी ज्यादा खुश है। उन्होंने आगे बताया कि भारतीय जनता पार्टी ने जो कहा है, वह करके दिखाया है, भाजपा राज में आज शहर व गांव दोनों जगहों पर विकास ही विकास देखने को मिल रहा है, यही कारण है कि किसान भी भाजपा के कार्यों से काफी ज्यादा खुश है।

# त्रिनगर: पद यात्रा कर भाजपा प्रत्याशी प्रवीण खंडेलवाल के लिए कार्यकर्ताओं ने मांगें वोट







**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: चांदनी चौक** लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी प्रवीण खंडेलवाल के लिए कार्यकर्ताओं ने चांदनी चौक लोकसभा क्षेत्र के अंतगर्त आने वाली झुग्गी-बस्ती में डोर-टू-डोर जनसंपर्क कर प्रचार प्रसार किया। इस दौरान झुग्गीयों में आमजनों से संपर्क साध लोगों से भाजपा प्रत्याशी प्रवीण खंडेलवाल को जिताने की अपील की गई। मौके पर मौजूद भाजपा नेता संजय शर्मा ने बताया कि लोकसभा क्षेत्र में आने वाली सभी झुग्गी-बस्तियों में जाकर लोगों से संपर्क किया जा रहा है, वहीं इसी दौरान कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने घर-घर जाकर पत्रक बांटे व दरवाजों पर स्टीकर चस्पा किए।

**झुग्गी-बस्तियों में जाकर की अपील:** शर्मा ने कहा कि देश व दिल्ली का विकास केवल भाजपा ही कर सकती है, क्योंकि भाजपा के लिए जनता उनका परिवार है न कि वोट बैंक, वहीं उन्होंने प्रत्याशी प्रवीण खंडेलवाल को भारी मतों से जीत दिलवाने के लिए बड़े बुजुर्गों, माताओं, भाईयो, बहनों से आग्रह किया।

**प्रचार-प्रसार में कई लोग रहे मौजूद:** झुग्गी-झोपड़ी अभियान के तहत मौके पर प्रवीण खंडेलवाल की भतीजी पूनम गुप्ता, खंडेलवाल की सुपुत्री श्रद्धा खंडेलवाल के साथ-साथ चांदनी चौक लोकसभा संयोजक, संजय शर्मा, केशवपुरम जिला संयोजक विशाल पांडेय, पूर्व पार्षग्द सुजीत ठाकुर, मंडल अध्यक्ष संजय झा, राव हंसराज, महिला मोर्चा अध्यक्ष चंचल जैन मौजूद रहे।

## गोयल ने भारतीय पुरातत्व विभाग के महानिदेशक को सौंपा ज्ञापन



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: भारतीय जनता पार्टी के** वरिष्ठ नेता व यूनाइटेड हिंदू फ्रंट के अंतरराष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष जय भगवान गोयल ने शालीमार बाग स्थित क्रूर, अत्याचारी औरंगजेब के राज्याभिषेक वाले शीशमहल के पुनर्विकास के लिए जारी किए गए दिल्ली सरकार के निदेर्शों का पुरजोर विरोध किया है, और इसके पुनर्विकास के कार्यों को तत्काल रोकने के संदर्भ में महानिदेशक महोदय भारतीय पुरातत्व विभाग को आज मिलकर एक ज्ञापन सौंपा है। श्री गोयल ने बताया कि एक तरफ आदरणीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पूरे विश्व में सनातन, संस्कृति के प्रचार व प्रसार के लिए कार्यरत हैं तो फिर दिल्ली सरकार द्वारा क्रूर मुगलों के महलों के संरक्षण के लिए रोड़ मैप तैयार करने के निर्देश तो बिलकुल भी स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने ये भी बताया कि जबसे इस औरंगजेब शीशमहल के कायाकल्प करने के निर्देश जारी हुए हैं, तभी से सनातनी हिन्दुओं में इस बात को लेकर काफी रोष है व जबरदस्त तरीके से इसका विरोध भी हो रहा है। श्री गोयल ने इस बात से भी अवगत कराया कि कुछ वर्ष पहले भी भारतीय पुरातत्व विभाग ने इस शीशमहल के पुनर्विकास व संरक्षण के कार्य को क्रियान्वित न करने का निर्णय ले चुका है। औरंगजेब की हिन्दू विरोधी नीतियों से सभी भली भांति परिचित हैं कि किस तरह से हिन्दुओं पर अत्याचार करते हुए जबरदस्ती से उन्हें इस्लाम धर्म कबूल कराया था और तो और गुरूतेग बहादुर जी की जोर जबरदस्ती से कराई गई शहादत को कौन भूल सकता है।

यूनाईटेड हिन्दू फ्रंट जो इस समय भारत को विश्व गुरू बनाने के लिए, सनातन धर्म के प्रचार प्रसार में कार्यरत है, इस बात से दिल्ली सरकार को बताना चाहता है कि अगर किसी भी कारण से इस औरंगजेबी शीशमहल के पुनर्विकास के कार्य का क्रियान्वित किया गया तो, यूनाईटेड हिन्दू फ्रंट दिल्ली के संतो के नेतृत्व में अन्य हिन्दू संगठनों को साथ लेकर जोरदार तरीके से जबरदस्त विरोध करने के लिए बाध्य होगा और सामान्य हालात के बिगड जाने की पूरी जिम्मेदारी दिल्ली सरकार की ही होगी।

## शालीमार गांव: कांग्रेस के कार्यों से खुश है देश के लोग: बालेराम



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: शालीमार** बाग विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस नेता बालेराम ने कहा देश के लोग कांग्रेस के कार्यों से काफी ज्यादा प्रभावित है, हम जहां-जहां पर भी जनसंपर्क के दौरान जा रहे है, देश की जनता कांग्रेस को शासन में देखना चाहती है। क्योंकि कांग्रेस पार्टी की नीतियां बड़ी ही अच्छी है, कांग्रेस पार्टी जो कहती है, वह करके दिखाती है।

**कांग्रेस ने जो कहा, वह करके दिखाया:** बालेराम ने बताया कि कांग्रेस पार्टी का इतिहास रहा है, कांग्रेस पार्टी जो कहती है, वह कर-के दिखाती है, यही कारण है कि आज देश के कोने-कोने में कांग्रेस का सिपाही मौजूद है और देश के लोगों की सेवा कर रहा है।

**देश की जनता कांग्रेस के साथ:** कांग्रेस नेता बालेराम ने आगे बताया कि देश की जनता कांग्रेस के साथ है, हम जहां पर भी जनसंपर्क के दौरान जा रहे, हमें जनता का अच्छा रिस्पोंस मिल रहा है और देश की जनता का मूड़ कांग्रेस की ओर है, क्योंकि कांग्रेस पार्टी जो कहती है, वह करके दिखाती है।

**दिल्ली में विकास कांग्रेस की देन:** कांग्रेस नेता बालेराम ने जानकारी देते हुए बताया कि आज जो आप दिल्ली में विकास देख रहे है, इसका श्रेय केवल कांग्रेस पार्टी को जाता है।

# नरेला के नारायण मंदिर में सुंदरकांड पाठ का आयोजन, श्रद्धालु भक्ति भाव में डूबे







**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: बाहरी दिल्ली** के नरेला में मेन बाजार स्थित नारायण मंदिर में मंगलवार को श्री राम भक्त हनुमान सेवा समिति की ओर से 165 वें मासिक संगीतमय सुंदरकांड पाठ व संकीर्तन का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें श्री राम भक्त हनुमान सेवा समिति के सदस्यों के अलावा सैकड़ो की संख्या में धर्म प्रेमी श्रद्धालु शामिल हुए। संकीर्तन पश्चात विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ो की संख्या में उपस्थित लोगों ने पूरी श्रद्धा भाव के साथ प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ कमाया। बाहरी दिल्ली के नरेला में झंडा चौक स्थित नारायण मंदिर में मंगलवार को श्री राम भक्त हनुमान सेवा समिति की ओर से मासिक सुंदरकांड पाठ एवं संकीर्तन का आयोजन बड़े ही धूमधाम से किया गया। संगीतमय सुंदरकांड पाठ पं. ललित वशिष्ठ द्वारा किया गया। संगीतमय सुंदरकांड का प्रभावी पाठ सुन श्रोता भाव विभोर हो गए। सुंदरकांड की संपूर्णता उपरांत भजन गायको मनोज भारद्वाज, संजय वर्मा ने हनुमान जी पर आधारित भजनों की एक से बढ़कर एक शानदार प्रस्तुति देकर माहौल को भक्तिमय बना दिया। और श्रद्धालुओं ने जय श्री राम के जयकारे लगाए। श्रद्धालुओं को सुंदरकांड पाठ का महत्व बताते हुए पंडित ललित वशिष्ठ जी ने कहा कि सुंदरकांड का जीवन में विशेष महत्व है। हनुमान जी से हमें बेहतर प्रबंधन की शिक्षा मिलती है। जो भी भक्तजन उनकी शरण में जाता है, उन पर भगवान श्री राम की कृपा खुद- ब- खुद हो जाती है। साथ ही हनुमान जी की भक्ति करने वाले भक्तजन सभी प्रकार के दुःखो से छुटकारा पा जाते हैं। श्री राम भक्त हनुमान सेवा समिति के प्रधान विकास बंसल ने बताया कि समिति की ओर से हर महीने के पहले मंगलवार को मासिक सुंदरकांड पाठ का भव्य आयोजन किया जाता है। समिति द्वारा पिछले 14 साल से निरंतर सुंदरकांड पाठ व संकीर्तन का आयोजन किया जा रहा है। आज मंगलवार को 165वां आयोजन है। सुंदरकांड पाठ व संकीर्तन पश्चात विशाल भंडारे में सैकड़ो लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ कमाया। सुंदरकांड पाठ में राम भक्त सेवा समिति के प्रधान विकास बंसल, सुनीता गर्ग, निपुण गुप्ता, सुनील कौशिक, पुनीत गर्ग, सुंदर मित्तल, सनी भारद्वाज, प्रमोद गर्ग, माया देवी, सुजाता भारद्वाज, नीलम, स्नेहलता सहित सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# महिलाओं का अपमान करना राहुल गांधी और उनकी टीम की बन गई है फितरत: सुभाष बराला

**टिप्पणी**

8 भाजपा नेत्री हेमा मालिनी पर रणदीप सुरजेवाला की टिप्पणी अशोभनीय, तुरंत मांगनी चाहिए माफी : बराला



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

भाजपा के लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक एवं राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने कहा कि अभद्र टिप्पणियां करके महिलाओं को अपमानित करना राहुल गांधी और उनकी पूरी टीम की फितरत बन गई है। श्री बराला ने भाजपा नेत्री हेमा मालिनी पर कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला द्वारा की गई टिप्पणी को अशोभनीय बताते हुए कहा कि सुरजेवाला को तुरंत माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों भी कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सुप्रिया ने भी महिला होते हुए कंगना रनौत के लिए अभद्र टिप्पणी की थी। श्री बराला ने कहा कि राहुल गांधी और उनकी पूरी टीम का महिलाओं के प्रति कितना सम्मान है यह उनकी टिप्पणियों से झलकता है। सुभाष बराला गुरुवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय मंगल कमल रोहतक में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

सुभाष बराला ने कहा कि कांग्रेस पार्टी में राहुल गांधी, रणदीप सुरजेवाला, दिग्विजय सिंह की बात करें तो इन लोगों ने अपनी अभद्र बातों से कई बार महिलाओं को अपमानित किया है। उन्होंने कहा कि देश की आधी आबादी कांग्रेस को भविष्य में आइना दिखाने का काम करेगी। महिलाओं पर बार-बार टिप्पणियां करना यह दशार्ता है कि कांग्रेस पार्टी में किस तरह से लोगों को ट्रेनिंग दी जाती है। उन्होंने कहा कि एक विशेष प्रकार की ट्रेनिंग लेकर कांग्रेस के नेता महिलाओं का अपमान करते हैं।

सुभाष बराला ने कहा कि कुछ दिन पहले भी रणदीप सुरजेवाला ने भाजपा के वोटरों के लिए अपमानजनक बात कही थी। वीडियो से छेड़छाड़ करने के बारे में पूछे गए एक सवाल पर श्री बराला ने कहा कि होना तो यह चाहिए कि श्री सुरजेवाला संबंधित महिलाओं से माफी मांगे, उलटा दूसरे लोगों पर ही आरोप लगा रहे हैं। बराला ने कहा कि सुरजेवाला की इन हरकतों को हरियाणा की जनता माफ नहीं करेगी।

लोकसभा और उसके बाद विधानसभा के चुनाव में जनता कांग्रेस को घटिया टिप्पणी का जवाब देगी और जमीन दिखाने का काम करेगी। राहुल गांधी के बारे में बोलते हुए श्री बराला ने कहा कि राहुल गांधी भी बार-बार महिलाओं का अपमान करते हैं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर अभद्र टिप्पणियां करते हैं। देश की जनता देख रही है।

उन्होंने कहा कि राहुल गांधी और उनकी पूरी टीम को देश की जनता से, हेमामालिनी से और कंगना रनौत से माफी मांगनी चाहिए।

पत्रकार द्वारा पूछे गए एक सवाल का जवाब देते हुए सुभाष बराला ने कहा कि भाजपा 10 की 10 लोकसभा सीटें बड़े मार्जिन से जीत रही है।

# पाइट में युवा उद्यमियों का मंत्र- कॉलेज टाइम में ही स्टार्टअप शुरू कर दें, ठहराव भी है जरूरी

**करिअर**

8 *एन्टरप्रन्योर समिट, कानुपर से लेकर बेंगलुरु तक से उद्यमियों ने किया प्रेरित*



***टीम एक्शन इंडिया/ समालखा 4 अप्रैल ( कुलदीप सिंह )**

अगर आप अपने **करिअर** में सफल होना चाहते हैं तो जीवन में ठहराव अवश्य लाएं। इसके साथ ही स्टार्टअप के लिए कॉलेज का समय ही सबसे श्रेष्ठ होता है। क्योंकि तब आपके सामने कोई डर या चिंता नहीं होती। पढ़ाई को किसी भी स्तर पर दरकिनार न करें। ये टिप्स पानीपत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नॉलोजी में युवा उद्यमियों ने कॉलेज के छात्र-छात्राओं को दिए।

कॉलेज में एन्टरप्रन्योर क्लब हस्लर एवं बीबीए विभाग ने एन्टरप्रोन्योर समिट का आयोजन किया। समिट के दूसरे दिन क्रिब के सीईओ सन्नी गर्ग, हैमर के संस्थापक रोहित नंदवानी, ए टीपिक्ल एडवांटेज की सहसंस्थापक गीतिका मेहता, एनग्यूरस के निदेशक लोकेशपुरी गोस्वामी और शेफलिंग के संस्थापक रौनीत गंभीर ने प्रेरित किया। इससे पूर्व पानीपत ग्रामीण से भाजपा नेता एवं निवर्तमान पार्षद विजय जैन ने समिट का शुभारंभ किया।सन्नी गर्ग ने कहा कि आपके पास किसी समस्या का सरल उपाय है और इससे आप बाजार में आय का जरिया बना सकते हैं, उसे ही सामान्य शब्दों में स्टार्टअप कहा जाता है। कॉलेज लाइफ में रिस्क लो। इस समय आपके ऊपर जिम्मेदारी का बोझ नहीं होता। आपके सफल होने की संभावनाएं अधिक होती हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### पूरा फोकस ब्रज भूमि, न्यायालय में है केस, श्रीकृष्ण जन्मभूमि मामले पर मथुरा में बोले योगी आदित्यनाथ

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**

मथुरा में गुरुवार को भाजपा प्रत्याशी हेमा मालिनी के पक्ष में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जनसभा को संबोधित करने पहुंचे। सीएम योगी ने भगवान श्रीकृष्ण की धरा से राधे-राधे बिहारी लाल की जय के स्वरों से अपने संबोधन की शुरूआत की।सीएम योगी ने कहा हेमा ने इस क्षेत्र को नई पहचान दी है। मथुरा से हेमा मालिनी को तीसरी बार नामांकन करने की बधाई। उन्होंने आगे- कहा नामांकन की प्रक्रिया पूरी होने पर हर दल का प्रत्याशी आएगा। किसी भी दल में प्रत्याशी ढूंढे नहीं मिल रहा है। उधार में प्रत्याशी ला रहे हैं।उन्होंने आगे कहा- कन्हैया के बारे में कहा जाता है, उन्होंने 16 कला के साथ अवतार लिया। आज कला जगत की हेमा मालिनी मैदान में हैं। मैं कुछ दिन पहले यहां आया था। आज फिर आया हूं।सीएम योगी ने पीएम मोदी की तारीफ करते हुए कहा- चारों ओर से मोदी जी के लिए एक ही आवाज आ रही है। भारतवासियो ने ऐसी सरकार देखी जिसने राष्ट्रीय स्वाभिमान को 56 इंच चौड़ा किया।कांग्रेस को 60 वर्ष तक शासन का अवसर मिला। काशी में भी 60 वर्ष राज किया उसके बारे में क्यों नहीं सोचा। मथुरा वृन्दावन के बारे में क्यों नहीं सोचा। मथुरा की सांसद हेमा बनी तब उनके सुझाव पर विकास के कार्य आगे बढ़ाये। अयोध्या में राम मंदिर के लिए पांच सौ वर्ष इंतजार और संघर्ष किया। अयोध्या में अब प्रभु राम का स्मरण होगा। सीएम योगी ब्रज की बात करते हुए कहा- अयोध्या में रामलला विराजमान होने के बाद वहां के लोगों की आय भी बढ़ी है। श्री कृष्ण जन्मभूमि का मामला भी न्यायालय में चल रहा है। अब हमें पूरा फोकस ब्रज भूमि पर करना है। ब्रज चौरासी कोस, बरसाना गोवर्धन में यहाँ की जनभावना के साथ कार्य आगे बढ़ रहे हैं।

### सपा काँग्रेस गठबंधन प्रत्याशी के रूप में मुकेश धनगर ने किया नामांकन

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**

उत्तर प्रदेश के मथुरा से सांसद हेमा मालिनी ने बृहस्तपतिवार को अपना नामांकन भरा। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह उनके साथ मौजूद रहे। हेमा मालिनी तीसरी बार भाजपा से प्रत्याशी हैं। उन्होंने कहा कि तीसरी बार मथुरा के लोगों की सेवा करने का मौका पाकर मैं बहुत खुश हूं।कहा कि जो काम पिछले दो कार्यकाल में नहीं पूरे हो सके हैं, तीसरी बार में मैं वह सभी काम पूरा करूंगी। मथुरा के लोगों के लिए विकास की नई परियोजनाएं लाएंगे। कहा कि इस काम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी हमारी हर संभव मदद करेंगे।बता दें, इस बार कांग्रेस लोकसभा चुनाव के लिए प्रत्याशी घोषित करने में सबसे पीछे रही। अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाज विजेंदर सिंह का नाम कान्हा की नगरी से प्रत्याशी के रूप में लगभग तय था, लेकिन बुधवार दोपहर वे भाजपा में शामिल हो गए। विजेंदर सिंह के भगवा दल में जाने के बाद कांग्रेस ने देर शाम पार्टी के प्रदेश महासचिव मुकेश धनगर पर दांव लगाया।भाजपा और बसपा से जाट प्रत्याशी होने के कारण कांग्रेस में टिकट मुकेश के हाथ लगी। कांग्रेस में टिकट के लिए लंबी दावेदारी थी। जिलाध्यक्ष भगवान सिंह वर्मा, पूर्व विधायक अनिल चौधरी और मुकेश धनगर का नाम पहले से दावेदारों में था, लेकिन इस बीच हरियाणा के भिवानी निवासी मुक्केबाज विजेंदर सिंह का नाम लगभग तय हो गया।भाजपा ने जाट समाज से फिल्म अभिनेत्री हेमा मालिनी को प्रत्याशी बनाया है, तो बसपा ने जाट समाज से ही पूर्व आईआरएस सुरेश सिंह को मैदान में उतारा है। ऐसे में कांग्रेस विजेंदर सिंह को मैदान में उतारकर चुनाव फंसाना चाह रही थी। विजेंदर भी यहां से चुनाव लड़ने को तैयार थे, लेकिन उनका मन भाजपा की तरफ हो गया।सूत्रों का कहना है कि पार्टी में टिकट घोषित होने में देरी हो रही थी। ऐसे में विजेंदर का भाजपा से संपर्क हुआ।

मंगलवार को दोपहर तक स्थानीय कांग्रेस नेता विजेंदर को ही प्रत्याशी मान रहे थे, लेकिन विजेंदर के भगवा दल में जाने की भनक कुछ पार्टी नेताओं को लगी, ऐसे में मंगलवार शाम तक उनको लड़ाने पर असमंजस रहा। बुधवार को विजेंदर ने भाजपा की सदस्यता ली। ऐसे में दोनों पार्टी से जाट नेताओं के बीच मुकेश धनगर के हाथ टिकट ली। इसके पीछे ये भी कारण है कि करीब सवा लाख से अधिक धनगर मतदाता हैं।

### भाजपा मैं गुटबाजी चरम पर मुख्यमंत्री के कार्यक्रम मैं जिला संगठन नदारत

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**

जनपद में सबसे मजबूत संगठन भाजपा को माना जाता है पर अंदर खाने सब कुछ ठीक ठाक नही चल रहा संगठन की ताकत और कमजोरी किसी के छुपाए नहीं छुप सकती, लोकसभा चुनाव मैं सबसे मजबूत मानी जाने वाली सीट मथुरा पर दो बार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को आना पड़े इसके मायने बहुत कुछ वया कर रहे हैं। प्रबुद्ध वर्ग के नाम पर हुए आयोजन को भी अगर देखा जाय तो आज तक कभी भाजपा संगठन मैं जो अव्यवस्था नही रही वो गुटबाजी के कारण देखने को मिली आज भी जिला कार्यकारिणी जिले के कार्यक्रम से नदारत रही

# मजबूत लोकतंत्र प्रणाली में सभी मतदाता निभाए अपनी भागीदारी : विक्रम सिंह

**जागरुक**

8 जिला निर्वाचन अधिकारी ने व्यापार मंडल के साथ मीटिंग कर मतदान के प्रति किया जागरुक



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद**

जिला निर्वाचन अधिकारी कम डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के पर्व में जिला फरीदाबाद में हर मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर मजबूत लोकतंत्र प्रणाली का भागीदार बने। उन्होंने कहा कि शहर के व्यापारियों, दुकानदारों, नौकरीपेशा, बुजर्गो व युवाओं को इसमें बढ़चढकर अपनी भागेदारी निभानी चाहिए। जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह सेक्टर-12 स्थित लघु सचिवालय के कांफ्रेंस हॉल में व्यापार मंडल के पदाधिकारियों के साथ मीटिंग कर उन्हें मतदान करने के प्रति जागरुक कर रहे थे। इस मौके पर मुख्य रूप से व्यापार मंडल के प्रधान राजेश भाटिया, बंसीलाल कुकरेजा, गगन अरोड़ा सहित अन्य व्यापारी मौजूद थे। विक्रम सिंह ने कहा कि प्रत्येक मतदाता को मतदान केंद्र में अपने मत की गोपनीयता बनाए रखना अनिवार्य है। यह मतदाता की नैतिक जिम्मेवारी भी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि मतदाता के पास पुराना एपिक कार्ड है तो भी वह वोट डाल सकता है, बशर्ते कि उसका नाम उस क्षेत्र की मतदाता सूची में होना चाहिए। यदि किसी मतदाता का नाम मतदाता सूची में नहीं है तो वह वोट डालने के लिए मतदान केंद्र पर अपना आधार कार्ड या वोटर कार्ड या अन्य कोई पहचान पत्र दिखाता है तो उसे वोट डालने नहीं दिया जाएगा। कोई भी मतदाता केवल तभी वोट डाल सकता है जब उसका नाम मतदाता सूची में दर्ज हो। व्यापार मंडल के प्रधान राजेश भाटिया ने कहा कि प्रजातंत्र प्रणाली में मतदान जरुरी है, वोट ही हमें सरकार चुनने की ताकत देता है। सभी व्यापारियों को भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार अपने मतदान के अधिकार का प्रयोग करना चाहिये। उन्होंने जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी विक्रम सिंह को विश्वास दिलाया कि शहर के व्यापारी लोकतंत्र के इस पर्व में बढ़चढकर हिस्सा लेकर मजबूत सरकार चुनेंगे।इस अवसर पर ब्यापार मंडल फरीदाबाद के पदाधिकारी नीरज मिगलानी, बंसीलाल कुकरेजा, गगन अरोड़ा, नंदराम पाहिल, आई.एस जैन, हरिराम सरोत, आलोक कुमार, राकेश पुरुथी, नीरज भाटिया, राम मेहर, रिंकल भाटिया, सुनील दत्त तंवर वह अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे

# आप के प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा गुहला चीका के गांवों में जनसभा करेंगे

***टीम एक्शन इंडिया/गुहला, चीका/कैथल, 4 अप्रैल***

आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा शुक्रवार को गुहला चीका के गांव अटेला, आंधली और चांनचक में जनसभा करेंगे। इस दौरान ग्रामीणों के सामने भाजपा की जनहित विरोधी नीतियों की पोल खोलेंगे। एससी सेल के जिला अध्यक्ष जसविंदर खरकां ने जानकारी देते हुए बताया कि इंडिया गठबंधन के तहत आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार डॉ. सुशील गुप्ता के समर्थन में प्रचार करेंगे।



उन्होंने कहा कि भाजपा देश के लोकतंत्र और संविधान को खत्म करके तानाशाही का राज लाना चाहती है। लेकिन अब प्रदेश की जनता भाजपा सरकार की मंशा समझ चुकी है। इसलिए इस बार हरियाणा और कुरुक्षेत्र लोकसभा की जनता बदलाव के लिए तैयार है।

उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी डॉ. सुशील गुप्ता के साथ पूरे लोकसभा क्षेत्र की जनता है। हर हलके में उन्हें भरपूर सम्मान और जनता का प्यार मिल रहा है। वहीं बीजेपी के प्रत्याशी नवीन जिंदल मजबूरी के उम्मीदवार हैं।

बीजेपी को जब कोई नहीं मिला तो नवीन जिंदल को ईडी के डर से शामिल करवाकर उम्मीदवार बना दिया। जनता नवीन जिंदल को वोट की चोट से सबक सिखाने का काम करेगी।

### भीड़ का दबाव बांके बिहारी मंदिर में दर्शन करने आए श्रद्धालु की मौत

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**

बांके बिहारी मंदिर के गेट नंबर-1 पर भीड़ की वजह से श्रद्धालु की तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई. फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो पाई. पुलिस ने श्रद्धालु के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। साथ ही उसके शिनाख्त में जुटी है।बांके बिहारी मंदिर में गुरुवार सुबह करीब 10:30 पर एक अज्ञात श्रद्धालु की अचानक तबियत बिगड़ गई. मंदिर के सुरक्षा गार्ड और पुलिस उसे लेकर जिला सयुक्त चिकित्सालय लेकर पहुंचे।

जिला संयुक्त चिकित्सालय में इमरजेंसी में तैनात डॉक्टर तन्वी दुआ ने जानकारी देते हुए बताया कि सुबह करीब साढ़े दस बजे बांके बिहारी मंदिर से पुलिस द्वारा एक व्यक्ति को लाया गया।

# सरकार सरकारी मंडियां बंद करके बड़े-बड़े घरानों को लाभ पहुंचाना चाहती है: बजरंग गर्ग

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष व हरियाणा कांन्फैड के पूर्व चेयरमैन बजरंग गर्ग ने कहा कि 1 अप्रैल से मंडी में गेहूं की सरकारी खरीद शुरू हो चुकी है मगर सरकार की तरफ से मंडियों में गेहूं व सरसों की खरीद के लिए कोई पुख्ता प्रबंध नहीं है। मंडी में किसी प्रकार की मूलभूत सुविधा तक नहीं है। यहां तक की गेहूं का सरकारी एमएसपी 2275 रुपए प्रति क्विंटल है जिसके 2.5 प्रतिशत के हिसाब से आढ़तियों का 56 रुपए 87 पैसे कमीशन बनता है मगर सरकार आढ़तियों का कमिशन 10 रुपए 99 पैसे कम करके 45 रुपए 88 पैसे देने का आदेश जारी किया है। इसी प्रकार सरकार ने धान का भी कमीशन आढ़तियों का कम किया है। आढ़तियों का कमीशन कम करने से व्यापारियों में सरकार के प्रति बड़ा भारी रोष है जबकि अनेकों सालों से हर अनाज की खरीद मंडियों के आढ़तियों के माध्यम से होती आ रही है और 2.5 प्रतिशत पूरा कमीशन सरकार की तरफ से मिलता था। बजरंग गर्ग ने कहा कि सरकार ने सरसों, सूरजमुखी, चना, बाजरा, मूंग आदि फसलों की सरकारी खरीद आढ़तियों के माध्यम से ना करने से आढ़ती, किसान व मजदूरों में बड़ी भारी नाराजगी है। सरकार को हर अनाज की खरीद मंडी के आढ़तियों के माध्यम से करके



आढ़तियों को 2.5 प्रतिशत पूरी दामी देनी चाहिए। सरकार बड़े-बड़े घरानों को लाभ पहुंचाने के लिए सरकारी अनाज मंडियां बंद करने पर तुली हुई है। सरकार अनाज, सब्जी व फलों के व्यापार पर बड़े-बड़े घरानों का कब्जा करवाना चाहती है अगर ऐसा हो गया तो अनाज, सब्जी व फलों के दाम पहले से दो-तीन गुना देश में ओर बढ़ जाएंगे। श्री गर्ग ने कहा कि बड़े-बड़े घराने पूरे देश में वेयरहाउस व साइलो बना कर अनाज का भंडारण करना चाहते है। सरकार अनाज की खरीद आढ़तियों के माध्यम से ना करके प्राइवेट कंपनियों के माध्यम से या खुद सीधा करना चाहती है जो सरासर गलत है।

अनाज मंडियों में 40 हजार आढ़ती, हजारों गांव में भर्ती करने वाले, लाखों मजदूर, मुनीम, ट्रांसपोर्टर आदि को सीधे तौर पर रोजगार मिल रहा है। अगर सरकार अनाज खरीद आढ़तियों के माध्यम से नहीं करेगी तो लाखों लोग बर्बाद हो जाएंगे। भाजपा सरकार पूरी तरह से आढ़ती, किसान व मजदूर विरोधी सरकार है।

# व्यापारी ना दुकान, ना घर, ना ही सड़कों पर सुरक्षित है: गर्ग

**अपराध**

8 हरियाणा में बेरोजगारी व नशे के व्यापार के कारण लगातार अपराध बढ़ रहा है- बजरंग गर्ग




**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**

हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल की प्रांतीय अध्यक्ष व अखिल भारतीय व्यापार मंडल के राष्ट्रीय मुख्य महासचिव बजरंग गर्ग ने श्री गणेश मेडिकल हाल के मालिक सचिन बंसल से अपराधियों द्वारा फायरिंग करके 20 लाख रुपए की फिरौती मांगने पर पीड़ित व्यापारी से मिले और उनका हर प्रकार का सहयोग करने का आश्वासन दिया। श्री गर्ग ने खराब कानून व्यवस्था के बाबत व्यापारियों की मीटिंग ली और उन्होंने कहा कि अगर 2 दिन के अंदर-अंदर अपराधी नहीं पकड़े गए तो व्यापार मंडल सड़कों पर उतरकर जोरदार प्रदर्शन करेगा। बजरंग गर्ग ने कहा कि अपराधी प्रदेश में खुलेआम दुकानों पर फायरिंग करके फिरौती व मंथली मांग रहे हैं, जिसके कारण व्यापारियों में भय का माहौल है। प्रदेश में हर रोज जगह-जगह अपराधियों द्वारा लूटपाट, फिरौती, हत्या, अपहरण व चोरियों की वारदातें की जा रही है मगर सरकार आंख बंद कर सिर्फ तमाशा देख रही है।

हरियाणा आज क्राईम के मामले में देशभर में अव्वल स्थान पर है। बजरंग गर्ग ने कहा कि हरियाणा सरकार को प्रदेश में अपराध पर अंकुश लगाने के लिए कठोर से कठोर कदम उठाने की जरूरत है। हरियाणा में अपराध के बढ़ने का मुख्य कारण बेरोजगारी व नशे का बढ़ना है। हरियाणा में लगातार बेरोजगारी बढ़ाने के कारण युवा पीढ़ी नशे की दलदल में धंसता जा रहा है जिसके कारण प्रदेश में लगातार अपराध बढ़ रहे हैं। सरकार को युवाओं को रोजगार देने के लिए उचित कदम उठाने चाहिए और अपराध पर अंकुश लगाने के लिए अपराधियों को पड़कर उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करनी चाहिए।

# केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में आप कार्यकर्ता सात अप्रैल को कुरुक्षेत्र में रखेंगे उपवास : अनुराग ढांडा

**प्रेसवार्ता**

8 हिसार, सोनीपत, फरीदाबाद और कुरूक्षेत्र से बीजेपी उम्मीदवारों का विरोध : अनुराग ढांडा



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा ने प्रेसवार्ता कर हरियाणा में हो रहे भाजपा के उम्मीदवारों को लेकर भाजपा सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि भाजपा कुछ दिन पहले जो 400 पार का नारा दे रही थी, वो परिस्थितियां अब पूरी तरह से बदल गई हैं। अब भाजपा को 40 सीटों के लिए भी संघर्ष करना पड़ेगा, अब चीजें उस दिशा में जा रही हैं। भाजपा हरियाणा में लोकसभा चुनाव के लिए अपने 10 उम्मीदवारों की घोषणा कर चुकी है। लेकिन अजीब बात है कि उनके उम्मीदवार कहीं पर भी कैंपेन करते नजर नहीं आ रहे हैं और जिन्होंने कोशिश की उनका हरियाणा के गांवों में जबरदस्त विरोध हो रहा है। सिरसा से भाजपा के उम्मीदवार अशोक तंवर ने अपने कैंपेन की शुरूआत की तो फतेहाबाद के गांव करनौली, अहलीसदर, हुकमावाली, अलिका, कारियां और हड़ोली समेत दर्जन भर गांव ऐसे हैं जहां पर उन्हें जबरदस्त विरोध का सामना करना पड़ा। जहां गांव के लोगों ने सवाल पूछे जिनके सामने भाजपा के उम्मीदवार टिक नहीं पाए और उनको वहां से बिना प्रचार किए लौटना पड़ा। इसके अलावा टोहाना विधानसभा क्षेत्र में खनौरा, अमीम फतेहपुरी समेत कई गांव ऐसे थे जहां तय कार्यक्रम भी विरोध के बाद रद करने पड़े। रतिया के भी कई गांवों में अशोक तंवर को विरोध का सामना करना पड़ा।

उन्होंने कहा कि हिसार लोकसभा से रणजीत सिंह चौटाला को जल्दबाजी में उम्मीदवार घोषित किया गया, क्योंकि भाजपा के पास शायद अपना कोई उम्मीदवार नहीं बचा था। भाजपा ने 85000 वोट लेकर पहले ही अपनी जमानत जब्त करवा चुके रणजीत चौटाला को मौका दिया। उन्होंने भी अपना चुनाव प्रचार शुरू करते हीं ब्राहमण समाज के खिलाफ जिस तरीके का बयान दिया उसके चलते अब उनका घर से निकलना मुश्किल हो रहा है। सोनीपत लोकसभा से भाजपा के उम्मीदवार मोहनलाल बडौली को जींद के नंद गांव में ग्रामीणों के जबरदस्त विरोध का सामना करना पड़ा।

उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र से भाजपा के उम्मीदवार जिनके कोयले के दाग भाजपा की वाशिंग पाउडर मशीन में धोकर जिसे भाजपा मैदान में लाई थी। इस उम्मीद में कि बड़े उद्योगपति हैं और पहले कुरुक्षेत्र से कई बार चुनाव लड़ चुके हैं और शायद भाजपा के लिए कुरुक्षेत्र में अच्छे हालत बन जाएं। जहां से भाजपा पुराने सांसद नायब सैनी को सुरक्षित रास्ता देकर मुख्यमंत्री बनाकर बाइज्जत निकालकर ले गए हैं। नहीं तो बहुत अपमान होता कि प्रदेश अध्यक्ष अपनी खुद की सांसद की सीट हार जाते। उस नवीन जिंदल को भी कलायत में जब वो पार्टी के कार्यकताओं के कार्यक्रम में पहुंचे तो भाजपा के ही कार्यकताओं के विरोध का सामना करना पड़ा। वो भी गांव में अपना कैंपेन शुरू नहीं कर पा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र में भी कृष्णपाल गुर्ज्जर पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए मोहाना गांव के ग्रामीणों ने भी उनका जबरदस्त विरोध किया। इस तरीके से हम हरियाणा में जिस तरफ भी देखते हैं वहां हमें नजर आता है कि भाजपा के जिस भी उम्मीदवार ने चुनाव प्रचार की शुरूआत की उनको जबरदस्त विरोध का सामना करना पड़ रहा है। जहां भी वो जा रहे हैं मोदी की गारंटी नाम के पोस्टर ग्रामीण फाड़ रहे हैं और गांवों में पोस्टर लगाए गए हैं कि यहां पर भाजपा के नेताओं की एंट्री बैन है। बाकी भाजपा के पांच उम्मीरदवार घोषणा के एक सप्ताह से ज्यादा समय होने के बावजूद चुनाव प्रचार में नजर नहीं आए हैं। इससे पता चलता है कि हरियाणा में हालात इंडिया गठबंधन के पक्ष में 10-0 के पक्ष में बढ़ रहे हैं।उन्होंने कहा कि भाजपा के ऐसे ही हालात राजस्थान, गुजरात, जम्मु कश्मीर और दिल्ली में भी देखने को मिल रहे हैं। भाजपा जिस नोर्थ इंडिया से जबरदस्त शासनादेश लेकर पिछली दो बार से चुनाव जीतती रही है वहां पर इस बार जबरदस्त विरोध हो रहा है। इसलिए 400 पार का नारा बुलंद करने वाली पार्टी को इस बार 40 पार भी करना मुश्किल हो रहा है। इन दिनों भाजपा के सारे कार्ड उल्टे पड़ रहे हैं। इन्होंने अरविंद केजरीवाल को अंदर डाला, अब इनको समझ नहीं आ रहा कि उनको अंदर रखें या बाहर।

ACTION INDIA
# एक्शन इंडिया
Front Page - 2
एक्शन इंडिया ▸ करनाल ▸ 05 अप्रैल 2024 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआईः HARHIN / 2016 / 68417
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

# राम आए हैं, कृष्ण भी आएंगेः सीएम योगी

## धर्म की नगरी से बड़ा और साफ संदेश दे गए सीएम योगी आदित्यनाथ

**वोट की अपील**

**सीएम पद की शपथ लेने के बाद वह 39वीं बार सीएम मथुरा पहुंचे। मालिनी के समर्थन में संबोधित किया**



**टीम एक्शन इंडिया**

**मथुराः** उत्तर प्रदेश के मथुरा में बृहस्पतिवार को सीएम योगी आदित्यनाथ पहुंचे। सीएम पद की शपथ लेने के बाद वह 39वीं बार सीएम मथुरा पहुंचे। यहां उन्होंने भाजपा प्रत्याशी हेमा मालिनी के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। सीएम ने विपक्ष को निशाने पर रखकर, सरकार की योजनाएं और उपलब्धियां गिनाईं। जनसभा को संबोधित करते हुए सीएम ने कहा कि मथुरा-वृंदावन की भूमि 'कल' की भूमि है। भगवान कृष्ण के बारे में कहा जाता है कि उन्होंने 16 कलाओं के साथ अपना अवतार लिया था। 'कल' का सम्मान करने के लिए इससे अच्छी भूमि और कोई नहीं हो सकती है। इसीलिए, भारत की सिनेमा जगत की प्रतिष्ठित अभिनेत्री हेमा मालिनी को भाजपा ने यहां से तीसरी बार चुनावी मैदान में उतारा है।

**कांग्रेस को भगवान भी बचाएंगे, इसको लेकर संदेहः** कहा कि हेमा मालिनी ने भारत की नृत्य संस्कृति, सिने संस्कृति को पूरे जगत में पहचान दिलाई है। कांग्रेसियों को यह बात बुरी लगती है। उनको भगवान भी बचा पाएगा या नहीं उसको लेकर संदेह होता है। दूसरे चरण की नामांकन प्रक्रिया आज पूरी होने जा रही है। चुनाव युद्ध स्तर पर आगे बढ़ रहा है। विकास और संस्कृति की चर्चा पूर्व के कार्यक्रम में की। कहा कि चारों ओर एक ही आवाज आ रही है। हर मन में एक ही बात है कि इस बार फिर से मोदी को प्रधानमंत्री बनाना है। पहली बार भारत में भारतवासियों ने देखा है कि उनकी समृद्धि राष्ट्रीय स्वाभिमान के लिए सरकार काम कर रही है।

**काशी विश्वनाथ में मोदी के राज में कॉरिडोर बनाः** विश्व स्तरीय इंफ्रा स्ट्रक्चर से लेकर गरीब कल्याण योजनाओं भारतीय संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए मोदी ने पिछले 10 साल से काम किया। जबकि, 60 वर्ष राज करने वाले कांग्रेस पार्टी ने कोई विकास कार्य नहीं किया। काशी विश्वनाथ में मोदी के राज में कॉरिडोर बना। कांग्रेस में उसके विषय में कभी सोचा नहीं था। कहा कि जनता ने कांग्रेस और सपा को भी अवसर दिया। बसपा को भी अवसर दिया। मगर, सभी पार्टियों ने जनता को ठगा। ब्रज का विकास भी भारतीय जनता पार्टी की सरकार में हुआ है। अयोध्या के लिए 500 वर्षों का इंतजार किया, मगर संघर्ष से कभी पीछे नहीं हटे। मथुरा का मामला भी कोर्ट में है, निश्चित रूप से सफलता मिलेगी। राम आए हैं, कृष्ण भी आएंगे।

### 'राम मंदिर बनने से हर वर्ग खुश'

'सीएम ने कहा कि अयोध्या में पहले मथुरा-वृंदावन की तरह कुंज गालियां थीं। आज वहां पर फोरलेन और सिक्सलेन के हाईवे हैं। अयोध्या में राम मंदिर बनने के बाद वहां हर वर्ग खुश है। वहां समृद्धि आई है। रोजगार के अवसर पैदा हुए हैं। कई गुना लोगों की आमदनी बढ़ गई है। भाजपा ने पहले ही कहा था कि काशी और अयोध्या में जो कार्य करना है, उसको लाइनअप किया है। कहा कि अब लोगों को पूरा फोकस ब्रज भूमि पर करना है। यमुना मैय्या की शुद्धिकरण से लेकर मथुरा-वृंदावन के कुंडो के संरक्षण का काम भाजपा सरकार करेगी। हेमा मालिनी तीसरी बार रिकार्ड मतों से जीत कर संसद में जाएंगी। कहा कि अयोध्या, काशी, मथुरा में सबसे पहले चुनाव मथुरा में हो रहा है। यहीं से संदेश भी जाना चाहिए। मथुरा का संदेश पूरे उत्तर प्रदेश के लिए स्पष्ट होना चाहिए कि काशी का काम हो गया है, अयोध्या में रामलला विराजमान हो गए हैं, अब मथुरा की बारी है।

'हर संभव कराया जाएंगे विकास कार्य' प्रधानमंत्री मोदी ने जिस विकसित भारत की संकल्पना को लोगों के सामने रखा है। उसे विकसित भारत के लिए विकसित उत्तर प्रदेश और उसे विकसित उत्तर प्रदेश के लिए विकसित मथुरा का होना बहुत जरूरी है। सरकार के पास जो संभावना होगी, उसी में विकास कराया जाएगा। कहा कि स्पिरिचुअल टूरिज्म को विकसित किया जाएगा। यमुना शुद्धिकरण के लिए जो कार्य करने होंगे, वह किए जाएंगे। रंगोत्सव, कृष्ण उत्सव के कार्यक्रम कराकर मथुरा की पहचान को आगे बढ़ने का काम भाजपा सरकार ने किया है। नमामि गंगे परियोजना की तर्ज पर यमुना मैय्या को भी शुद्धिकरण से जोड़ने का काम किया जाएगा।

# सपा में घमासान पर विराम

## मेरठ सीट पर भाजपा के अरुण गोविल को टक्कर देंगी सुनीता वर्मा

**टिकट**

**समाजवादी पार्टी ने विधायक अतुल प्रधान का टिकट काटकर सुनीता वर्मा को प्रत्याशी बनाया है**



**टीम एक्शन इंडिया**

**मेरठ-हापुड़ः** सपा में मेरठ-हापुड़ लोकसभा सीट पर टिकट को लेकर देर रात तक चले घमासान पर गुरुवार को विराम लग गया। इस सीट से अब भाजपा प्रत्याशी अरुण गोविल का मुकाबला सुनीता वर्मा से होगा। समाजवादी पार्टी ने विधायक अतुल प्रधान का टिकट काटकर सुनीता वर्मा को प्रत्याशी बनाया है। उन्होंने जिला पंचायत सदस्य बनकर अपने राजनीतिक सफर की शुरूआत की थी। मेरठ इससे पहले मेरठ में बुधवार को अतुल प्रधान ने नामांकन पत्र दाखिल करते हुए कहा था कि मैं हमेशा जनता के बीच रहता हूं। भाजपा ने जिस उम्मीदवार को मेरठ-हापुड़ सीट से उतारा है, इससे ज्यादा मेरठ की जनता का मजाक नहीं हो सकता। भाजपा नेता और उनकी ही पार्टी के कार्यकर्ता नाराज हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने मुझ पर भरोसा जताया है। वहीं गुरुवार को टिकट कटने पर उन्होंने कहा कि पार्टी हाईकमान का निर्णय होगा, उसका सम्मान करूंगा। हस्तिनापुर के पूर्व विधायक योगेश वर्मा ने कहा कि पत्नी सुनीता वर्मा पर भरोसा जताया है। लखनऊ से सिंबल लेकर मेरठ लौटे हैं। आज नामांकन कराएंगे और मजबूती से चुनाव लड़ेंगे। महापौर चुनाव में सुनीता ने भाजपा को हराया था और इस बार लोकसभा चुनाव भी हराएंगे। करीब डेढ़ दशक पहले जिला पंचायत सदस्य बनकर राजनीति में कदम रखने वालीं सुनीता वर्मा नगर निगम के इतिहास में पहली दलित मेयर बनी थीं। प्रदेश की सत्ता पर काबिज भाजपा से मेयर की सीट छीन ली थी।

**2007 में हस्तिनापुर से विधायक बने थे योगेश वर्माः** उनके पति योगेश वर्मा 2007 में बसपा के टिकट पर हस्तिनापुर सीट से विधायक बने थे। 2012 में बसपा से टिकट कटा तो योगेश बगापत में पीस पार्टी से मैदान में कूद पड़े। उन्हें प्रभुदयाल वाल्मीकि से हार का सामना करना पड़ा। 2017 में सुनीता वर्मा मेरठ शहर से महापौर चुनी गईं।

**फास्ट न्यूज**

### जिंदगी के लिए मौत से लड़ता रहा युवक

**टीम एक्शन इंडिया**

**जबलपुरः** जबलपुर में नर्मदा नदी में स्थित भेड़ाघाट धुआंधार में एक युवक फिसल गया। तेज बहाव के साथ युवक करीब एक किलोमीटर तक बहता चला गया। इस दौरान उसने एक चट्टान को पकड़ लिया। वह रात भर चट्टान को पकड़े रहा, जिससे उसकी जान बच गई। सुबह पुलिस ने गोताखोरों की मदद से उसे सुरक्षित बाहर निकाला। युवक का रेस्क्यू करने वाले प्रधान आरक्षक हरिओम सिंह बेस ने बताया कि रीवा कॉलोनी रामपुर निवासी अरुण यादव (20) बुधवार की शाम गाड़ी लेकर घर से निकला था। इसके बाद उसका कुछ पता नहीं चला, रात करीब दस बजे परिजनों ने सूचना दी कि उसके लड़के की गाड़ी भेड़ाघाट स्टैंड पर खड़ी है, लेकिन बेटे का कोई सुराग नहीं मिल रहा है। जानकारी जुटाने पर पता चला कि रात करीब 9 बजे भेड़ाघाट से एक युवक नदी में गिरा है। रात होने के कारण युवक का सुराग नहीं मिला। उसकी तलाश के लिए सुबह रेस्क्यू अभियान शुरू किया गया। इस दौरान भेड़ाघाट से एक किलोमीटर स्वर्गद्वारी में एक युवक के चट्टान पकड़कर लटके होने की जानकारी मिली। स्थानीय गोताखोरों की मदद से रेस्क्यू ऑपरेशन प्रारंभ किया गया। दोनों तरफ चट्टानें होने के कारण रेस्क्यू टीम मुश्किल से मौके पर पहुंची और युवक को सुरक्षित बाहर निकाल कर पिता परम यादव को सौंप दिया।

### मतदान के अंतिम 48 घंटे के लिए दिशा निर्देश जारी

**जयपुरः** लोकसभा आम चुनाव-2024 और बागीदौरा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के उपचुनाव के लिए मतदान के अंतिम 48 घंटे के लिए दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के अनुसार, प्रथम चरण के लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान की समाप्ति के लिए नियत किए गए समय के साथ समाप्त होने वाले 48 घंटों की अवधि 17 अप्रैल को सायं 6 बजे से आरंभ होकर मतदान समाप्ति अवधि 19 अप्रैल को सायं 6 बजे तक प्रभावी रहेगी।

# पूर्व गृह मंत्री ने अनिल विज ने सुरजेवाला को कहा भेड़िया

**टीम एक्शन इंडिया**

**अंबालाः** कांग्रेस नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला द्वारा उत्तर प्रदेश के मथुरा से सांसद और अदाकारा हेमामालिनी पर दिया बयान अब सियासी रूप से नया विवाद खड़ा कर रहा है। इस मामले में वीरवार को एक तरफ तो महिला आयोग ने मामले पर स्वतः संज्ञान लेते हुए सुरजेवाला को नोटिस थमाया है। वहीं हरियाणा के पूर्व गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने रणदीप सिंह सुरजेवाला को भेड़िया



तक कह दिया। विज ने कहा कि सुरजेवाला का हेमामालिनी के बारे में ब्यान देना, कोई नई बात नहीं हैं,

**विवाद**

**महिला आयोग ने रणदीप सुरेजवाला को थमाया नोटिस, पंचकूला में देना होगा स्पष्टीकरण**

ये कांग्रेस का महिलाओं के प्रति दृष्टिकोण है। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार, कांग्रेस की प्रवक्ता सुप्रिया ने भी कंगना रनौत के बारे में भी ऐसी ही टिप्पणी की थी। विज ने पत्रकारों से बात करते हुए यह जवाब दिया। विज ने कहा कि इनके (कांग्रेस) पूर्व प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव ने एक पुस्तक दी इनसाइडर लिखी थी, उस पुस्तक में इनका (कांग्रेस) महिलाओं के प्रति क्या विचार व दृष्टिकोण है, के 767 नंबर पेज पर साफ-साफ लिखा हुआ है। पहले इनकी (कांग्रेस) सोच सुधारनी पड़ेगी और इसके लिए कुछ न कुछ करना पड़ेगा, अगर इस प्रकार के भेड़िए इस तरह की बातें करते हैं। इतना ही नहीं विज ने नाराजगी दिखाते हुए कहा कि सुरजेवाला को मैं बता दूं कि क्या इनकी विचारधारा और क्या सोच है इनके पिता की एक वीडियो वायरल हुई थी उसको निकाल कर देख लो, तो इनकी सोच पता चल जाएगा। वहीं दूसरी तरफ एक मामले की जांच करने अंबाला पहुंची महिला आयोग की अध्यक्ष रेणु भाटिया ने कहा कि रणदीप सिंह सुरजेवाला को हमने नोटिस दिया है।

# संबलपुर यूनिवर्सिटी ने जलगांव यूनिवर्सिटी को 9 विकेट से हराया



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/झुंझुनूंः** श्री जेजेटी यूनिवर्सिटी परिसर में चल रही ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी क्रिकेट चैंपियनशिप के लीग मुकाबलों में वीरवार को संबलपुर यूनिवर्सिटी संबलपुर ने कवयित्री बहिणाबाई चौधरी उत्तर महाराष्ट्र यूनिवर्सिटी जलगांव को 9 विकेट से मात दे दी। लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी फगवाडा ने सौराष्ट्र यूनिवर्सिटी राजकोट को 6 विकेट से तथा हिमाचल प्रदेश यूनिवर्सिटी शिमला ने त्रिपुरा यूनिवर्सिटी को 5 विकेट से हराया। आज यहां मुकाबलों की जानकारी देते हुए चैंपियनशिप के आयोजन सचिव डॉ अरूण कुमार ने सौराष्ट्र यूनिवर्सिटी राजकोट ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। लेकिन लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी फगवाडा के गेंदबाजों ने शुरू से ही मैच पर शिकंजा कसते हुए

**पराजित किया**

**चैंपियनशिप में लीग मुकाबले जारी, एलपीयू फगवाडा ने सौराष्ट्र यूनिवर्सिटी को 6 विकेट से मात दी**

15.2 ओवर में ही 85 रन पर आउट कर दिया। एलपीयू फगवाडा के कप्तान दिपिन ने 4 ओवर में 21 रन देकर 2 विकेट और अंकित ने 3 ओवर में 17 रन देकर 3 विकेट झटके। राजकोट टीम की ओर से केवल कश्यप 17 रन बना सके। इस लक्ष्य का पीछा करते एलपीयू फगवाडा ने अपने कप्तान की 4 छक्के व 8 चौकों की मदद से शानदार अर्धशतकीय पारी 25 गेंद पर 57 रन की बदौलत 8.2 ओवर में ही मैच जीत लिया।

# बागी साथियों को हरीश रावत ने सुनाई खरी-खरी

**टीम एक्शन इंडिया**

**ऋषिकेशः** कांग्रेस छोड़कर भाजपा का दामन थामने वाले पुराने साथियों पर पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने फिर से भड़ास निकाली है। उन्होंने इंटरनेट मीडिया पर बिना नाम लिए अपने पुराने सहयोगियों को खरी-खरी सुनाई। गुरुवार को पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने अपने फेसबुक पेज पर एक पोस्ट साझा की। उन्होंने लिखा कि बिन कहे रहा न जाए, मीडिया कुरेद-कुरेद कर पूछ रहा है कि आपके कई करीबी हैं जिनको सारी नियामतें उनके गले में हार बनाकर डाल दी, वह भी क्यों साथ छोड़ रहे हैं?

**हरीश रावत ने बताया नेताओं के पार्टी छोड़ने का कारणः** हरीश रावत ने लिखा कि सवालों के जवाब पर मैंने कहा हर किसी के नाराजगी के कुछ न कुछ कारण होते हैं। कुछ लोग इसलिए नाराज हैं, वह मेरे कार्यकाल में एक एसडीएम को एडीएम बनाने की सुपारी ले चुके थे। एक पूजनीय इसलिए नाराज हैं, स्वर्गाश्रम ऋषिकेश की कुछ संपत्तियों को मैंने उनके संगठन के नाम पर करने से इनकार कर दिया।

# बाबा तरसेम सिंह की हत्या के चार साजिशकर्ता गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**रुद्रपुर (उधमसिंह नगर):** नानकमत्ता डेरा कार सेवा प्रमुख बाबा तरसेम सिंह की हत्या वर्चस्व को लेकर को गई थी। पुलिस ने इस हत्याकांड में शामिल दोनों अभियुक्तों की मदद करने वाले चार आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। हालांकि इस हत्याकांड के दोनों हत्यारोपित और साजिशकर्ता अभी भी पुलिस की गिरफ्त से दूर हैं। बाबा तरसेम सिंह की हत्या गुरुद्वारा नानकमत्ता साहिब सहित तराई के अन्य डेरों पर वर्चस्व को लेकर की गई थी। इस हत्या के लिए सबरजीत सिंह और अमर जीत सिंह को 10 लाख रुपये की सुपारी दी गई। प्रथम किश्त के रूप में दोनों हत्यारोपितों को एक लाख साठ हजार रुपये एडवांस दिए गए थे। हत्या की इस साजिश में शाहजहांपुर के दिलबाग सिंह, पीलीभीत के अमनदीप सिंह काला,हरमिंदर सिंह और बलकार सिंह भी शामिल थे। आरोपित अमनदीप सिंह नानकमत्ता गुरुद्वारा का कर्मचारी था और उसकी सूचना के बाद ही अभियुक्त सबरजीत सिंह और अमर जीत सिंह ने डेरा कार सेवा परिसर में बैठे बाबा तरसेम की गोली सरकार हत्या की थी। हत्या के बाद दोनों अभियुक्त शाहजहांपुर पहुंचे थे। उन्होंने दिलबाग से पांच लाख रुपये लिए और फरार हो गए। एसएसपी मंजू नाथ टीसी ने गुरुवार को मामले का खुलासा करते हुए बताया कि सीसीटीवी फुटेज और मैनुअल इनपुट के आधार पर एसआईटी की टीम इन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर सकी।

# 'मदरसा बोर्ड को भंग करने के मामले में सुप्रीम कोर्ट जाएगी यूपी सरकार'

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊः** यूपी के अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने कहा कि प्रदेश में जो मदरसे मानकों के अनुरूप काम कर रहे हैं वो चलते रहेंगे। हाईकोर्ट ने धार्मिक शिक्षा देने वाले मदरसों के संबंध में निर्णय दिया था। उन्होंने कहा कि इन मदरसों में पढ़ने वाले छात्रों और शिक्षकों को आसपास के अन्य स्कूलों में समायोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मदरसा बोर्ड के मामले पर यूपी सरकार सुप्रीम कोर्ट जाएगी और अपना पक्ष रखेगी। बता



दें कि बीते दिनों इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मदरसा बोर्ड को अवैध बताते हुए इसे भंग करने का आदेश दे दिया था। अब मामले में यूपी सरकार हाईकोर्ट में अपना पक्ष रखेगी। राजभर ने कहा कि किसी के साथ अन्याय नहीं होगा। वहीं, सपा द्वारा मेरठ व बागपत में बार-बार प्रत्याशी बदलने और रामपुर में नामांकन को लेकर हुए घमासान पर राजभर ने मजाकिया लहजे में कहा कि सपा हमारी मदद कर रही है। भाजपा प्रदेश की सभी 80 सीटों पर जीत दर्ज करेगी। राजभर ने कांग्रेस द्वारा अमेठी व रायबरेली में प्रत्याशी घोषित न करने को लेकर कहा कि वो जानते हैं कि यहां से जीत नहीं मिलने वाली है इसलिए अभी तक प्रत्याशी घोषित नहीं कर सके हैं। इन दोनों सीटों पर भी भाजपा ही जीत दर्ज करेगी।

### चुनाव आयोग ने नवादा में भेज नए डीएम-एसपी

**नवादाः** चुनाव आयोग ने प्रशांत कुमार को नवादा का डीएम तथा कार्तिकेय शर्मा को नवादा के नए एसपी के रूप में पदस्थापित किया है, जो अब नवादा में लोकसभा चुनाव कार्यो का संचालन करेंगे । चुनाव आयोग द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि प्रशांत कुमार को नवादा के डीएम के रूप में पदस्थापित किया गया है, जो अब चुनाव कार्यो का संचालन करेंगे ।वहीं उनके साथ कार्तिकेय शर्मा को नवादा का नया एसपी बनाया गया है । कई आरोपों को ध्यान में रखते हुए भारतीय चुनाव आयोग ने नवादा के डीएम आशुतोष कुमार वर्मा तथा एसपी अम्बरीष राहुल को हटा दिया था।

# गैस वेंडर को गोली मारी, मौत

**टीम एक्शन इंडिया**

**पटनाः** पटना में बेखौफ अपराधियों ने एक गैस वेंडर की गोली मारकर हत्या कर दी। गोली चलते ही वहां अफरातफरी का माहौल हो गया। आननफानन में स्थानीय लोगों ने उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान नालंदा निवासी रंजीत कुमार (40) के रूप में की गई है। घटना कंकड़बाग थाना क्षेत्र का है। घटना की सूचना मिलते ही कंकडबाग की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और मामले की जांच-पड़ताल में जुट गई।

**दो अपराधियों ने दिया घटना को अंजामः** घटना के संबंध में गैस वेंडर के चालक राहुल ने बताया

**बेखौफ अपराधी**

**गोली चलते ही वहां अफरातफरी का माहौल हो गया। अस्पताल पहुंचाया, जहां उसकी मौत हो गई**

कि गुरुवार को वेंडर रणजीत राम के साथ अपने ठेला पर गैस लादकर अशोक नगर में गैस देने जा रहे थे। तभी बाइक पर सवार दो अपराधी वहां आये और रंजीत पर गोली चला दी। गोली रंजीत के सर में लगी। गोली लगते ही वह वहीं जमीन पर गिर पड़ा। इस बीच मोटरसाइकिल सवार वहां से तेजी से भाग निकला। राहुल ने जब पीछे मुड़कर देखा तो रंजीत बीच सड़क पर गिरकर छटपटा रहा था। राहुल ने बताया कि जब वह रंजीत के नजदीक पहुंचा, तो उसके सर से खून बह रहा था। तभी आसपास के लोग वहां पहुंचे। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना कंकड़बाग थाने को दी। सूचना मिलते ही कंकड़बाग थाने की पुलिस और सदर एएसपी स्वीटी शेरावत घटनास्थल पर पहुंची और मामले की छानबीन शुरू कर दी।

**सीसीटीवी खंगाल रही पुलिसः** घटना के संबंध में कंकड़बाग थाना प्रभारी का कहना है कि गैस सिलेंडर रंजीत कुमार को अज्ञात अपराधियों ने गोली मार दी है।

# बिहार में शराब तस्करों से पुलिस की मुठभेड़

**टीम एक्शन इंडिया**

**गोपालगंजः** गोपालगंज में यूपी के शराब माफियाओं ने बिहार पुलिस की टीम पर हमला किया है। फिर पुलिस ने भी कार्रवाई की जिसके कारण शराब माफियाओं को जान बचाकर भागनी पड़ी है। हालांकि पथराव में एक सब इंस्पेक्टर और एक चौकीदार जख्मी हो गए हैं। दोनों घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए सदर अस्पताल गोपालगंज में भर्ती कराया गया जहां जांच और एक्सरे में यह पता चला की सब इंस्पेक्टर सरोज कुमार के दाहिने हाथ में एक गोली लगी है। गंभीर रूप से जख्मी सब इंस्पेक्टर को पटना मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया गया। घटना विशम्भरपुर थाना क्षेत्र के सलेहपुर गांव की है।

**उत्तर प्रदेश के शराब माफिया शराब लेकर घुस रहे थे बिहारः** घटना के संबंध में पुलिस का कहना है कि सूचना मिली थी कि उत्तर प्रदेश के शराब माफिया शराब लेकर लोकसभा चुनाव में खपाने के लिए गोपालगंज की तरफ गंडक नदी के रास्ते प्रवेश कर रहे हैं। सूचना मिलते ही विशंभरपुर थाने की पुलिस ने घेराबंदी कर शराब माफियाओं की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी शुरू कर दी। पुलिस से घिरा देख यूपी के कुशीनगर जिले के शराब माफियाओं ने ग्रामीणों का सहारा लेकर पुलिस टीम पर पथराव और फायरिंग शुरू कर दी। फायरिंग के दौरान गोपालगंज पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई की, जिसमें सब इंस्पेक्टर सरोज कुमार के दाहिने हाथ में गोली लग गई। गंभीर रूप से जख्मी सब इंस्पेक्टर को पटना मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया गया। घटना के संबंध में एसपी स्वर्ण प्रभात ने बताया है कि गंडक नदी का दुर्गम इलाका है, इसलिए शराब माफिया यूपी की तरफ भाग निकले।

**निर्देश**

## रतनगढ़ में अट्ठारह करोड़ की लागत से पहला चरण शुरू

# सड़कों पर अदा नहीं की जाएगी अलविदा और ईद की नमाज

**टीम एक्शन इंडिया**

**बलियाः** पवित्र रमजान माह की अलविदा की नमाज सड़क पर नहीं पढ़ी जाएगी। अलविदा की नमाज और ईद के दिन की नमाज सम्मानजनक तरीके से मस्जिद या ईदगाह के अंदर पढी जाएगी। यह संदेश डीएम रवीन्द्र कुमार ने गुरूवार को जनपदीय शांति समिति की बैठक में दिया। अपनी अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में जिलाधिकारी रवींद्र कुमार ने एक-एक कर सभी शान्ति समिति के सदस्यों से बातचीत कर उनकी



समस्याएँ सुनी और पूरी ज़िम्मेदारी के साथ समाधान कराने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिये। ज़िलाधिकारी ने कहा कि रमजान का महीना चल रहा है और कल अलविदा की नमाज अदा की जाएगी। इसके बाद नौ अप्रैल को चैत्र मास नवरात्रि की शुरूआत हो जाएगी। 10 या 11 अप्रैल को ईद का त्यौहार,14 अप्रैल को अम्बेडकर जयंती और 17 अप्रैल को रामनवमी का त्यौहार मनाया जाना है। जिलाधिकारी ने कहा कि पिछले सभी त्यौहार सकुशल और अच्छे वातावरण में संपन्न हुए हैं। कहा कि सभी जनपदवासी आगामी ईद के त्यौहार सहित अन्य त्यौहारों को भी परम्परागत, पूरे हर्षोल्लास व शांतिपूर्ण ढंग से मनाएं। साफ सन्देश दिया कि जिले में कोई नई परंपरा की शुरूआत नहीं होगी। कहा कि कोई ऐसा कार्य न किया जाए, जिससे किसी की भावना को ठेस पहुँचे। उन्होंने शांति समिति के सदस्यों से कहा कि सड़क पर कोई भी नमाज नहीं पढेगा। उन्होंने अधिकारियों से चैत्र नवरात्रि और रामनवमी के दृष्टिगत मंदिरों की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

**आदेश**

**अलविदा की नमाज और ईद के दिन की नमाज सम्मानजनक तरीके से मस्जिद या ईदगाह के अंदर पढी जाएगी**